
झारखण्ड
25
वर्ष
रजत पर्व
का उत्सव
उद्योग | पर्यटन | शिक्षा | स्वास्थ्य सुरक्षा | आधारभूत संरचना...
अनंत संभावनाओं की ओर...
हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार
PR No. 365812 (IPRD) 2025-26

## रांची में दिव्यांग बच्चों ने राष्ट्रगीत गाकर दिया देशभक्ति का परिचय

**रांची:** झारखंड पैरेंट्स एसोसिएशन की ओर से संचालित 'कोशिश स्पेशल' के 150वां साल पूरा होने के उपलक्ष्य में मंगलवार को रांची में बौद्धिक रूप से दिव्यांग कई बच्चों के लिए ' वंदे मातरम' नामक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में बच्चे, उनके अभिभावक और शिक्षकों ने मिलकर सामुहिक रूप से राष्ट्रगीत 'वन्दे मातरम' गाकर देशभक्ति का परिचय दिया। एसोसिएशन के सचिव दीपा चौधरी ने इस अवसर पर कहा कि 'वन्दे मातरम' के नारे और गीत ने स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान देशवासियों को एक सूत्र में बांधे रखा था। आज भी जिनके दिल में देशभक्ति का जज्बा है, वे इसी सोच के साथ जीते हैं कि देशहित में वह कुछ भी कर सकतें हैं। हम सबों को भी इस भावना को जिंदा रखने की जरूरत है। 'वन्दे मातरम' कार्यक्रम में कृष्णानु रॉय, दीपतेश, अतुलया, सोनाक्षी, प्रिया, मंजूशा, दिव्यांग बच्चों के साथ-साथ उनके अभिभावक और शिक्षक मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने 'रन फॉर झारखंड' को दिखाई हरी झंडी, झारखंड राज्य स्थापना दिवस की दी शुभकामनाएं

**नवप्रदेश, रांची:** झारखंड राज्य स्थापना के 25वें गौरवशाली वर्ष के अवसर पर मंगलवार को रांची के मोरहाबादी मैदान स्थित बापू वाटिका से 'रन फॉर झारखंड' कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसे मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, साथ ही झारखंड रजत जयंती कार्यक्रमों एवं धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती कार्यक्रमों के श्रृंखला की शुरूआत की। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने इस अवसर पर झारखंडवासियों को राज्य स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा, ₹ मैं उन सभी महान आत्माओं को नमन करता हूं, जिनके लंबे संघर्ष, कुबार्नी और शहादत से इस राज्य की पहचान बनी है। झारखंड का यह 25वां वर्ष गौरव, संकल्प और विकास का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'रन फॉर झारखंड' के माध्यम से हम राज्य के प्रति अपनत्व, एकता और विकास की भावना को मजबूती देना चाहते हैं। राज्य स्थापना की यह रजत जयंती 15 नवम्बर को पूरे उत्सवपूर्ण माहौल में मोरहाबादी मैदान में मनाई जाएगी।यह दौड़ मोरहाबादी मैदान से प्रारंभ होकर सैनिक मार्केट, मेन रोड में संपन्न हुई। इस अवसर पर प्रदेश के मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, विधायक सीपी सिंह, विधायक कल्पना सोरेन, मुख्य सचिव अविनाश कुमार, सचिव मनोज कुमार सहित कई प्रशासनिक पदाधिकारी, विद्यार्थी, खिलाड़ी और आम नागरिक उपस्थित थे।

12 नवंबर को को पारंपरिक नृत्य (स्ट्रीट डांस) : - अपराह्न 03:00 बजे से 05:00 बजे तक रांची शहर के विभिन्न स्थलों पर 12 नवंबर को पारंपरिक नृत्य (स्ट्रीट डांस) का आयोजन किया जाएगा। इनमें करमटोली चौक, फिरयालाल चौक, राजेन्द्र चौक, बिरसा चौक, धुर्वा गोलचक्कर, एयरपोर्ट क्षेत्र, मोरहाबादी पार्क, समाहरणालय (वेंडर मार्केट के समीप), रांची रेलवे स्टेशन, नामकुम चौक तथा हटिया (चांदनी चौक) शामिल है।

### साइकिल रैली का आयोजन

राज्य के पर्यटन स्थलों के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के लिए 'नो योर टूरिस्ट पैलेस' नाम से साइकिल रैली का आयोजन होगा। साइकिल रैली 13 नवम्बर को रैली मोरहाबादी मैदान से प्रारंभ होकर लतरातु डैम (रिसोर्ट) तक पहुंचेगी। 14 नवम्बर को रैली लतरातु से रांची के पर्यटन स्थलों का भ्रमण करते हुए खूंटी जिले में रात्रि विश्राम करेगी। 15 नवम्बर को साइकिल रैली खूंटी से भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातू तक जाएगी, जहां श्रद्धांजलि अर्पित कर रैली का समापन किया जाएगा।

### 14 को वॉल पेंटिंग

रांची नगर निगम की ओर से चिन्हित स्थलों पर राज्य स्थापना दिवस की थीम पर आधारित 14 नंबर को वॉल पेंटिंग की जाएगी।

### 15-16 को मुख्य कार्यक्रम

मोरहाबादी मैदान में राज्य स्थापना दिवस का मुख्य राज्यस्तरीय समारोह 15-16 को आयोजित किया जाएगा, जिसमें सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, प्रदर्शनियां एवं सम्मान समारोह जैसे कार्यक्रम शामिल होंगे।

### 16 को जतरा कार्यक्रम

शहर के जेल चौक स्थित बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान से करमटोली चौक होते हुए मोरहाबादी मैदान तक जतरा कार्यक्रम का आयोजन 16 नवंबर को किया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### हटिया निफ्ट के आसपास से हटाया गया अतिक्रमण

**नवप्रदेश, रांची:** रांची नगर निगम के नगर प्रशासक के निर्देश पर राजधानी रांची के हटिया स्थित निफ्ट (नेशनल इंस्?टीच?यूट ऑफ फाउंड्री एंड फोर्ज) की चारदिवारी के ठीक सडक किनारे मंगलवार को अतिक्रमण हटाया गया। इस दौरान निगम कर्मी और पुलिस बल के जवानों ने जेसीबी वाहन से अवैध दुकानों को तोडा। मौके पर स्थानीय लोग, अपनी टूटी हुई दुकानों के समान को दूसरे जगह पर शिफ्ट करते दि?खे। प्रशासक की ओर से बताया गया कि पहले ही सबों को सूचित किया गया था कि वे अपना सामान स्वेच्छा से हटा लें। वहीं दुकानदार रोहित कुमार, रमेश कच्छप, वीणा देवी सहित अन्य लोगों ने बताया कि सडक किनारे दुकान खोलकर किसी तरह आजीविका चला रहे थे। अब घर-बार कैसे चलेगा। मौके पर निगम के कई जवान-पदाधिकारी सहित जगरनाथपुर थाना के जवान मौजूद थे।

### मंदबुद्धि दिव्यांग बच्चों के बीच चार्म्स संस्था ने किया वस्त्र-भोजन का वितरण



**नवप्रदेश, रांची:** चेरिटेबल चार्म्स संस्था की ओर से मंगलवार को मानसिक रूप से कमजोर मंदबुद्धि और दिव्यांग बच्चों के बीच गर्म कपडे और भोजन का वितरण किया गया। संस्था के सदस्यों ने मिलकर पूरे स्नेहभाव के साथ इन बच्चों के बीच समय बिताया। बच्चों के दिल में प्रेम, अपनापन तथा सहयोग की भावना को जागृत किया। इस अवसर पर संस्था की चेयरपर्सन डॉ ख्याति मुंजाल ने कहा कि इस प्रकार की चेरिटेबल मोमेंट्स ही जीवन के असली खजाने हैं। संस्था की ओर से आगे भी ऐसे कार्यक्रम किए जाएंगे। ताकि समाज में जरूरतमंद लोगों के लिए प्रेम, करुणा और सहयोग भावना से कार्य किया जा सके। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्य करके मन को सुकून मिलता है। इसलिए कोशिश रहती है कि वे निंरतर जरूरतमंद लोगों की सेवाकार्य करते रहें। मौके पर बच्चों की देखभाल में सक्रिय सदस्य शीना लिंडा ने कहा कि जरूरतमंद बच्चों के कल्याण के लिए जीना उन्हें अच्छा लगता है। हर बच्चे को प्यार, शिक्षा और सुरक्षित भविष्य मिले इस सोच के साथ वह काम करती है। इस अवसर पर संस्था की चेयरपर्सन डॉ ख्याति मुंजाल, पीआर समिति प्रमुख रूपम झा, प्रभा सिंह, शीना लिंडा सहित अन्य सक्रिय सदस्य मौजूद थे।

### झारखंड के छह जिलों में 13 तक शीतलहर को लेकर येलो अलर्ट

**नवप्रदेश, रांची:** झारखंड के उत्तर-पश्चिमी जिलों में 13 नवंबर तक शीतलहर चलने को लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग ने पलामू, गढवा, लातेहार और चतरा के अलावा छत्तीसगढ से सटे झारखंड के गुमला और सिमडेगा में शीतलहर चलने की आशंका व्यक्त की है। इस संबंध में मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने मंगलवार को बताया कि देश के उत्तरी हिस्सों (जम्मू-कश्मीर और हिमाचाल प्रदेश) में बर्फबारी हो रही है। इससे झारखंड में ठंडी हवाएं प्रवेश कर रही हैं। बर्फबारी के चलते राज्य के वातावरण में नमी बनी हुई और भारी ठंड पड रही है। उन्होंने उत्तरी-पश्चिमी जिलों के अलावा राज्य के अन्य जिलों में रहनेवाले लोगों को भी ठंड से सावधान रहने को कहा है। अभिषेक आनंद ने बताया कि फिलहाल राज्य में मौसम साफ ही बना रहेगा। वहीं पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान 30 .8 डिग्री और सबसे कम तापमान गुमला में 8 .5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मंगलवार को रांची और आसपास के इलाकों में मौसम साफ रहा और सुबह में भारी कनकनी महसूस की गई। वहीं देर रात में कडाके की ठंड महसूस की गई। मंगलवार को रांची में अधिकतम तापमान 27 डिग्री और न्यूनतम तापमान 11 .8 डिग्री, जमशेदपुर में 28 .4 और 13 .8, डालटेनगंज में 28 .6 और 10 .1 डिग्री, बोकारो में 25 .5 और 11 .6 डिग्री और चाईबासा में अधिकतम तापमान 30 .8 डिग्री और न्यूनतम तापमान 14 .6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

## श्री राधा- कृष्ण प्रणामी मंदिर का परिवर्तित समय सारणी हुआ जारी : संजय सर्राफ

**रांची:** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित अरगोड़ा कटहल मोड़ रोड पुंदाग में स्थित झारखंड का सबसे बड़ा सुप्रसिद्ध श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम में प्रतिदिन सैकड़ो श्रद्धालु दर्शन कर रहे हैं। तथा भव्य आकर्षक एवं अनूठा मंदिर को देख मंत्र मुग्ध होकर उत्साहित हो रहे हैं। श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया कि ठंड के मौसम को देखते हुए मंदिर की समय सारणी में थोड़ा परिवर्तन किया गया है। प्रबंध कमेटी के आदेशानुसार सोमवार से रविवार तक मंदिर का पट खुलने का समय प्रतिदिन प्रातः 6:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक, तथा दोपहर 3:00 बजे से रात्रि 8:00 बजे तक, मंदिर बंद होने का समय प्रतिदिन दोपहर 12:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक, तथा आरती का समय प्रतिदिन सुबह 6:30 बजे तथा रात्रि में 7:00 बजे रहेगा। तथा प्रत्येक रविवार को दोपहर 12:00 बजे से अन्नपूर्णा प्रसाद भंडारा एवं भजन-संध्या का आयोजन किया जाता है।

तथा प्रत्येक शुक्रवार को अपराह्न 3 बजे से महिला समिति द्वारा भजन सत्संग का आयोजन होता है। मंदिर में वृंदावन के पुजारी पंडित अरविंद पांडे है जो दिन रात भगवान श्री राधा कृष्ण के सेवा में कार्यरत है।

## प्रभारी पुलिस महानिदेशक तदाशा मिश्रा ने राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से की मुलाकात

**नवप्रदेश, रांची:** झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मंगलवार को राज्य की नवनियुक्त प्रभारी पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) तदाशा मिश्रा ने राज भवन में शिष्टाचार भेंट की। राज्यपाल ने प्रभारी पुलिस महानिदेशक को राज्य में विधि-व्यवस्था को प्रभावी बनाये रखने के लिए कई आवश्यक निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि डीजीपी अनुराग गुप्ता के इस्तीफा देने के बाद तदाशा मिश्रा को छह नवंबर को राज्य सरकार ने प्रभारी पुलिस महानिदेशक बनाया है। वह 1994 बैच की आईपीएस अधिकारी है। तादाश मिश्रा इससे पहले झारखंड पुलिस के गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग में विशेष सचिव के पद पर कार्यरत थीं। तदाशा मिश्रा झारखंड की पहली महिला प्रभारी पुलिस महानिदेशक बनाई गयी हैं।

## झामुमो ने जारी की महानगर संयोजक मंडली सदस्य और प्रखंड कमेटी अध्यक्षों की सूची

नवप्रदेश संवाददाता

**रांची:** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केंद्रीय अध्यक्ष हेमंत सोरेन के निर्देश पर मंगलवार को रांची जिला महानगर संयोजक मंडली के सदस्यों की सूची जारी की गई है। सूची में 24 सदस्यों के नाम हैं। इसके अलावे रांची जिला संयोजक मंडली के निर्देश पर रांची जिला के नामकुम, नगड़ी, बूंडु, तमाड़, कांके, रातु, बेडो, बुढ़मू, चान्हो, खलारी सहित अन्य 18 प्रखंडों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष, सह सचिव के पदाधिकारियों की सूची जारी की गई।

वहीं रांची महानगर संयोजक मंडली में मुख्य रूप से अंतू तिर्की, पवन जेडीया, नयनतारा उरांव, विरु तिर्की, अफरोज अंसारी, रामशरण विश्वकर्मा, मधु तिर्की, अंकिता वर्मा, अंकिता वर्मा, सुषमा वरदेवा, अनूप सिंह, विश्वजीत गोप, मोहमद साजिद, आशुतोष कुमार सोनू, अश्विनी शर्मा, हेमलाल मेहता हेमू, फरीद खान, रोशन कुमार, मनींद्र सिंह, प्रदीप मिर्धा, विक्रम सिंह, अरुण वर्मा, विजय महतो, शमशाद मल्लिक उर्फ भोलू मलिक, कुलदीप कुमार, जितेन्द्र गुप्ता के नाम शामिल हैं। वहीं रांची जिला प्रखंड में नामकुम प्रखंड अध्यक्ष चामू बेक और उपाध्यक्ष मोकतार खान, सुरेंद्र मुंडा, अनिमा कच्छप, प्रेम पाहन, शिव कच्छप को बनाया गया।

इसी तरह नगड़ी प्रखंड अध्यक्ष सुरेश महतो, बुंडू प्रखंड़ अध्यक्ष कलेश्वर मुंडा, तमाड़ प्रखंड़ अध्यक्ष शक्ति पद मुंडा, रातु प्रखंड अध्यक्ष जीतनंदन महतो, कांके प्रखंड समिति अध्यक्ष नवीन तिर्की, बुढ़मू प्रखंड अध्यक्ष मुरसिय लाल मांझी, इटकी प्रखंड अध्यक्ष वसीम एकबाल, खलारी प्रखंड अध्यक्ष श्यामजी महतो, चान्हो प्रखंड अध्यक्ष मकबूल अहमद आजाद, लापुंग प्रखंड अध्यक्ष महादेव उरांव, मांडर प्रखंड अध्यक्ष रोशन इमानुएल तिग्गा, अनगड़ा प्रखंड़ अध्यक्ष रिझवा मुंडा, बेडो प्रखंड अध्यक्ष सतेंद्र साहू, ओरमांझी प्रखंड अध्यक्ष नागेश्वर महतो, राहे प्रखंड़ अध्यक्ष पशुपति अहीर, सिल्ली प्रखंड अध्यक्ष बलराम महतो, सोनाहातू प्रखंड़ अध्यक्ष राजू सिंह मुंडा सहित अन्य प्रखंड़ों के उपाध्यक्ष सचिव सह सचिव एवं कोषाध्यक्ष के नामों की सूची जारी की गई है।

## घाटशिला का चुनाव परिणाम चौंकाने वाला होगा,एनडीए उम्मीदवार की बड़ी जीत तय : बाबूलाल मरांडी

**रांची:** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि घाटशिला में भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार बड़ी जीत की ओर अग्रसर है। उन्होंने चुनाव आयोग का साधुवाद किया कि उनकी देखरेख में चुनाव शांतिपूर्वक हुआ। मरांडी मंगलवार को प्रदेश कार्यालय में प्रेस वार्ता में बोल रहे थे।

उन्होंने ने कहा कि शाम 5 बजे तक लगभग 73.88 मतदान का आंकड़ा आया है जो बढ़ने की संभावना है। उन्होंने कहा जिस सीट को झामुमो सेफ मान कर चल रही थी। वहां इनकी दहशत साफ दिखाई दी। झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकताओं ने शुरूआती दौर में डराने धमकाने की कोशिश की। परन्तु भाजपा के सजग कार्यकताओं और चुनाव आयोग के देखरेख में उनके गलत मंसूबे कामयाब नहीं हुए।

मरांडी ने कहा कि घाटशिला में इस बार मतदान का बढ़ा हुआ प्रतिशत दिख रहा है कि जनता हेमंत सरकार के झूठे वादों से ऊब गई है और इस बार एनडीए की जीत होगी। उन्होंने दिल्ली में हुए बम विस्फोट की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि दिल्ली की घटना दिख रही है कि मोदी सरकार के आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस के कारण अब आतंकवादी फ्रस्ट्रेशन में है और उन्होंने नया रास्ता अपना लिया ।

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि अगस्त 2024 में रांची के भी एक प्रतिष्ठित अस्पताल से डॉक्टर इश्तियाक अहमद की गिरफ्तारी हुई थी। इसके पूर्व भी झारखंड के कई शहरों से आतंकी कनेक्शन की बात सामने आई है। डॉक्टर इश्तियाक अहमद का तो अलकायदा का ऑपरेटिव बताया गया था जो दिन में डॉक्टरी करता था और रात में अलकायदा के लिए ऑपरेशन करता था। आश्चर्चनक रूप से झारखंड की सरकार इस पूरे मुद्दे पर खामोश रही और सिर्फ केंद्र सरकार और दिल्ली पुलिस ने इस मुद्दे पर कार्रवाई की थी।

एक सवाल के जवाब में बाबूलाल मरांडी ने कहा कि बिहार में बंपर वोटिंग दिखा रहा है कि वहां के जनता का एनडीए सरकार के प्रति पूरा विश्वास है। जनता ने जमकर वोटिंग की है और यह वोटिंग प्रथम चरण से भी ज्यादा होने का अनुमान है। बाबूलाल ने कहा कि एक बार फिर से बिहार में एनडीए की सरकार प्रचंड बहुमत के साथ लौटने वाली है। प्रेस वार्ता में प्रदेश मंत्री सरोज सिंह और प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव भी उपस्थित थे।

## एसआइआर के जरिए आयोग और भाजपा हटा सकते हैं विपक्ष के मतदाताओं के नाम : के राजू

**नवप्रदेश, रांची:** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में संगठन सृजन अभियान के तहत 10 दिवसीय संगठन सृजन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान मंगलवार को रांची में आयोजित प्रशिक्षण सत्र के दौरान प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के राजू ने कहा कि झारखंड में होने वाले विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) में चुनाव आयोग और भाजपा मिलकर विपक्ष के मतदाताओं को निशाना बनाकर मतदाता सूची से उनके नाम हटा सकते हैं। एसआइआर के समय हमें सचेत रहने की आवश्यकता है।

उन्?होंने कहा कि यदि हमसे थोड़ी भी चुक हुई तो मतदाताओं का नाम हट सकता है। प्रत्येक बूथ पर बीएलए को लगातार सक्रिय रहना होगा। मतदाताओं के नाम के पुनरीक्षण के साथ-साथ यह भी देखना होगा कि फर्जी मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटे। उन्होंने कहा कि एसआइआर के माध्यम से लाखों मतदाताओं का अधिकार छिनने की कोशिश की जाएगी। खासकर झारखंड के आदिवासी दलित समुदाय और कम शिक्षित लोगों को इसका निशाना बनाया जा सकता है। इसलिए हमें अपने-अपने क्षेत्र में पूरी एसआइआर प्रक्रिया के दौरान सक्रिय रहकर आपसी संवाद कायम रखना है। मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने सभी जिलों के विभिन्न प्रखंडों और बीएलए नियुक्ति के संदर्भ में जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देश दिया कि जिस बूथ पर बीएलए की नियुक्ति बाकी है उसकी नियुक्ति कर इसकी सूची जिला निर्वाचन पदाधिकारी के पास जमा करें।

इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने कहा कि प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन कोडरमा हजारीबाग चतरा जिला के जिला पर्यवेक्षक, जिला अध्यक्ष, प्रखंड, मंडल अध्यक्षों और प्रदेश मीडिया एवं सोशल मीडिया के प्रभारी अध्यक्ष प्रवक्ता संयोजकों ने सत्र में भाग लिया। सत्र में उपस्थित नेताओं को जनवरी 2026 से झारखंड में होने वाले विशेष गहन पुनरीक्षण के संदर्भ में पूरी जानकारी दी गई। साथ ही एसआइआर के प्रत्येक पहलू के बारे में बारीकियों के साथ सभी को जानकारी दी गई।

## झारखंड के स्थापना दिवस पर चेंबर ने चलाया वृहद् पौधारोपण अभियान

**नवप्रदेश, रांची:** झारखंड स्थापना दिवस के 25 वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में मंगलवार को फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने सिद्धो कान्हो पार्क में वृहद् स्तर पर पौधरोपण अभियान चलाया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में चेंबर के सदस्यों ने उपस्थित होकर पौधे लगाए और हरियाली को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। इस आयोजन को सफल बनाने में स्वच्छ भारत और पौधरोपण उप समिति का विशेष योगदान रहा।

उक्त जानकारी देते हुए चेंबर के महासचिव रोहित अग्रवाल ने कहा कि झारखंड के स्थापना दिवस के 25 वर्ष पूरे होना हम सबके लिए गर्व का विषय है। पौधरोपण केवल पर्यावरण संरक्षण का कार्य नहीं, बल्कि यह आनेवाली पीढ़ियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी का प्रतीक भी है। झारखंड चेंबर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए सदैव तत्पर रहेगा। चेंबर के स्वच्छ भारत और पौधरोपण उप समिति के चेयरमैन किशन अग्रवाल ने कहा कि हमारा लक्ष्य रांची को हराभरा और स्वच्छ बनाना है। इस दिशा में चेंबर की पहल तभी सफल होगी जब हर सदस्य स्वयं एक पौधा लगाने का संकल्प ले।

इस अवसर पर चेंबर के सह सचिव नवजोत अलंग, कोषाध्यक्ष अनिल अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य मुकेश अग्रवाल, तुलसी पटेल, अनीश बुधिया, मनीष सराफ, पूजा ढाढा, पूर्व अध्यक्ष पवन शर्मा, कुणाल अजमानी, धीरज तनेजा, किशोर मंत्री, पूर्व सचिव आरके चौधरी, स्वच्छ भारत पौधरोपण उप समिति के चेयरमैन किशन अग्रवाल सहित अन्य सदस्यों ने शामिल होकर हरित झारखंड के संकल्प को मजबूत किया।

## नर्सिंग छात्रों का रांची विवि में प्रदर्शन, विलंब सत्र के मुद्दे पर विवि बंद

नवप्रदेश संवाददाता

**रांची:** आज दिनांक 11नवंबर को युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष कुमार रौशन के नेतृत्व में छात्राओं ने रांची विश्वविद्यालय के मुख्य प्रशासनिक भवन में तालाबंदी कर कार्यालय के समक्ष अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए एवं जमकर नारेबाजी की , छात्र विलंब सत्र के कारण आक्रोशित थे । छात्रों की मांग थी कि कुलपति अथवा परीक्षा नियंत्रक खुद धरना स्थल पर आए एवं छात्रों से मिलकर बात करें , इस दौरान छात्रों ने खूब हंगामा किया एवं नारेबाजी से विवि परिसर गूंजायमान रहा । विदित हो कि सत्र 2021- 25, 2022 - 26, 2020- 24 , 2023- 27, 2024- 28 के पोस्ट बेसिक एवं बेसिक बी एस सी नर्सिंग के छात्रों का सत्र 2 साल से लेकर 3 साल तक विलंब चल रहा है है जिस कारण छात्रों के समक्ष गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है इस कारण छात्र बहुत आक्रोशित थे इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए परीक्षा नियंत्रक ने जल्द से जल्द समुचित कारवाई की बात कही । सुबह के ग्यारह बजे से छात्र धरने पर बैठे थे , एक बजे पुलिस प्रशासन के द्वारा उन्हें हटाने का प्रयास किया गया । पुलिस प्रशासन को छात्राओं का जबरदस्त विरोध झेलना पड़ा , इसके बाद वह वापस लौट गए । करीब साढ़े तीन घंटे बाद परीक्षा नियंत्रक स्वयं घटना स्थान पर छात्रों से मिलने पहुंचे एवं क्रमवार सभी मुद्दों पर बात की। रांची विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक ने करीब 3 घंटे बाद धरने पर बैठे छात्रों से धरना स्थल पर जाकर मुलाकात की एवं छात्रों को क्रमवार हर मसले पर आश्वस्त किया। एवं कहा कि सभी सत्र के पेंडिंग रिजल्ट 10 दिनों के अंदर निकाल दिए जाएंगे । एवं उसके बाद एक महीने के अंदर सभी सत्र की जो परीक्षा बाकी है उसका सिडयूल इसके बाद जारी कर दिया जाएगा एवं उसकी परीक्षा दिसंबर में ले ली जाएगी । इसके बाद आक्रोशित छात्र शांत हुए, परीक्षा नियंत्रक के सकारात्मक आश्वाशन के बाद धरना खत्म कर दिया गया । युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष कुमार रोशन ने विश्वविद्यालय प्रशासन को चेतावनी देते हुए सत्र में सुधार हेतु जल्द से जल्द कार्रवाई की बात कही अन्यथा कार्रवाई नहीं होने पर उग्र आंदोलन की बात कही ।

e-Procurement Cell
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT, BUILDING DIVISION GUMLA

दैनिक **नव प्रदेश**
प्रदेश के साथ पूरा देश...

सूर्योदय/सूर्यास्त
उदय : 06:41 प्रातः
अस्त : 05:28 संध्या

प्रदेश का तापमान

| स्थान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 24.0 | 12.0 |
| जमशेदपुर | 23.0 | 17.0 |
| हजारीबाग | 24.0 | 13.0 |
| डालटनगंज | 26.0 | 10.0 |

6 | अभिव्यक्ति    2 | राजधानी    7 | आंचलिक    12 | देश-विदेश

रांची, बुधवार, 12 नवंबर, 2025, मार्गशीर्ष कृष्ण सप्तमी, विक्रम संवत-2082   वर्ष-10  अंक-202  पृष्ठ-12, मूल्य - 3 रुपये   रांची, रायपुर, बिलासपुर, भोपाल व जबलपुर से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

//-- सुविचार --//

आज आप जो दर्द महसूस करते हैं, वही कल आपकी ताकत बन जाएगा।

# भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती और राज्य की रजत जयंती, संघर्ष से सशक्तिकरण तक की यात्रा : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन

नवप्रदेश संवाददाता

**रांची:** राज्य स्थापना के 25वें गौरवशाली वर्ष के उपलक्ष्य में मुख्यमंत्री आवासीय परिसर में आज सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा जन-जागरूकता हेतु संचालित प्रचार वाहनों के फ्लैग ऑफ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन ने प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये प्रचार वाहन राज्य के सभी जिलों, प्रखंडों एवं गाँवों में भ्रमण कर झारखंड की 25 वर्षों की उपलब्धियों, जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों की जानकारी जन-जन तक पहुँचाएंगे। इन वाहनों के माध्यम से युवाओं, महिलाओं, किसानों तथा समाज के सभी वर्गों को राज्य के समेकित विकास में भागीदारी हेतु प्रेरित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने इस अवसर पर समस्त राज्यवासियों को रजत जयंती की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि 25 वर्षों की यह यात्रा झारखंड के आत्मगौरव और उन्नति की गाथा है। उन्होंने कहा कि जिस संकल्पना के साथ यह राज्य बना था, उसे और गति देने के लिए सरकार निरंतर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि रजत जयंती के साथ ही हम सभी भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती भी मनाएंगे, जो झारखंड के आदिवासी-मूलवासी समाज के लिए गर्व और प्रेरणा का अवसर है।

### झारखंड की समृद्ध संस्कृति, परंपरा और स्थानीय लोक-संस्कृति की झलक

कार्यक्रम के दौरान झारखंड की विविध संस्कृति, परंपरा और समृद्धि की मनमोहक झलकियां प्रस्तुत की गईं। पारंपरिक लोकनृत्य, लोकगीत और झारखंडी वाद्य यंत्रों की मधुर धुनों ने कार्यक्रम को जीवंत बना दिया। राज्य के कला, संस्कृति और लोकजीवन से जुड़े विभिन्न समूहों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से झारखंड की सांस्कृतिक विरासत और एकता के संदेश को उजागर किया।इस मौके पर दुमका के संताली बैंड सहित स्थानीय लोककलाकारों ने सम्मोहक प्रस्तुति दी। इस अवसर पर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजंत्री,सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के निदेशक राजीव लोचन बख्शी सहित जनसंपर्क विभाग के पदाधिकारीगण एवं अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री ने राज्यपाल से की मुलाकात, राज्य स्थापना दिवस समारोह के लिए किया आमंत्रण

माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से माननीय मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने आज राज भवन में शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने दिनांक 15 नवम्बर 2025 को मोरहाबादी, रांची में आयोजित होने वाले ह्यराज्य स्थापना दिवस समारोहह्न में माननीय राज्यपाल महोदय को मुख्य अतिथि के रूप में पधारने हेतु सादर आमंत्रण दिया। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री ने झारखण्ड विधानसभा द्वारा पारित झारखण्ड सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (विशेष छूट) विधेयक, 2025 को स्वीकृति प्रदान करने के लिए राज्यपाल महोदय के प्रति आभार व्यक्त किया। भेंट वार्ता के दौरान राज्य के समग्र विकास, निवेश संवर्धन, औद्योगिक विस्तार तथा जनहित से संबंधित अन्य विषयों पर भी विस्तृत चर्चा हुई।

## संक्षिप्त खबरें

### पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री शकील अहमद खान ने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से दिया इस्तीफा

**पटना:** बिहार में मधुबनी लोकसभा सीट के पूर्व कांग्रेस सांसद और संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार में केंद्रीय मंत्री रहे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शकील अहमद ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार में गृह राज्य मंत्री रहे शकील अहमद ने बिहार में दूसरे चरण के मतदान के बाद मंगलवार देर शाम कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को अपना इस्तीफा भेज दिया। उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष को पत्र लिखकर अनुरोध किया है कि इसे प्राथमिक सदस्यता से उनके इस्तीफे के रूप में माना जाए। उन्होंने इसके लिए पारिवारिक कारणों का हवाला दिया है।

### मप्र में इस बार लाड़ली बहनों को मिलेंगे 1500 रुपये

**भोपाल:** मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का लाड़ली बहनों से किया हुआ वादा बुधवार, 12 नवम्बर को पूरा होने जा रहा है। एक करोड़ 26 लाख से अधिक लाड़ली बहनों को सिवनी में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में बड़ी हुई राशि उनके खाते में अंतरित की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रत्येक लाड़ली बहना के खाते में 1500 रुपये देने की शुरूआत करेंगे।

### पाकिस्तान में आत्मघाती विस्फोट हमले में 12 लोग मर

**इस्लामाबाद:** पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में मंगलवार दोपहर जिला अदालत परिसर के मुख्य द्वार के बाहर हुए भीषण आत्मघाती हमले में कम से कम 12 लोग मारे गए और 27 से अधिक घायल हो गए। देश के आंतरिक मंत्री मोहसिन नकवी ने पुष्टि की कि एक आत्मघाती हमलावर ने अदालत में घुसने की कोशिश की, लेकिन सुरक्षा गार्डों ने उसे रोक लिया। इसके बाद उसने खुद को बाहर ही विस्फोट से उड़ा दिया।

# घाटशिला उपचुनाव शांतिपूर्ण सम्पन्न, 73.88 प्रतिशत हुआ मतदान : के. रवि कुमार

**नवप्रदेश, रांची:** झारखंड का घाटशिला उपचुनाव शांतिपूर्ण से संपन्न हो गया है। उपचुनाव में 300 मतदान केंद्रों पर ससमय मतदान सम्पन्न हो चुका है। किसी भी स्थान पर किसी अप्रिय घटना का संज्ञान प्राप्त नहीं हुआ है। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी।

रांची स्थित निर्वाचन सदन से घाटशिला उपचुनाव संपन्न होने के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता और अन्य उल्लंघनों को लेकर आज दो एफआईआर दर्ज की गई हैं, जिसमें एक मामला सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए मतदान की गोपनीयता भंग करने का था और दूसरा मामला मतदान के दिन पैसे लेकर चलने वाले एक व्यक्ति का था। इन दोनों अलग-अलग मामलों में एफआईआर दर्ज की गई हैं। के. रवि कुमार ने बताया कि पहले दो एमसीसी मामले दर्ज किए गए थे। घाटशिला उपचुनाव में अब तक कुल चार एमसीसी मामले दर्ज किए जा चुके हैं। पहले दो मामलों में, एक चुनाव अवधि के दौरान लाइसेंसी हथियारों के साथ घूमना था और दूसरा एआई का उपयोग करके कुछ आपत्तिजनक संदेश जारी करना था। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि तीन मतदान केंद्रों को छोड़कर सभी मतदान दल आज शाम तक लौट जाएंगे। ये तीनों मतदान केंद्र अंदरूनी इलाकों में स्थित होने के कारण कल सुबह लौटेंगे। इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग से पहले ही अनुमति ले ली गई थी। साथ ही, चुनाव आयोग के दिशा-निदेशों के अनुसार सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इसलिए सभी प्रत्याशियों को इसकी सूचना दे दी गई है। के. रवि कुमार ने बताया कि शाम 5 बजे तक 73.88 प्रतिशत मतदान हुआ। मतदान समाप्ति और स्क्रूटनी के बाद आंकड़े अपडेट किए जाएंगे। मतगणना 14 नवंबर को होगी।

इस अवसर पर संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार सहित मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### राष्ट्रपति 18 नवम्बर को प्रदान करेंगी पहला जल संचय जन भागीदारी पुरस्कार

**नई दिल्ली:** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 18 नवम्बर को दिल्ली के विज्ञान भवन में पहला जल संचय जन भागीदारी (जेएसजेबी) पुरस्कार प्रदान करेंगी। इसी कार्यक्रम में छठे राष्ट्रीय जल पुरस्कार भी दिए जाएंगे। ये सम्मान जल शक्ति अभियान ह्यकैच द रेनह्न के तहत पानी बचाने और जल संरक्षण में बेहतर काम करने वाले राज्यों, जिलों, संस्थानों और लोगों को दिए जाएंगे। केंद्रीय जलशक्ति मंत्रालय ने मंगलवार को इस साल के पुरस्कारों का ऐलान किया। कुल 100 पुरस्कार दिए जाएंगे, जिनमें तीन राज्य, 67 जिले, छह नगर निगम, एक शहरी निकाय, दो मंत्रालय या विभाग, दो उद्योग, तीन एनजीओ, दो समाजसेवी और 14 नोडल अधिकारी शामिल हैं। मंत्रालय के मुताबिक, जहां 10 लाख संरचनाएं बनाने का लक्ष्य रखा गया था, वहीं 27.6 लाख संरचनाओं का निर्माण और मरम्मत का काम पूरा हो चुका है। बेहतर प्रदर्शन करने वाले जिलों को अलग-अलग कैटेगरी में पुरस्कार मिलेंगे।

### बिहार विस चुनाव के अंतिम चरण में रिकॉर्ड मतदान

# कुल 67.14 प्रतिशत वोटिंग

**नवप्रदेश, पटना:** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के अंतिम चरण में मतदाताओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार, मंगलवार शाम 5 बजे तक 67.14 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। यह पिछले दोनों चरण की तुलना में अधिक रहा, जिससे अंतिम चरण में मतदान को लेकर जबरदस्त रुझान देखा गया। सुबह से ही मतदाताओं में मतदान को लेकर उत्साह दिखाई दिया। कई बूथों पर सुबह से ही लंबी कतारें देखने को मिलीं। महिलाओं और युवा मतदाताओं ने बड़ी संख्या में अपने मताधिकार का प्रयोग किया। ग्रामीण इलाकों में मतदान प्रतिशत शहरी क्षेत्रों की तुलना में अधिक रहा। चुनाव आयोग के अनुसार, देर शाम तक के आंकड़ों में और वृद्धि की संभावना है, क्योंकि बूथों पर 6 बजे तक मतदान होना है। दूसरे चरण में कुल 122 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान हुआ। शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने के लिए सभी मतदान केंद्रों पर व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की तैनाती के साथ-साथ जिला प्रशासन लगातार निगरानी कर रहा था। अंतिम चरण के इस मतदान के साथ ही बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की मतदान प्रक्रिया पूर्ण हो गई है। अब सभी की निगाहें मतगणना दिवस 14 नवंबर पर टिकी हैं, जब जनता के जनादेश का फैसला सामने आएगा।

# दिल्ली विस्फोट मामले की एनआईए करेगी जांच

**नई दिल्ली:** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने दिल्ली में लाल किला के पास सोमवार शाम हुए कार विस्फोट मामले की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को सौंप दी और जल्द से जल्द रिपोर्ट सौंपने के लिए कहा गया है।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में यहां उनके आवास पर मंगलवार को दिल्ली धमाके को लेकर उच्चस्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक की गई। बैठक में केंद्रीय गृह सचिव, खुफिया ब्यूरो (आईबी) के निदेशक, दिल्ली पुलिस आयुक्त और एनआईए के महानिदेशक मौजूद थे, जबकि जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में भाग लिया। गृहमंत्री शाह ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, दिल्ली कार धमाके पर वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। उन्हें इस घटना के पीछे के प्रत्येक दोषी की तलाश करने के निर्देश दिए। इस कृत्य में शामिल प्रत्येक व्यक्ति को हमारी एजेंसियों की कड़ी सजा का सामना करना पड़ेगा। सूत्रों के अनुसार, बैठक के तुरंत बाद दिल्ली विस्फोट मामले की जांच एनआईए को सौंपी गई और जल्द से जल्द रिपोर्ट सौंपने के लिए कहा गया। साथ ही, गृहमंत्री ने एफएसएल को ब्लास्ट साईट के सैम्पल की जांच और मैच करने के और ब्लास्ट हुई कार में बैठे लोगों के सैम्पल मैच करने के भी निर्देश दिए। सूत्रों ने बताया कि बैठक में जांच की प्रारंभिक प्रगति और धमाके के संभावित आतंकी कोण पर विस्तृत चर्चा की गई। उल्लेखनीय है कि सोमवार शाम लगभग 6:52 बजे दिल्ली के लाल किला मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर एक के पास एक कार में शक्तिशाली विस्फोट हुआ, जिसमें 10 लोगों की मौत हो गई और 20 अन्य घायल हो गए। धमाके में कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गए।

## लालकिला विस्फोट में जान गंवाने वालों के परिजनों को 10 लाख के मुआवजे की घोषणा

**नई दिल्ली:** लालकिला क्षेत्र में हुए भयानक विस्फोट से प्रभावित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मृतकों के परिवारों और घायलों के लिए मुआवजे की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह हादसा बेहद दुखद और हृदयविदारक है। मुख्यमंत्री के अनुसार किसी भी व्यक्ति का यूं असमय चले जाना परिवार के लिए अपूर्णीय क्षति है, जिसे कोई भी भर नहीं सकता। दिल्ली सरकार इस कठिन घड़ी में हर पीड़ित परिवार के साथ मजबूती से खड़ी है। मुख्यमंत्री ने विस्फोट में मारे गए प्रत्येक व्यक्ति के परिजन को 10 लाख रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि घायलों को समुचित उपचार और वित्तीय सहायता शीघ्र उपलब्ध कराई जाए, ताकि कोई भी पीड़ित व्यक्ति इलाज के अभाव में पीड़ा न सहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि विस्फोट में अस्थायी रूप से अशक्त हुए पीड़ित को 5 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाएगा। इसके अलावा गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को 2 लाख रुपये और साधारण घायल हुए व्यक्ति को 20 हजार रुपये की सहायता दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि लालकिला क्षेत्र में हुआ यह हादसा न केवल प्रभावित परिवारों के लिए, बल्कि पूरी दिल्ली के लिए एक गहरा आघात है। उन्होंने कहा कि हम सभी दिल्लीवासी इस दुख की घड़ी में एकजुट हैं। सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि किसी भी परिवार को अकेला महसूस न हो।

# एनडीए को बहुमत, बिहार में फिर से नीतीशे कुमार

नवप्रदेश संवाददाता

**पटना:** बिहार विधानसभा चुनाव -2025 के दोनों चरणों का मतदान देर शाम 6 बजे मंगलवार को संपन्न हो गया। पहले चरण में जहां 65 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, वहीं दूसरे चरण में करीब 70 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदान किया। दूसरे चरण के मतदान के बाद लगभग सभी एग्जिट पोल में बिहार में एनडीए की वापसी को लेकर कयास लगाए गए हैं।

| [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] |
|---|---|---|---|---|
| [illegible] | 184-209 | 32-49 | -- | 1-5 |
| [illegible] | 186 | 50 | -- | 7 |
| [illegible] | 147-167 | 70-90 | 0-2 | 2-8 |
| [illegible] | 145-163 | 76-95 | -- | 3-6 |
| [illegible] | 142-162 | 80-98 | 1-4 | 0-3 |
| [illegible] | 133-159 | 75-101 | 0-5 | 2-8 |
| [illegible] | 137-152 | 83-98 | 2-4 | 1-8 |
| [illegible] | 135-150 | 88-103 | 0-1 | 3-6 |
| [illegible] | 133-148 | 87-102 | 0-2 | 2-8 |
| [illegible] | 133-148 | 87-102 | -- | 3-5 |
| [illegible] | 130-138 | 100-108 | -- | 3-5 |

### चाणक्य स्ट्रैटेजीज ने एनडीए को दी बढ़त

चाणक्य स्ट्रैटेजीज ने एनडीए की बढ़त दी है। चाणक्य स्ट्रैटेजीज के मुताबिक एनडी को 130-138 सीट मिल सकती हैं, जबकि महागठबंधन को 100-108 और अन्य को 3-5 सीट मिलने की उम्मीद है।

### मैट्रिज-आईएएनएस ने एनडीए को 147-167 सीट मिलने का अनुमान लगाया

मैट्रिज-आईएएनएस बिहार विधानसभा चुनावों के लिए पहला एग्जिट पोल अनुमान जारी कर दिया है। इसने एनडीए को स्पष्ट बढ़त मिलने का अनुमान लगाया है। मैट्रिज-आईएएनएस के एग्जिट पोल ने एनडीए को 147-167 और महागठबंधन को 70-90 सीट मिलने का अनुमान लगाया है। एग्जिट पोल में जन सुराज को 0-2 और अन्य को 2-8 सीटें मिलती दिख रही हैं।

### पीपुल्स पल्स के मुताबिक एनडीए आगे

पोलस्टर पीपुल्स पल्स ने भी बिहार विधानसभा चुनावों के लिए एग्जिट पोल अनुमान जारी किया है। इसके मुताबिक चुनाव में एनडीए को 133-159, महागठबंधन को 75-101, जन सुराज को 0-5 और अन्य को 2-8 सीट मिलने की उम्मीद है।

### पीपुल्स इनसाइट ने एनडीए की जीत का अनुमान लगाया

पीपुल्स इनसाइट ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की बड़ी जीत का अनुमान लगाया है। पीपुल्स इनसाइट के एग्जिट पोल के अनुसार एनडीए को 133-148, महागठबंधन को 87-102, जन सुराज पार्टी को 0-2 और अन्य 3-6 मिल सकती हैं।

### टाइम्स ऑफ इंडिया का एग्जिट पोल

टाइम्स ऑफ इंडिया के एग्जिट पोल के अनुसार बिहार में एनडीए को बढ़त हासिल है। इसके एग्जिट पोल में विधानसभा की 243 सीटों में से एनडीए को 147-167, महागठबंधन को 70-90 और अन्य को 2-6 सीटें मिलने का अनुमान है।

### दैनिक भास्कर के अनुमान में भी एनडीए की वापसी

दैनिक भास्कर एग्जिट पोल का अनुमान है कि बिहार एक बार फिर एनडीए की वापसी हो सकती है। दैनिक भास्कर के एग्जिट पोल के मुताबिक एनडीए को 145-160, महागठबंधन को 73-91, जन सुराज को 0-3 और अन्य को 5-7 मिल सकती हैं।

### जेवीसी ने लगाया एनडीए की जीत का अनुमान

जेवीसी के एग्जिट पोल ने एनडीए की जीत का अनुमान लगाया है और महागठबंधन को दूसरे स्थान पर रखा है।पोलस्टर जेवीसी के एग्जिट पोल के मुताबिक बिहार में एनडीए को 135-150, महागठबंधन को 88-103 जन सुराज को 0-1 और अन्य को 3-7 सीट मिलने की भविष्यवाणी की है।

### झारखंड राज्य स्थापना की 25वीं वर्षगांठ पर रन फॉर झारखंड के लिए दौड़ा कोडरमा

# राज्य के विकास, एकता और समृद्धि की इस यात्रा को निरंतर आगे बढ़ाएंगे : उपायुक्त

नव प्रदेश संवाददाता

**कोडरमा।** झारखंड राज्य स्थापना दिवस के 25वें वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आज जिला प्रशासन की ओर से रन फॉर झारखंड कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी ऋतुराज ने महाराणा प्रताप चौक से कार्यक्रम को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। रन फॉर झारखंड में जिले के अधिकारी, छात्र-छात्राएं, खिलाड़ी एवं बड़ी संख्या में आमजन शामिल हुए। उपायुक्त श्री ऋतुराज के नेतृत्व में सभी प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक दौड़ में हिस्सा लिया और एक मजबूत, शांतिपूर्ण व समृद्ध झारखंड के निर्माण का संकल्प लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य राज्य स्थापना दिवस की 25वीं वर्षगांठ को जनभागीदारी के साथ मनाना तथा झारखंड की निरंतर प्रगति, विकास और एकता का संदेश देना रहा। दौड़ में बालक एवं बालिका वर्ग के प्रतिभागियों ने शानदार प्रदर्शन किया। विजेताओं को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आने पर शील्ड प्रदान की गई। उपायुक्त ऋतुराज ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड की स्थापना की 25वीं वर्षगांठ हमारे लिए गर्व का क्षण है। हमें मिलकर यह संकल्प लेना होगा कि राज्य के विकास, एकता और समृद्धि की इस यात्रा को निरंतर आगे बढ़ाएंगे। झारखण्ड की परंपरा और संस्कृति को संरक्षित करने की शपथ लिया गया। हम गौरवान्वित हैं कि हम प्राकृतिक संसाधनों से परिपूर्ण, सुंदर और समृद्ध झारखण्ड के निवासी हैं। हमें अपने महान और संघर्षशील पूर्वजों से यहाँ की समृद्ध संस्कृति, भाषा और सभ्यता की अमूल्य विरासत प्राप्त हुई है। हमारा युवा झारखण्ड अपने निर्माण के 25 वर्ष पूर्ण कर रहा है। इस अवसर पर हम यह शपथ लेते हैं कि हम अपने झारखण्ड की परंपरा और संस्कृति को संरक्षित एवं संवर्धित करते हुए, राज्य के सतत विकास और प्रगति के लिए सदैव प्रयत्नशील रहेंगे। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह, उप विकास आयुक्त श्री रवि जैन, अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह, जिला परिवहन पदाधिकारी विजय कुमार सोनी, जिला खेल पदाधिकारी तुषार राय, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी ओम प्रकाश मंडल सहित अन्य पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में जिले के नागरिक उपस्थित रहे।

## अफीम की अवैध खेती करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार, न्यायिक हिरासत में भेजे गए



**नवप्रदेश/चौपारण।** प्रखंड क्षेत्र में नशे के कारोबार पर नकेल कसने के उद्देश्य से चौपारण पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है।इस संबंध में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी ने बताया की थाना कांड संख्या 46/25, धारा 17 (c)/18(b) एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज मामले में पुलिस ने अफीम की अवैध खेती करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है।वही गिरफ्तार आरोपियों की पहचान जगदीश सिंह खेरवार और अरुण सिंह खेरवार, पिता नुनु सिंह, पुरानी अहरी के रूप में की गई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि इनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापामारी अभियान चल रहा है चलाया जा रहा था। जांच के दौरान यह पुष्टि हुई कि दोनों आरोपी अपने खेतों में अवैध रूप से अफीम की खेती कर रहे थे, जो एनडीपीएस एक्ट के तहत गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है।थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी ने कहा है चौपारण थाना क्षेत्र में नशे के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा एवं स्पष्ट किया है कि इस तरह के अवैध कारोबार में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और सभी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# स्कूल के बाहर की गुमटी में सिगरेट-गुटखा बिक्री पर सीओ की औचक निरीक्षण, कार्रवाई

नवप्रदेश संवाददाता

**चौपारण।** के.बी.एस.एस.+2 उच्च विद्यालय, चौपारण के बाहर स्थित गुमटियों में मंगलवार को रन फॉर झारखण्ड के कार्यक्रम के दौरान चौपारण सीओ संजय कुमार यादव एवं चौपारण थाना एस.आई जगदीश चद्र प्रधान ने जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान स्कूल परिसर के बाहर खुलेआम बिक रहे भारी मात्रा सिगरेट, गुटखा और अन्य तंबाकू उत्पादों को जब्त कर मौके पर ही आग के हवाले कर नष्ट किया गया। सीओ ने दुकानदार सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि विद्यालय के आसपास इस प्रकार का अवैध और हानिकारक कारोबार किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।वही सीओ ने स्कूल के शिक्षक महेश वर्णवाल को भी निर्देश दिया कि विद्यालय परिसर के बाहर ऐसी गतिविधियों पर निगरानी रखी जाए, ताकि छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य और अनुशासन पर विपरीत प्रभाव न पड़े। उन्होंने कहा कि शिक्षा संस्थानों के पास तंबाकू उत्पादों की बिक्री न केवल कानून का उल्लंघन है,बल्कि यह विद्यार्थियों के भविष्य से खिलवाड़ के समान है। वहीं, विश्वसनीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, विद्यालय के कुछ शिक्षकों पर भी आरोप है कि वे इन गुमटियों से गुटखा और सिगरेट का सेवन करते हैं, जिससे छात्रों पर गलत प्रभाव पड़ रहा है। इस पर सीओ ने कहा कि यदि ऐसी शिकायतें सत्य पाई जाती हैं, तो संबंधित शिक्षकों पर भी विभागीय कार्रवाई की जाएगी।सीओ ने स्थानीय प्रशासन और विद्यालय प्रबंधन को निर्देश दिया कि आगे से स्कूल के 100 मीटर के दायरे में किसी भी प्रकार की गुमटी या दुकान तंबाकू उत्पाद नहीं बेचेगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि बच्चों के हित में इस अभियान को सहयोग दें।

# डेबो स्कूल में जनजातीय पखवाड़ा पर आदिवासी नृत्य का आयोजन, विधायक हुए शामिल

**शिक्षक बच्चों को दें बेस्ट, पौधारोपण कर स्कूल को बनाएँ हरा-भरा : मनोज यादव**

**चौपारण।** झारखंड राज्य के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में, जनजातीय पखवाड़ा के तहत उत्क्रमित उच्च विद्यालय डेबो में आदिवासी नृत्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बतौर मुख्यातिथि बरही के विधायक मनोज कुमार यादव शामिल हुए। स्कूल पहुंचने पर स्कूली छात्र-छात्राओं ने विधायक को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। छात्राओं ने बिखेरी समृद्ध संस्कृति की छटा कार्यक्रम के दौरान स्कूली छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किए गए परंपरागत आदिवासी नृत्य ने सभी उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। विधायक मनोज यादव ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को सम्मानित कर उनका मनोबल बढ़ाया। विधायक ने कहा, बच्चियों द्वारा प्रस्तुत हमारी समृद्ध संस्कृति की यह मनमोहक झलक हृदय को छू गई। विधायक ने शिक्षकों से अपील की कि वे बच्चों को अपना बेस्ट दें। उन्होंने स्कूल में चारदीवारी का लाभ उठाकर परिसर को हरा-भरा बनाने के लिए पौधारोपण करने का भी सुझाव दिया। विधायक ने विद्यालय प्रबंधन को आश्वासन भी दिया कि स्कूल की मूलभूत समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र किया जाएगा। मौके पर मुखिया संघ अध्यक्ष बिरेन्द्र रजक, प्रमुख प्रतिनिधि उदय राणा, स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि मोहन साव, समिति सदस्य प्रतिनिधि बालेश्वर साव, भाजपा नेता विजय यादव, बालेश्वर राणा, लक्ष्मण राम, उमेश गुप्ता, नारायण साव, प्रबंधन समिति अध्यक्ष अशोक यादव, शिक्षक सरयू राणा, सुरेश गुप्ता, राजेश कुमार, मनोज कुमार, टुनटुन रविदास सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## रन फॉर झारखंड में स्कूली बच्चों संग दौड़े अधिकारी व जनप्रतिनिधि

**झारखंड स्थापना दिवस पर चौपारण में उमड़ा उत्साह**

**चौपारण।** झारखंड राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मंगलवार को झारखंड @25 थीम के तहत चौपारण में रन फॉर झारखंड कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 9:30 बजे केबीएसएस +2 हाई स्कूल चौपारण परिसर से हुई, जो ग्राम बिगहा तक संपन्न हुई। दौड़ के दौरान झारखंड जिंदाबाद, स्वस्थ युवा, सशक्त झारखंड जैसे जोशीले नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। कार्यक्रम में चौपारण सीओ संजय कुमार यादव, बीडीओ नितीश भास्कर, बीईईओ राकेश सिंह, चौपारण थाना के एसआई जगदीश चंद्र प्रधान, चौपारण पूर्व मुखिया बिनोद सिंह, केबीएसएस के प्राचार्य काली राम, बिरबल साहू, शिक्षक महेश वर्णवाल,कांग्रेस नेत्री प्रीति गुप्ता,ब्लॉक कर्मी बिपुल सिन्हा, अभिषेक ओझा, सामाजिक कार्यकर्ता लालेश साहू सहित सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।सभी प्रतिभागियों ने एकता, स्वास्थ्य और जागरूकता का संदेश देते हुए राज्य के प्रति समर्पण का परिचय दिया। दौड़ के समापन पर अधिकारियों ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड का निर्माण सभी नागरिकों के सामूहिक प्रयास से सशक्त बन सकता है। उन्होंने युवाओं से राज्य के विकास में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में झारखंड स्थापना दिवस की शुभकामनाएँ दी गई। मौके पर विद्यालय परिसर में स्वस्थ शरीर, सशक्त राज्य विषय पर बच्चों द्वारा चित्रकला एवं नारा लेखन प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें छात्रों ने अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया।

## रन फॉर झारखंड में दौड़ा बोकारो, झारखंड की एकता और विकास का संदेश

**नवप्रदेश/बोकारो।** झारखंड स्थापना दिवस के रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में मंगलवार शाम बोकारो जिला प्रशासन की ओर से रन फॉर झारखंड का भव्य आयोजन किया गया। गरगा चेकपोस्ट से चास धर्मशाला मोड़ तक सैकड़ों लोगों ने दौड़ में हिस्सा लिया और झारखंड की एकता, समरसता और विकास का संदेश दिया। इस अवसर पर उपायुक्त अजय नाथ झा, उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, एसडीओ चास प्रांजल ढांडा समेत जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी, स्कूली बच्चे, व्यापारी, खिलाड़ी, एनसीसी, नेहरू युवा केंद्र और सिविल डिफेंस के प्रतिनिधि शामिल हुए। उपायुक्त झा ने कहा कि हम सब झारखंड के विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह रजत जयंती वर्ष हमारे लिए गौरव का अवसर है। आने वाले तीन दिनों तक स्थापना दिवस के कार्यक्रमों की श्रृंखला चलेगी और हम सब अगले एक वर्ष तक बोकारो के सर्वांगीण विकास के लिए मिलकर काम करेंगे। उन्होंने नागरिकों से जिले के विकास के लिए अपने सुझाव सोशल मीडिया के माध्यम से साझा करने की अपील की। प्रतिभागियों को अपने सोशल मीडिया हैंडल पर #JhrkhfdAt25, #RufForJhrkhfd, #BokroSeJohr जैसे हैशटैग लगाकर अपनी सेल्फी व वीडियो पोस्ट करने और सर्टिफिकेट डाउनलोड करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक दल ने एकता, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण पर प्रभावशाली प्रस्तुतियां दीं, वहीं जागरूकता रथ के जरिए लोगों को राज्य की उपलब्धियों और योजनाओं की जानकारी दी गई। सिविल सर्जन डॉ. ए. बी. प्रसाद, जिला परिवहन पदाधिकारी मारूति मिंज, समाज कल्याण पदाधिकारी डॉ. सुमन गुप्ता, जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार सहित कई अधिकारी उपस्थित थे।

## जागरूकता रथ को डीसी-डीडीसी ने दिखाई हरी झंडी

**नवप्रदेश/बोकारो।** झारखंड स्थापना दिवस के रजत जयंती वर्ष के अवसर पर मंगलवार को समाहरणालय परिसर से जिले के सभी नौ प्रखंडों के लिए जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह कार्यक्रम सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, बोकारो द्वारा आयोजित किया गया। रथ को उपायुक्त अजय नाथ झा और उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार ने संयुक्त रूप से रवाना किया। इस अवसर पर एनडीसी प्रभाष दत्ता, डीपीआरओ रवि कुमार, डीएसओ शालिनी खालखो सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। उपायुक्त ने कहा कि झारखंड सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम नागरिकों तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सूचना ही सशक्तिकरण का माध्यम है और यह रथ उसी उद्देश्य को पूरा करेगा। राज्य स्तर पर मुख्यमंत्री द्वारा भी जागरूकता रथों को रवाना किया गया है, जिसके तहत जिले में यह पहल शुरू की गई है। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा तैयार यह रथ जिले के नौ प्रखंडों-चास, चंदनकियारी, जरीडीह, चंद्रपुरा, बेरमो, पेटरवार, गोमिया, कसमार और नावाडीह झ्र में भ्रमण करेगा। इसके माध्यम से लोगों को सरकार की योजनाओं, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वरोजगार और महिला सशक्तिकरण जैसी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक दल ने समाहरणालय परिसर में नुक्कड़ नाटक धन्य है झारखंड की धरती प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। नाटक के जरिए बताया गया कि सरकारी योजनाएं आम लोगों के जीवन में कैसे बदलाव ला रही हैं। उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार ने कहा कि झारखंड की रजत जयंती केवल उत्सव नहीं, बल्कि आत्मचिंतन और विकास का संकल्प है। इस मौके पर जिला खेल पदाधिकारी हेमलता बुन, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, सांस्कृतिक टीम एवं मीडिया प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# बोकारो उपायुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन, सौंपा मांगपत्र

नवप्रदेश संवाददाता

**बोकारो।** झुग्गी-झोंपड़ी वासी सह फुटपाथ दुकानदार महासंघ और आम आदमी पार्टी की ओर से मंगलवार 11 नवंबर को बोकारो समाहरणालय के समक्ष प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के बाद उपायुक्त बोकारो नाम से नौ सूत्री ज्ञापन उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार को सौंपा गया। सौंपे गए ज्ञापन में अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान जिन मीट दुकानदारों की दुकानें तोड़ी गयी हैं या जिन्होंने स्वयं ही व्यवसाय बंद कर दिया है, उन्हें पुनर्वासित करने अन्य प्रभावित दुकानदार और बेघर हुए झुग्गीवासियों को मुआवजा देने व पुनर्वासित करने, सदमें से मृत युवक ओम कुमार के परिवार को पर्याप्त मुआवजा देने, बेघर हुए अनुसूचित जाति और अनुसूचित जन जाति के गरीबों को सरकारी सहायता देने और सरकारी योजनानुसार आवास देने, सेल प्रबंधन से बात कर बोकारो के सभी झुग्गीवासियों और फुटपाथ दुकानदारों को व्यवस्थित रूप से बसाने सहित अन्य मांगे शामिल हैं। उप विकास आयुक्त ने सभी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया। इससे पूर्व महासंघ के संरक्षक सह आम आदमी पार्टी के प्रदेश मीडिया सह प्रभारी कुमार राकेश ने कहा कि महासंघ और आम आदमी पार्टी हवाई अड्डा और विकास के विरोधी नहीं हैं। सेल प्रबंधन और जिला प्रशासन के द्वारा गत शनिवार को बोकारो हवाई अड्डा के पास चलाये गये अतिक्रमण हटाओ अभियान से प्रभावित लोगों को न्याय दिलाने की लड़ाई जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि उपायुक्त बोकारो और जिला प्रशासन से गरीबों की काफी उम्मीद है। कार्यक्रम में महासंघ के जिलाध्यक्ष श्रीभगवान सिंह कुशवाहा, कारयकारी अध्यक्ष संजय रजक, उपाध्यक्ष सत्येंद्र ठाकुर, करीमन पासवान, शंभु कुमार, आप के जिला प्रभारी अरविंद विकाश, केएपी वर्मा, सुनीता देवी, राजू कुमार, धरम पाल सहित अन्य उपस्थित रहे।

## एक नजर

### राजकीय पॉलिटेक्निक में झारखंड स्थापना दिवस पर चार दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ

**नवप्रदेश/कोडरमा।** झारखंड स्थापना दिवस के अवसर पर राजकीय पॉलिटेक्निक कोडरमा में चार दिवसीय भव्य कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। यह आयोजन झारखंड सरकार के निदेर्शानुसार संस्थान के प्राचार्य डॉ. अयोध्या कुमार के मार्गदर्शन एवं प्रेरणा से प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम के पहले दिन का सफल संचालन वरिष्ठ व्याख्याता डॉ. उमेश कुमार और डॉ. मनोज कुमार के नेतृत्व में किया गया। झारखंड राज्य के 25 वर्ष पूर्ण होने पर संस्थान में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिनमें सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, छात्र-शिक्षक संबोधन, समृद्ध झारखंड विकसित झारखंड विषय पर विचार संगोष्ठी, भगवान बिरसा मुंडा और दिशोम गुरु शिबू सोरेन पर आधारित डॉक्यूमेंट्री प्रदर्शन प्रमुख आकर्षण रहे। अपने प्रेरक संबोधन में डॉ. उमेश कुमार ने कहा झारखंड की माटी वीरता और संस्कृति की प्रतीक है। बिरसा मुंडा जैसे महापुरुषों के बलिदान से हमें पहचान मिली है। युवाओं को अपने कर्म और समर्पण से राज्य के विकास में योगदान देना चाहिए। वहीं डॉ. मनोज कुमार ने राज्य की खनिज संपदा, प्राकृतिक सौंदर्य और आर्थिक संभावनाओं पर प्रकाश डाला। लाइब्रेरियन सविता कुमारी ने झारखंड की स्थापना, प्रमुख स्थलों और दिशोम गुरु शिबू सोरेन के योगदान पर विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता संजय कुमार ने किया। आयोजन की सफलता में व्याख्याता सोहन टोपो, मनोज यादव, अखिलेश कुमार, साहीन अथर, मनोरंजन कुमार और बीओपीटी प्रशिक्षुओं का सराहनीय योगदान रहा। समापन पर एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट संतोष कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन देते हुए कहा कि यह आयोजन शिक्षकों की एकजुटता और विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी से यादगार बना है।

### डोमचांच पुलिस ने अवैध बालू और बोल्डर लदे 7 वाहन किया जब्त, हड़कंप



**नव प्रदेश/कोडरमा।** डोमचांच पुलिस ने अवैध बालू और पत्थर उत्खनन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है. डोमचांच थाना प्रभारी अभिमन्यु कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने बुधवार को अवैध खनन और परिवहन पर बड़ी कार्रवाई की। टीम ने रायडीह मोड़ पुलिया के पास से चार अवैध बालू लदे वाहन जब्त किए, जबकि दो ट्रैक्टर पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए। वहीं काराखुट के समीप गोलवा ढाब मार्ग पर चलाए गए अभियान में चार बोल्डर लदे हाईवा को रोका गया, जिनमें से एक वाहन का चालान वैध पाया गया और उसे छोड़ दिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि अवैध खनन और परिवहन पर पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। किसी भी कीमत पर खनन माफियाओं को बख्शा नहीं जाएगा। कार्रवाई से क्षेत्र के खनन कारोबारियों में हड़कंप मच गया है।

### दिल्ली बम ब्लास्ट को लेकर कोडरमा स्टेशन पर संयुक्त चेकिंग अभियान, आरपीएफ अलर्ट

**नवप्रदेश/कोडरमा।** दिल्ली में हुए बम ब्लास्ट के मद्देनजर कोडरमा रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ और जीआरपी की संयुक्त टीम ने आरपीएफ निरीक्षक प्रभारी दीपक कुमार के नेतृत्व में सघन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान पार्किंग एरिया, सकुर्लेटिंग जोन और वेटिंग हॉल में व्यापक तलाशी ली गई। किसी भी संदिग्ध गतिविधि या वस्तु की पुष्टि नहीं हुई। यात्रियों को सतर्क रहने, लावारिस सामान को न छूने और संदिग्ध वस्तु दिखने पर तुरंत पुलिस या रेलवे कर्मियों को सूचना देने की अपील की गई। सुरक्षा बलों की सतर्कता से स्टेशन परिसर में शांति और सामान्य स्थिति बनी हुई है। साथ ही रेलवे सुरक्षा बल यात्रियों की सुरक्षा व्यस्था को लेकर अलर्ट मोड़ पर है।

### सतगावां प्रखंड में झारखंड स्थापना दिवस सह रजत जयंती समारोह धूमधाम से मनाया गया



**नवप्रदेश/सतगावां।** झारखंड स्थापना दिवस के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सतगावां प्रखंड कार्यालय सहित सभी पंचायत सचिवालयों में रजत जयंती समारोह का भव्य आयोजन किया गया। उपायुक्त कोडरमा के निदेर्शानुसार ग्रामीण विकास विभाग से संबंधित योजनाओं मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास, जलछाजन एवं जेएसएलपीएस के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम की शुरूआत प्रभात फेरी, विशेष ग्राम सभा और सामूहिक शपथ ग्रहण से हुई। प्रखंड मुख्यालय में आयोजित मुख्य समारोह की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी ओम प्रकाश बड़ाइक ने की। उन्होंने स्वागत भाषण के माध्यम से झारखंड राज्य की गौरवशाली यात्रा और ग्रामीण विकास की योजनाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी मुकुंद श्रीवास्तव, कनीय अभियंता, रोजगार सेवक, बीएफटी, कंप्यूटर ऑपरेटर, लेखा सहायक तथा जेएसएलपीएस के प्रखंड समन्वयक सुधीर कुमार ने अपने विचार रखे। उन्होंने झारखंड के विकास में ग्रामीण योजनाओं के योगदान को रेखांकित किया। समारोह में नावाडीह पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि श्रीकांत यादव सहित माधोपुर और राजावर पंचायतों के जनप्रतिनिधियों की सहभागिता उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम के समापन पर प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में मनरेगा अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मानितों में कनीय अभियंता मनीष कुमार, कंप्यूटर ऑपरेटर शैलेंद्र कुमार, बिपुल कुमार, मनोज कुमार, रोजगार सेवक प्रेम दास, बीएफटी मिथलेश कुमार और बागबानी सखी शामिल रहीं।

### डोमचांच पुलिस ने बिना कागजात के मोरम लदा बारह पहिया ट्रक जब्त

**नव प्रदेश /कोडरमा।** डोमचांच थाना प्रभारी अभिमन्यु कुमार के नेतृत्व में मंगलवार को कोडरमाझ्र गिरिडीह मुख्य मार्ग स्थित नेरूपहाड़ी के पास मंगलवार को बड़ी कार्रवाई की गई। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर मोरम लदा बारह पहिया ट्रक जेएच 02 एक्यू 3366 को जब्त किया है। जानकारी के अनुसार ट्रक नवलशाही की ओर से कोडरमा की दिशा में जा रही थी। पुलिस टीम ने वाहन को रोककर चालक से मोरम से संबंधित दस्तावेज मांगे, लेकिन चालक कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद वाहन को जब्त कर डोमचांच थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि अवैध खनन और परिवहन पर रोक लगाने के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा। सूत्रों के अनुसार त्रिपाल की आड़ में अवैध गतिविधि में लगातार इजाफा हो रहा है।

### आरपीवाई बी.एड. कॉलेज में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर मौलाना आजाद को दी गई श्रद्धांजलि

**नव प्रदेश/कोडरमा।** रमेश प्रसाद यादव शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में मंगलवार को मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के रूप में श्रद्धा और उत्साह से मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत माँ सरस्वती और मौलाना आजाद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलन से हुई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. लक्ष्मी सरकार ने कहा कि मौलाना आजाद ने स्वतंत्र भारत की शिक्षा-व्यवस्था को नई दिशा दी। उनके प्रयासों से आईआईटी और यूजीसी जैसे संस्थानों की स्थापना संभव हुई। वे एक दूरदर्शी शिक्षाविद्, विचारक और स्वतंत्रता सेनानी थे, जिन्होंने सर्व-सुलभ, गुणवत्तापूर्ण और समान शिक्षा पर बल दिया। सहायक प्राध्यापक राजेश पांडेय ने भी शिक्षा के प्रति मौलाना आजाद के योगदान को प्रेरणास्रोत बताया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. संजीव कुमार ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

### ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर याद किए गए भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद

**नव प्रदेश/कोडरमा।** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में मंगलवार को राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के अवसर पर स्वतंत्र भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री भारत रत्न मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) के तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत कॉलेज की प्राचार्या डॉ. मृदुला भगत, सहायक प्राध्यापकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों द्वारा मौलाना आजाद के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलन से की गई। अपने संबोधन में डॉ. भगत ने कहा कि मौलाना आजाद राष्ट्र के महान शिक्षाविद् और विचारक थे, जिन्होंने शिक्षा को राष्ट्र निर्माण का सशक्त माध्यम बताया। उन्होंने कहा, देश की प्रगति तभी संभव है जब हर नागरिक शिक्षित, जागरूक और नैतिक मूल्यों से परिपूर्ण हो। डॉ. मनीष कुमार पासवान ने कहा कि शिक्षा व्यक्ति के व्यक्तित्व विकास की आधारशिला है। इस अवसर पर डॉ. पंकज कुमार पांडेय, वीरेंद्र यादव, डॉ. पूजा कुमारी, मनीष कुमार सिंह सहित सभी शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अनिल दास ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन सौरभ शर्मा ने प्रस्तुत किया।

# दिल्ली बम धमाके के बाद धनबाद रेल समेत पूरे जिला हाई अलर्ट पर

**देर रात से चल रहा सघन जांच अभियान**

**नवप्रदेश संवाददाता**

**धनबाद।** दिल्ली में देर शाम हुए बम धमाके के बाद पूरे देश में सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड पर आ गई हैं। इसी के तहत धनबाद पुलिस और धनबाद रेल मंडल भी अलर्ट मोड पर है। इसी को लेकर न सिर्फ पूरे जिले में सघन वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है, बल्कि धनबाद रेल स्टेशन पर भी देर रात से सघन जांच अभियान जारी है। आरपीएफ निरीक्षक अजय प्रकाश के नेतृत्व में यह अभियान देर रात शुरू हुआ, जो लगातार जारी रहा।

जांच के दौरान रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म, वेटिंग हॉल, टिकट काउंटर, पार्सल ऑफिस और पार्किंग एरिया की गहन तलाशी ली गई। संदिग्ध व्यक्तियों और उनके सामान की भी बारीकी से जांच की गई। आरपीएफ और जीआरपी की टीमों ने स्वान दस्ते की मदद से प्लेटफॉर्म पर खड़े बैग और छोड़े गए पार्सल की जांच की। अधिकारियों ने बताया कि किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधि या विस्फोटक सामग्री की जानकारी मिलने पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। यात्रियों से अपील की गई है कि वे संदिग्ध वस्तु या व्यक्ति दिखने पर तुरंत रेलवे पुलिस को सूचित करें।

वहीं, इस मामले पर धनबाद के सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव ने बताया कि दिल्ली में विस्फोट की घटना के बाद पूरे राज्य में अलर्ट जारी किया गया। जिसको लेकर धनबाद पुलिस भी पूरी तरह से अलर्ट मोड पर है। इसको लेकर घटना के बाद से ही पूरे जिले में अलग-अलग स्थानों पर सर्च अभियान, वाहन चेकिंग अभियान इत्यादि चलाया जा रहा है। साथ ही इस मामले में राज्य सरकार से आने वाली हर निदेर्शों का पूरी तरह से अनुपालन किया जा रहा है।

धनबाद रेल स्टेशन से यात्रा करने वाले यात्रियों ने कहा कि कल की घटना काफी दुखदायी है। इस तरह की घटना नही होनी चाहिए। खास कर धनबाद रेलवे स्टेशन पर चलाए जा रहे इस अभियान की काफी प्रशंसा करते हैं। इस तरह का अभियान लगातार चलाया जाए। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है, लेकिन सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह चौकन्नी हैं। दिल्ली धमाके के बाद देशभर के प्रमुख रेलवे स्टेशनों और हवाई अड्डों पर सुरक्षा व्यवस्था को और सख्त कर दिया गया है।

# सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर धनबाद में यूनिटी मार्च का आयोजन

**सांसद ढुल्लू महतो व विधायक राज सिन्हा ने दिलाई एकता की शपथ**

**नवप्रदेश संवाददाता**

**धनबाद।** सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में धनबाद में ह्लएक भारत, आत्मनिर्भर भारत यूनिटी मार्चह्व का आयोजन किया गया। इस पदयात्रा में सांसद ढुल्लू महतो, विधायक राज सिंह, विश्वविद्यालयों के छात्र-छात्राएं, एनसीसी कैडेट्स और विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में शामिल हुए। मार्च की शुरूआत धनबाद पॉलिटेक्निक विश्वविद्यालय परिसर से हुई और यह रणधीर वर्मा चौक तक निकाली गई। पूरे मार्ग में देशभक्ति और एकता के नारों से माहौल गूंज उठा। सांसद ढुल्लू महतो ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल के योगदान को जन-जन तक पहुंचाने का यही कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। अगर सरदार पटेल न होते तो आज का एकजुट भारत संभव नहीं था। उन्होंने लौह पुरुष को आधुनिक भारत की एकता का प्रतीक बताया। वहीं विधायक राज सिन्हा ने कहा कि युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के तहत यह यूनिटी मार्च पूरे देश में निकाला जा रहा है। सरदार पटेल की प्रेरणा से आज भारत कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक एक सशक्त और एकजुट राष्ट्र के रूप में खड़ा है। एनसीसी कैडेट्स और विश्वविद्यालय के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर लोगों को राष्ट्रीय एकता और अखंडता का संदेश दिया। यह आयोजन युवाओं के लिए प्रेरणादायक साबित हुआ और एक भारत, श्रेष्ठ भारत के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया गया।

## भारत जनवादी नौजवान कमिटी ने रैली व धरना प्रदर्शन कर अपनी मांगों को रखा

**नवप्रदेश/धनबाद।** धनबाद के झारिया स्थिति लोदना क्षेत्र में आउटसोर्सिंग कंपनी के अंदर कोयला उत्खनन कर रहे मजदूरों के साथ हो रहे अन्याय और झारिया विस्थापन की लिस्ट से लोदना क्षेत्र को बाहर किए जाने सहित अपनी 12 सूत्री मांगों को लेकर मंगलवार को भारत जनवादी नौजवान लोदना क्षेत्रीय कमिटी द्वारा रणधीर वर्मा चौक पर रैली और धरना प्रदर्शन के माध्यम से उपायुक्त को मांग पत्र सौंपा गया। धरना प्रदर्शन की अगुवाई कर रहे कमिटी के लोदना क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रजा पासवान ने बताया कि लोदना क्षेत्र में बीसीसीएल द्वारा देवप्रभा प्राइवेट लिमिटेड द्वारा बगडिगी कोलियरी के सुश्री आउटसोर्सिंग में कार्यरत मजदूरों के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि न तो यहां कार्यरत मजदूरों समान कार्य का समान वेतन दिया जा रहा है एयर न बोनस दिया जाता है। मजदूरों को बैल की तरह 12-12 घंटे खटाया जाता है। इसके अलावा न तो यहां लोगों के लिए आउटसोर्सिंग कंपनी द्वारा सुरक्षित सड़क बनाया गया और न ही लोदना वासियों को जेआरडीए की ओर से झारिया मास्टर प्लान के तहत विस्थापित ही किया जा रहा है। लोदना वासियों को जबरन और मनचाहे तरीके से वहां से पलायन करने को विवश किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यही वजह है कि आज भारत जनवादी नौजवान लोदना क्षेत्रीय कमिटी द्वारा रणधीर वर्मा चौक पर रैली और धरना प्रदर्शन कर मजदूरों की समस्याओं और लोदना वासियों के दर्द को उपायुक्त तक पहुचाने का प्रयास किया जा रहा है।

## बीसीसीएल में 47वीं कंपनी स्तरीय वार्षिक त्रिपक्षीय सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन

**नवप्रदेश/धनबाद।** सीएमडी मनोज कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई बैठक। डीजीएमएस अधिकारियों एवं सेफ्टी बोर्ड सदस्यों की सहभागिता के साथ सुरक्षित खनन पर हुई महत्वपूर्ण चर्चा। बीसीसीएल द्वारा आज कोयला भवन, मुख्यालय में 47वीं कंपनी स्तरीय वार्षिक त्रिपक्षीय सुरक्षा समिति की बैठक का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर बीसीसीएल, खनन सुरक्षा महानिदेशालय (डीजीएमएस) तथा बीसीसीएल सेफ्टी बोर्ड के सदस्यगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीएमडी, बीसीसीएल मनोज कुमार अग्रवाल ने की। अवसर पर एम. बिदारी (डीडीजी, डीजीएमएस) सेंट्रल जोन, निदेशक (मानव संसाधन), मुरली कृष्ण रमैया, निदेशक (तकनीकी) परियोजना एवं योजना, निलाद्री रॉय सहित डीजीएमएस के अन्य वरिष्ठ अधिकारी तथा कंपनी स्तरीय सुरक्षा बोर्ड के सभी सम्मानित सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में डीजीएमएस के डॉ. सागेश कुमार (डीएमएस), ए.के. दास, डीएमएस (सेंट्रल जोन), सी. पल्लानीमलाई, डीएमएस (इलेक्ट्रिकल), एस.के पेदाडा, डीएमएस (मैकेनिकल) तथा डीडीएमएस, मो. जे.आलम, राहुल पुरोहित, के.श्रीकांत, आर.एस. मेहता, एच.गौतम, अश्वनी कुमार तथा बीसीसीएल सेफ्टी बोर्ड के सदस्य उमेश कुमार सिंह (डीसीकेएस), ए.एम पॉल (बीसीकेयू), आर.के तिवारी (बीसीएमयू), शिशिर कुमार महतो (एआईटीयूसी), रंजय कुमार (जेएमएस) तथा आर.पी. सिंह (केआईएमपी) ने अपनी सहभागिता की।

# मैथन डैम में एडवेंचर बोटिंग पर बवाल, ग्रामीणों के विरोध के बाद उद्घाटन कार्यक्रम रद्द

**नवप्रदेश संवाददाता**

**धनबाद/मैथन।** धनबाद के मैथन डैम स्थित गोगना छठ घाट के समीप डीवीसी प्रबंधन के सहयोग से शुरू की गई एडवेंचर बोटिंग परियोजना का मंगलवार को स्थानीय ग्रामीणों ने जोरदार विरोध किया। उद्घाटन कार्यक्रम में झारखंड के पर्यटन मंत्री सुदीप कुमार सोनू, निरसा विधायक अरूप चटर्जी और डीवीसी परियोजना प्रमुख सुमन कुमार सिंह को शामिल होना था, लेकिन भारी विरोध प्रदर्शन के कारण कार्यक्रम रद्द करना पड़ा। आज सुबह से ही गोगना बस्ती के सैकड़ों ग्रामीण काले झंडे लेकर जुलूस की शक्ल में डैम किनारे पहुंचे और डीवीसी प्रबंधन तथा स्थानीय प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। ग्रामीणों ने विधायक और परियोजना प्रमुख का पुतला दहन करते हुए चेतावनी दी कि बाहरी ठेकेदारों को काम नहीं करने दिया जाएगा। ग्रामीणों का कहना है कि वे सभी विस्थापित परिवारों से हैं और डैम क्षेत्र में होने वाले विकास कार्यों में उनकी प्रत्यक्ष भागीदारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने आरोप लगाया कि डीवीसी बाहरी एजेंसियों को ठेका देकर स्थानीय लोगों की अनदेखी कर रहा है। चार दिन पूर्व इसी मुद्दे पर विधायक अरूप चटर्जी और परियोजना प्रमुख सुमन कुमार सिंह की ग्रामीणों व स्थानीय नेताओं के साथ बैठक हुई थी, लेकिन कोई सहमति नहीं बन पाई। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक विस्थापितों की भागीदारी पर ठोस निर्णय नहीं होता, तब तक किसी भी नई परियोजना को शुरू नहीं होने देंगे। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो आने वाले दिनों में और भी व्यापक आंदोलन किया जाएगा।

# राज्य स्थापना के 25वें गौरवशाली वर्ष के अवसर पर रन फॉर झारखंड कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**एकता, ऊर्जा व उत्साह के संग उपायुक्त आदित्य रंजन ने रन फॉर झारखंड में जिलावासियों के साथ लगाई दौड़**

**नवप्रदेश संवाददाता**

**धनबाद।** राज्य स्थापना के 25वें गौरवशाली वर्ष के अवसर पर आज रणधीर वर्मा स्टेडियम से रन फॉर झारखंड कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने एकता, ऊर्जा और उत्साह के साथ इस कार्यक्रम में जिलावासियों के साथ दौड़ लगाई और झारखंड रजत जयंती कार्यक्रमों एवं धरती आबा भगवान् बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती कार्यक्रमों के जिला स्तरीय श्रृंखला की शुरूआत की।

इस दौरान उपायुक्त आदित्य रंजन ने जिलावासियों के साथ गोल्फ ग्राउंड से रन फॉर झारखंड की शुरूवात की जो की सिटी सेंटर होते हुए पूजा टाकीज, डी आर एम चौक, कोर्ट मोड़ , रणधीर वर्मा चौक होते हुए पुनः गोल्फ ग्राउंड में रन फॉर झारखंड कार्यक्रम को समाप्त किया। इस आयोजन में बालिका वर्ग में पहले स्थान पर रूबी कुमारी, दूसरे स्थान पर तनु कुमारी, तीसरे स्थान पर साक्षी कुमारी रही। वहीं बालक वर्ग में पहले स्थान पर राकेश महतो, दूसरे स्थान पर विजय कुमार तथा तीसरे स्थान पर मोतीलाल महतो रहें। इन सभी विजेताओं को उपायुक्त महोदय द्वारा क्रमशः 3000, 2000, 1000रुपए का चेक तथा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

रन फॉर झारखंड कार्यक्रम के अतिरिक्त गोल्फ ग्राउंड में जुंबा, आर्चरी, बॉक्सिंग, फुटबॉल, बैडमिंटन समेत अन्य खेलों का भी आयोजन किया गया जिसमे जिलेवासियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में झारखंडी कला को भी झारखंडी नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। इस दौरान उपायुक्त आदित्य रंजन ने सभी खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया साथ हीं बेहतर भविष्य की शुभकामनाएं दी। उपायुक्त आदित्य रंजन ने कहा की झारखण्ड राज्य स्थापना दिवस (15 नवम्बर) के अवसर पर राज्य की एक और गौरव को बढ़ावा देना है। साथ ही युवाओं में स्वास्थ्य, फिटनेस और खेल भावना को प्रोत्साहित करना है। फिट झारखंड हेल्दी झारखंड का संदेश जन-जन तक पहुँचाना है। खेल एवं पर्यटन के माध्यम से स्थानीय सहभागिता और सामाजिक एकता को सुदृढ करना हमारा उद्देश्य है। उन्होंने कहा की झारखंड का यह 25वां वर्ष गौरव, संकल्प और विकास का प्रतीक है। उन्होंने ने आगे कहा कि रन फॉर झारखंड के माध्यम से हम राज्य के प्रति अपनत्व, एकता और विकास की भावना को मजबूती देना चाहते हैं। राज्य स्थापना की यह रजत जयंती 15 नवम्बर को पूरे उत्सवपूर्ण माहौल में मनाई जाएगी। जिसमे आप सभी जिलावासी की सहभागिता महत्वपूर्ण है। आप सभी जिला वासियों से यह अपील है की राज्य स्थापना की यह रजत जयंती के सभी कार्यक्रमों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लें।

मौके पर सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव, जिला वन्य प्रमंडल पदाधिकारी विकास पालीवाल, नगर आयुक्त रविराज शर्मा, एडीएम सप्लाई जियाउल अंसारी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी मुकेश बाउरी, जिला खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा, विभिन्न अंचल अधिकारी, समेत जिला के कई अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहें।

## धनबाद में पुलिस की पाठशाला का आयोजन

**छात्रों को साइबर क्राइम व ट्रैफिक नियमों की दी गई जानकारी**

**नवप्रदेश संवाददाता**

**धनबाद।** वरीय पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) के निर्देश पर मंगलवार को झाडूडीह स्थित कार्मेल स्कूल में एक विशेष पुलिस की पाठशाला जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अनूठी पहल का उद्देश्य स्कूली बच्चों के साथ पुलिस का संबंध स्थापित करना और उन्हें विभिन्न सुरक्षा पहलुओं के बारे में जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान सिटी एसपी धनबाद ऋत्विक श्रीवास्तव ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि पुलिस से डरने की जरूरत नहीं है, बल्कि पुलिस आपके लिए एक दोस्त और सहयोगी के तौर पर हमेशा तत्परता से खड़ी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पुलिस हमेशा आपके द्वार पर मौजूद है और किसी भी आपात स्थिति में सहायता के लिए तुरंत उपलब्ध रहती है। इस संवाद सत्र ने बच्चों के मन से पुलिस के प्रति व्याप्त भय को कम करने और विश्वास को बढ़ाने का काम किया। उन्होंने कहा कि पुलिस की पाठशाला में मुख्य रूप से तीन महत्वपूर्ण विषयों पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिसमें साइबर क्राइम, ट्रैफिक नियम और पास्को एक्ट (बच्चों के यौन उत्पीड़न से संरक्षण अधिनियम) साइबर जागरूकता में बच्चों को डिजिटल दुनिया में बढ़ते खतरों जैसे ऑनलाइन धोखाधड़ी, फिशिंग और सोशल मीडिया के दुरुपयोग से सतर्क रहने के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि किस तरह साइबर अपराधी नए-नए तरीकों से लोगों को निशाना बना रहे हैं और इससे बचने के लिए क्या करना चाहिए और क्या नहीं। एसपी ने जोर देकर कहा कि साइबर क्राइम का नेचर दिन-प्रतिदिन इवॉल्व हो रहा है, इसलिए हमेशा जागरूक रहना आवश्यक है। यातायात सुरक्षा में छात्रों को सड़क सुरक्षा के महत्व और ट्रैफिक नियमों का पालन करने की अनिवार्यता समझाई गई। उन्हें बताया गया कि हेलमेट पहनना, सीट बेल्ट लगाना, और सड़क पार करने के सही तरीके जैसे नियमों का पालन क्यों जरूरी है, ताकि वे दुर्घटनाओं से सुरक्षित रह सकें। बच्चों की पाठशाला में पॉस्को एक्ट की जानकारी विशेष रूप से दी गई। उन्हें सुरक्षित स्पर्श (सेफ टच) और असुरक्षित स्पर्श (अनसेफ टच) के बारे में बताया गया। बच्चों को सिखाया गया कि किसी भी तरह के यौन उत्पीड़न या असहज स्थिति में उन्हें चुप नहीं रहना है और तुरंत अपने शिक्षकों या अभिभावकों को सूचित करना है। वहीं कार्यक्रम के अंत में कई उत्साहित छात्राओं ने पुलिस अधिकारियों से सवाल भी पूछे और उन्हें धन्यवाद दिया। छात्राओं ने कहा कि इस कार्यक्रम से उन्हें पुलिस को एक सहायक शक्ति के रूप में देखने की प्रेरणा मिली है।

## एक नजर

### राज्य स्थापना दिवस सह राष्ट्रीय शिक्षण दिवस का आयोजन



**नवप्रदेश/गिरिडीह।** गिरिडीह कॉलेज गिरिडीह के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई I & II के द्वारा राज्य स्थापना दिवस एवं राष्ट्रीय शिक्षण दिवस के अवसर पर वाद्विवाद का आयोजन हुआ इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ अनुज कुमार,विशिष्ट अतिथि डॉ बलभद्र सिंह, अरुण शर्मा थे इस मौके पर प्राचार्य ने कहा कि मौलाना आजाद के भारत के शिक्षा में योगदान के कारण ही आजाद के जन्मदिन को भारत सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षण दिवस घोषित किया हैं डॉ बलभद्र ने आजाद के समय के भारत को समझने कि आवश्यकता पर बल दिया। शर्मा ने शिक्षण के महत्व कि बात कहीं रेणुका मरांडी ने यूजीसी के निर्माण को बताया एवं अभय कुमार सिन्हा ने कहा कि मौलाना आजाद अपनी आखिरी सास तक भारत के शिक्षा मंत्री रहे इस कार्यक्रम का मंच संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई कके प्रोग्राम ऑफिसर प्रो.डी के वर्मा ने किया जब कि धन्यवाद ज्ञापन राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई क्कक्की प्रोग्राम ऑफिसर प्रो श्वेता कुमारी ने किया कार्यक्रम का समापन कल लाल किला में कार विस्फोट में हुआ मृत्यु लोगों के प्रति मौन श्रद्धांजलि के साथ हुआ इस कार्यक्रम में बीएड के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### गादी श्रीरामपुर में निःशुल्क मेडिकल जांच शिविर

**नवप्रदेश/गिरिडीह।** सदर प्रखंड के गादी श्रीरामपुर पंचायत सचिवालय परिसर में आज सीएसआर (कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व) के तहत निरंजन मेटलिक फैक्ट्री की ओर से निःशुल्क मेडिकल जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डॉ. के. के. केडिया के नेतृत्व में सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक बीपी, शुगर एवं अन्य सामान्य स्वास्थ्य जांच के साथ मरीजों का उपचार किया गया। फैक्ट्री प्रबंधन की देखरेख में पूरे कार्यक्रम का संचालन हुआ। शिविर में सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लिया और निःशुल्क जांच व परामर्श का लाभ उठाया। डॉक्टरों ने स्वास्थ्य संबंधी कई महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए।मौके पर गादी श्रीरामपुर की मुखिया कंचन देवी, मुखिया प्रतिनिधि सुनील सिंह, पंचायत समिति सदस्य शुभकर गुप्ता, उपमुखिया रंजीत राय, अनिल राय सहित फैक्ट्री के प्रबंधकगण मौजूद थे। ग्रामीणों ने निरंजन मेटलिक प्रबंधन द्वारा किए गए इस सामाजिक पहल की सराहना की और ऐसे कार्यक्रम आगे भी करवाने की मांग की।

### उपायुक्त व वरीय पुलिस अधीक्षक ने हरी झंडी दिखाकर किया जागरूकता रथ को किया रवाना

**नवप्रदेश/धनबाद।** झारखण्ड राज्य स्थापना के 25वें गौरवशाली वर्ष के अवसर पर मंगलवार को धनबाद उपायुक्त आदित्य रंजन तथा वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने योजनाओं के प्रचार प्रसार हेतु समाहरणालय परिसर से सभी प्रखंडों तक जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान उपायुक्त ने कहा की यह जागरूकता रथ धनबाद जिला के सभी प्रखंडों के सभी पंचायतों के गांव-गांव जाकर झारखंड के रजत जयंती तथा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष में जन कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार करेगी। साथ हीं झारखंड के वीर गाथाओं को भी जन जन तक पहुंचाया जाएगा।

### शायर कलीमुल्लाह परवाना ने ईसीएल राजमहल परियोजना के महाप्रबंधक प्रभारी अरुपानंद नायक को दी बधाई

**नवप्रदेश/गोड्डा।** जाने माने कवि व शायर कलीमुल्लाह परवाना ने राजमहल परियोजना के महाप्रबंधक प्रभारी अरुपानंदरनायक को कोल इंडिया के अध्यक्ष द्वारा सर्वश्रेष्ठ क्षेत्रीय महाप्रबंधक पुरस्कार से सम्मानित करने पर उनके कार्यालय कच्छ में जाकर शुभकामनाएं एवं बधाई दी। इस अवसर पर परवाना ने महाप्रबंधक प्रभारी अरुपानंद नायक की कार्यशाली पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने अपनी कड़ी मेहनत और लगन से परियोजना को तरक्की की ऊंचाइयों तथा बुलंदियों पर पहुंचाकर परियोजना का राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का काम किया है उन्होंने महाप्रबंधक प्रभारी के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि अरुपानंद नायक जैसे सरल सुयोग्य कर्मठ लगन शील सद चरित्र एवं इमानदार महाप्रबंधक को अपने बीच पाकर हम सभी गोड्डा वासी धन्य है आपकी कार्यशैली एवं कर्तव्य परायणता पर हर किसी को गर्व है आपकी मृदु भाषिता की भी लोग चर्चा करते नहीं थकतेआप एक सरल हृदय वाले महाप्रबंधक प्रभारी हैं संक्षिप्त कार्यकाल में उन्होंने तमाम सहकर्मियों के साथ समन्वय स्थापित कर राजमहल खनी समूह को उत्पादन के क्षेत्र में राष्ट्रीय पहल पर लाकर खड़ा कर दिया जो कि आपकी कार्य क्षमता को दशार्ता है। आपने सूझबूझ का परिचय दिया है वह अनुकरणीय ही नहीं अपितु एक अलौकिक स्तंभ के रूप में मिल का पत्थर बनकर सदैव हम सभी का मार्गदर्शन करते रहेंगे आप एक ओजस्वी महाप्रबंधक प्रभारी हैं आप परियोजना से जुड़े सभी मुद्दों को बेहतर तरीके से निष्पादन किए हैं चाहे वह भू स्थापित का मुद्दा हो या फिर कर्मियों का सभी पहलुओं पर अपने अच्छे तरीके से काम किया है कोयला उत्पादन के क्षेत्र में परियोजना को अपने नंबर वन पर लाकर खड़ा कर दिया है इसी कड़ी में विश्व मानवाधिकार प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार साह ने भी महाप्रबंधक प्रभारी को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है वही शायर कलीमुल्लाह परवाना महाप्रबंधक प्रभारी अरुपानंद नायक पर शेरो शायरी प्रस्तुत करते हुए कहा कि राजमहल परियोजना की जान है अरुपानंद नायक राजमहल परियोजना की शान है। अरुपानंद नायक राजमहल की पहचान है अरुपानंद नायक राजमहल की अरमान है।

### हम भगवान के अंश है और वेद के अनुसार ईश्वर ही आनंद है : नीलमणि जी महाराज

**नवप्रदेश/धनबाद।** हीरापुर झारखण्ड मैदान धनबाद में चल रहे सात दिवसीय धारावाहिक प्रवचन श्रृंखला के द्वितीय दिवस जगदगुरुत्तम पौत्र श्री नीलमणि जी ने प्रथम दिवस जीव का परम लक्ष्य का ज्ञान कराते हुए एवं मानव शरीर का महत्व समझाते हुए कल हम उस लक्ष्य को कैसे प्राप्त कर सकेंगे इस पर प्रकाश डाला उन्होंने समझाया हम भगवान के अंश है और वेद के अनुसार ईश्वर ही आनंद है रसो वै सः अतएव उसी आनंद को प्राप्त करके ही हम आनंदमय हो सकते हैं लेकिन फिर उन्होंने शास्त्रों के अनुसार समझाया कि वो ईश्वर तो इन्द्रिय मन बुद्धि से परे है हम उसको जान ही नहीं सकते वो दिव्य है प्रकाशक है प्रेरक है ज्ञाता है। हम प्राकृत हैं उससे प्रकाशित हैं उससे प्रेरित हैं फिर उसको जानना असंभव है। लेकिन फिर शास्त्रों वेदों से ये ज्ञात हुआ कि उस ईश्वर को भी जाना जा सकता है और उसको केवल उसकी कृपा से ही कोई जान सकता है बिना उसकी कृपा के उस परम तत्व को सरस्वती बृहस्पति इंद्र ब्रह्मा कोई हो नहीं जान सकता लेकिन अगर उसकी कृपा हो जाये तो एक साधारण जीव भी उसको प्राप्त कर सकता है।

# दिल्ली की चौकसी पर गंभीर सवाल

**योगेश कुमार गोयल**

**शाम के करीब सात बजे जब दिल्ली अपनी सामान्य चहल-पहल में डूबी थी, अचानक लाल किला मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर-1 के पास तेज धमाका हुआ, जिसने पूरे इलाके को दहला दिया। कुछ ही पलों में कार जलते मलबे में बदल गई। आसपास खड़ी गाड़ियां आग की लपटों में घिर गई और घना धुआं आसमान में छा गया। यह दृश्य किसी युद्ध के बाद की तबाही जैसा था, आवाज इतनी भयावह कि चांदनी चौक से लेकर जामा मस्जिद तक सायरन और चीखों की गूंज फैल गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, एक सफेद हुंडई आई-20 कार में अचानक जबरदस्त विस्फोट हुआ। कार के परखच्चे उड़ गए और आग ने पास खड़ी गाड़ियों, ई-रिक्शा आदि को अपनी लपटों में ले लिया। कुछ ही सेकंड में पूरा इलाका दहशत के घेरे में था। अब तक की रिपोर्टों में कम से कम 11 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है।**

दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किला के पास सोमवार शाम को हुए कार विस्फोट ने न केवल देश की राजधानी दिल्ली बल्कि राष्ट्रीय चेतना को झकझोर दिया। शाम के करीब सात बजे जब दिल्ली अपनी सामान्य चहल-पहल में डूबी थी, अचानक लाल किला मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर-1 के पास तेज धमाका हुआ, जिसने पूरे इलाके को दहला दिया। कुछ ही पलों में कार जलते मलबे में बदल गई। आसपास खड़ी गाड़ियां आग की लपटों में घिर गईं और घना धुआं आसमान में छा गया। यह दृश्य किसी युद्ध के बाद की तबाही जैसा था, आवाज इतनी भयावह कि चांदनी चौक से लेकर जामा मस्जिद तक सायरन और चीखों की गूंज फैल गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, एक सफेद हुंडई आई-20 कार में अचानक जबरदस्त विस्फोट हुआ। कार के परखच्चे उड़ गए और आग ने पास खड़ी गाड़ियों, ई-रिक्शा आदि को अपनी लपटों में ले लिया। कुछ ही सेकंड में पूरा इलाका दहशत के घेरे में था। अब तक की रिपोर्टों में कम से कम 11 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है।दमकलकर्मियों ने आग बुझाने में कड़ी मशक्कत की जबकि दिल्ली पुलिस, बम निरोधक दस्ते, स्पेशल सेल और केंद्रीय एजेंसियों ने तुरंत पूरे क्षेत्र को सील कर दिया। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और जांच एजेंसियां इन फुटेज का विश्लेषण कर रही हैं ताकि पता लगाया जा सके कि वाहन में कौन सवार था और विस्फोट से पहले क्या गतिविधियां हुई। लाल किला केवल एक राष्ट्रीय स्मारक नहीं बल्कि भारतीय लोकतंत्र और अस्मिता का प्रतीक है। इसकी दीवारों पर हर स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री का भाषण गूंजता है। ऐसे पवित्र स्थल के समीप हुआ यह धमाका सुरक्षा व्यवस्था के सबसे गहरे स्तरों तक प्रश्न खड़े करता है। क्या यह कोई आतंकी हमला था या कोई सुनियोजित साजिश अथवा किसी लापरवाही का परिणाम? फिलहाल जांच एजेंसियां इन सवालों के उत्तर खोज रही हैं पर यह स्पष्ट है कि यह घटना किसी सामान्य तकनीकी दुर्घटना से कहीं अधिक गंभीर है। विस्फोट की तीव्रता ने न केवल वाहनों को चूर-चूर किया बल्कि लाल किला और आसपास की इमारतों तक को हिला दिया, आसपास की दुकानों के शीशे टूट गए और लोगों के दिलों में एक बार फिर वही पुराना भय लौट आया, वह भय जो दिल्ली ने 2001, 2005, 2008 और 2011 के धमाकों के दौरान महसूस किया था। सवाल यह है कि इतनी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बावजूद राजधानी के दिल में यह घटना कैसे घट गई? दिल्ली पुलिस और खुफिया एजेंसियों की निगरानी में लाल किला सबसे उच्च सुरक्षा वाले क्षेत्रों में शामिल है, जहां नियमित रूप से सीसीटीवी, ड्रोन और बीट पैट्रोलिंग की जाती है। फिर भी यदि इस स्तर का विस्फोट हो सकता है तो यह केवल तकनीकी विफलता नहीं बल्कि सुरक्षा मानसिकता की जड़ता का भी संकेत है। यह दशार्ता है कि हम अब भी उस सुरक्षित भ्रम में जी रहे हैं, जहां खतरे को हमेशा दूर मान लिया जाता है, जब तक कि वह हमारे दरवाजे पर दस्तक नहीं देता। इस धमाके की भयावहता का अनुमान इस बात से लगाया जा सकता है कि इसकी गूंज लगभग 200 मीटर दूर तक सुनाई दी और आसपास के वाहनों में आग फैल गई, फायर ब्रिगेड ने बड़ी मुश्किल से आग पर काबू पाया। पुलिस ने इलाके को घेर लिया और दिल्ली स्पेशल सेल, जो आतंकवाद और संगठित अपराध से जुड़े मामलों की जांच करती है, तुरंत मौके पर पहुंची, एनआईए और एनएसजी की टीमें भी सक्रिय हैं।

दिल्ली में ऐसा धमाका करीब 13 वर्ष बाद हुआ है। फरवरी 2012 में इजराइली राजनयिकों को निशाना बनाकर हुए बम धमाके के बाद से राजधानी अपेक्षाकृत शांत रही है। उससे पहले 7 सितंबर 2011 को दिल्ली हाई कोर्ट गेट नंबर-5 के पास हुए धमाके में 15 लोग मारे गए थे। 2008 के सिलसिलेवार धमाकों में तो दिल्ली का दिल ही दहल गया था, जब करोल बाग, कनॉट प्लेस और ग्रेटर कैलाश जैसे इलाकों में मौत और तबाही की कहानियां लिखी गई थी। उससे पहले 29 अक्तूबर 2005 को दीवाली से दो दिन पहले लश्कर-ए-तैयबा के आतंकियों ने पहाड़गंज, गोविंदपुरी और सरोजिनी नगर में एक साथ तीन धमाके किए थे, जिनमें 60 से अधिक निर्दोष लोगों की जान चली गई थी। यह लंबा इतिहास बताता है कि दिल्ली हमेशा से आतंकवादियों के निशाने पर रही है, क्योंकि यह न केवल सत्ता का केंद्र है बल्कि देश की आत्मा है।

लाल किला के पास हुआ यह विस्फोट उस समय हुआ, जब फरीदाबाद में करीब तीन हजार किलो संदिग्ध विस्फोटक बरामद हुआ। एक कश्मीरी डॉक्टर के किराए के मकान से 360 किलो विस्फोटक, हथियार और टाइमिंग डिवाइस बरामद किए गए थे। इस मामले में कई लोगों की गिरफ्तारी हुई, जिनमें मेडिकल प्रोफेशनल्स और मौलवी भी शामिल बताए गए। अब भले ही दोनों घटनाओं के बीच सीधा संबंध साबित नहीं हुआ हो लेकिन समय और भौगोलिक समीपता ने जांच एजेंसियों को सतर्क कर दिया है। यदि इन दोनों घटनाओं के बीच कोई भी कड़ी जुड़ती है तो यह स्पष्ट संकेत होगा कि कोई गहरी साजिश पनप रही थी, जिसे शायद पूरी तरह रोका नहीं जा सका। इस हादसे ने एक बार फिर सवाल उठाया है कि क्या हमारी खुफिया प्रणाली में समय रहते चेतावनी देने की क्षमता घट रही है? क्या सूचनाओं का साझा तंत्र अब भी कागजी प्रक्रियाओं में उलझा हुआ है? सुरक्षा केवल हथियारों, बुलेटप्रूफ जैकेटों या बड़ी टीमों से नहीं आती, यह निरंतर सतर्कता, सामुदायिक सहयोग और त्वरित इंटेलिजेंस साझा करने से बनती है। यदि फरीदाबाद जैसी घटनाओं के बाद तत्काल सतर्कता बढ़ाई जाती और वाहन जांच प्रणाली में रैंडम सर्च बढ़ाई जाती तो शायद यह विस्फोट टल सकता था।

बहरहाल, पीड़ितों के परिवारों के लिए यह दर्द केवल आंकड़ों का मामला नहीं बल्कि उनके लिए यह जीवन के उजाले का बुझ जाना है। अस्पतालों में घायल तड़प रहे हैं, कुछ ने अपने प्रियजनों को हमेशा के लिए खो दिया। प्रशासन के लिए यह करुणा और जिम्मेदारी की सबसे कठिन परीक्षा है। सरकार को त्वरित राहत, मुआवजा और पारदर्शी जांच सुनिश्चित करनी होगी। अपराधियों को पकड़ने और दोषियों को सजा दिलाने में किसी भी तरह की देरी इस देश की न्यायिक साख पर सवाल उठाएगी। हमारी प्राथमिकता इस समय तीन दिशाओं में होनी चाहिए, पीड़ितों के प्रति संवेदना, जांच में निष्पक्षता और भविष्य के लिए सबक। लाल किले के पास हुआ यह धमाका चेतावनी है कि सुरक्षा एक सतत प्रक्रिया है, जिसे हर नागरिक की जागरुकता, तकनीकी सशक्तता और प्रशासनिक दृढ़ता के साथ ही साकार किया जा सकता है। यह समय दोषारोपण का नहीं बल्कि आत्ममंथन का है, यह सोचने का कि क्या हम सुरक्षा के हर स्तर पर सचमुच उतने सजग हैं, जितना एक जिम्मेदार राष्ट्र को होना चाहिए।

दिल्ली की हवा में आज केवल धुआं नहीं बल्कि चिंता और सवाल तैर रहे हैं और जब तक इन सवालों का जवाब तथ्यों, साक्ष्यों और न्याय की कसौटी पर नहीं मिलता, तब तक यह विस्फोट केवल एक हादसा नहीं रहेगा बल्कि हमारी सामूहिक चेतना पर लगी गहरी चोट की तरह याद किया जाएगा। देश उम्मीद कर रहा है कि जांच एजेंसियां सच्चाई को उजागर करते हुए दोषियों को बेनकाब करेंगी और दिल्ली फिर से वही शहर बनेगी, जो हर संकट के बाद और मजबूत होकर उठ खड़ी होती है।

## भारत के मेडिकल, इंजीनियरिंग कॉलेज और विश्वविद्यालयों में आतंकवाद की फसल?

भारत के भीतर। भारत के ही कुछ लोग। खूब शिक्षित भी। इतने कि जिसे विश्व की सर्वोच्च डिग्री भी कहा जाता है। पेशे के रूप में भगवान का दर्जा। जाति से पुरुष भी। स्त्री भी। लेकिन आदमी नहीं, केवल आतंकवादी। कर्म से भी। सोच से भी। ये भारत में ही पैदा किए जा रहे। बड़ी संख्या में। इन्हें भटके हुए युवा नहीं कह सकते। इनके भीतर भारत और मनुष्यता है ही नहीं। ऐसे लोगों के लिए अब कोई काले कोट वाला भारतीय किसी अदालत में खड़ा दिखे तो देश की जनता को उससे प्रश्न भी करना चाहिए। दिल्ली फिर दहली है। 11 जानें भी गई हैं। पता चल रहा है कि कश्मीर के मेडिकल कॉलेज में एक शिक्षक भी रहा है। उसके साथ लखनऊ समेत कई बड़े शहरों के डॉक्टरों का आतंकी नेटवर्क इतना बड़ा? लगभग तीन हजार किलो विस्फोटक के साथ अभी खुलासों का सिलसिला ही शुरू हुआ था कि सांझ होते होते दिल्ली पर ही हमला ? तारो के जुड़ने की कहानी पुलवामा और अनंतनाग तक पहुंच गई। इससे पहले कि इस घटना पर कुछ बात की जाए, भारत की सीमाओं पर इन सर्द रातों में प्राणों को कफन ओढ़ा कर पहरा देने वाले भारतीय सेना और सुरक्षा बलों को नमन करना चाहिए। बाहरी दुश्मनों को रोकने में वे तो कामयाब हैं लेकिन भीतर?

जब यह कहानी लिख रहा हूं, भोर के चार बजे हैं। सुबह होने को है। मुझे ठीक से पता है कि इस रात भारत में ऐसे लाखों लोग होंगे जिन्हें नींद नहीं आई होगी। आधी रात तक अलग अलग माध्यमों से अपडेट जानने के बाद लाखों आंखों से नींद गायब ही रही होगी। दो लोग और हैं। नरेंद्र दामोदर दास मोदी और अमित अनिल चंद्र शाह। ये पल पल की जानकारी लेते, निर्देश देते और कुछ बड़ी योजना पर चिंता करते हुए अभी भी कुछ अवश्य कर रहे होंगे। ये दोनों ही अद्भुत व्यक्ति हैं। सोशल मीडिया पर कुछ परंपरागत प्रश्नकर्ता, बुद्धिजीवी उल्टियां कर रहे हैं। वे उसी जमात से जुड़े लोग हैं जिनको जेएनयू में अब विद्यार्थी परिषद से जुड़े छात्र नहीं चाहिए। जेएनयू में इस बात को दो दिनों से खूब उछाला जा रहा है। अनंतनाग के मेडिकल कॉलेज से लेकर जेएनयू तक भारत को टुकड़े करने की शिक्षा प्रदाता कौन सी एजेंसियां हैं?

भारत के प्रधानमंत्री की नीति, उनके नियोजन और रणनीति से दुनिया परिचित है। भितरघाती संक्रमणकर्ता उनको समझ ही नहीं सकते। भारत के गृहमंत्री ने सुबह सुरक्षा एजेंसियों की एक उच्चस्तरीय बैठक की घोषणा भर की थी रात को। तत्काल पड़ोसी आतंकी मुल्क की सरकार ने भी बड़ी बैठक आहूत कर ली। यह हाल तब है जब किसी आतंकी संगठन का नाम अभी तक भारत की किसी एजेंसी ने नहीं लिया है। अभी केवल प्राथमिक सूचना ही दर्ज की गई है। विश्व को मालूम है कि ऑपरेशन सिंदूर अभी जारी है। विश्व को भारत पहले ही बता चुका है कि भारत के भीतर की आतंकी घटना को भारत के विरुद्ध युद्ध ही माना जाएगा और इसका प्रत्युत्तर भारत देगा भी। विश्व को यह भी मालूम है कि भारत के गृहमंत्री कौन हैं और ऐसी घटनाएं जब होती हैं तो आंतरिक सुरक्षा के लिए वह किस हद तक जा सकते हैं। भारत को नक्सलमुक्त बनाने वाले अमित अनिलचंद्र शाह को भीतर के आतंकियों और घुसपैठियों से अच्छे से निपटना भी आता है। वह केवल कहते नहीं, कर के दिखाते भी हैं। इसका सबसे बड़ा प्रमाण दिल्ली में शाम को हुई घटना के बाद से अब तक देश और दुनिया में होने वाली हलचलों से जान सकते हैं।

## पाक का सवैधानिक तानाशाह

सैयद असीम मुनीर अहमद शाह को पाकिस्तान का शहंशाह कहें अथवा संवैधानिक तानाशाह कहें या बेताज बादशाह कह लें, लेकिन वह ऐसे शख्स हैं, जो राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और सर्वोच्च अदालत से भी सुप्रीम हैं। दुनिया में ऐसा कोई दूसरा उदाहरण नहीं है। सैन्य शासक तानाशाह हो सकते हैं या उत्तरी कोरिया का तानाशाह किम जोंग उन है, लेकिन कोई देश जम्हूरियत (लोकतंत्र) का स्वांग भरे, चुनाव कराने का ढोंग किया जाए, वहां का सेना प्रमुख, अंततः, मुल्क का शहंशाह बन जाए, यह विरला उदाहरण पाकिस्तान में ही सामने आया है। कठपुतली प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ शुक्र मना सकते हैं कि उनकी हुकूमत का तख्तापलट नहीं किया गया। अलबत्ता पाकिस्तान में कथित निर्वाचित सरकारों की हुकूमतें पलटी जाती रही हैं और सेना प्रमुख तानाशाह राष्ट्रपति बनते रहे हैं। अयूब खान, याह्या खान, जिया उल हक और परवेज मुशर्रफ सरीखे तानाशाहों ने पाकिस्तान पर हुकूमत की है, लेकिन उनके अंत बेहद त्रासद् और दयनीय रहे हैं। मौजूदा फील्ड मार्शल एवं सेना प्रमुख जनरल मुनीर इन तमाम तानाशाहों को पीछे छोड़ कर एक ऐसा उदाहरण बन चुके हैं, जो दुनिया में लोकतंत्र, संविधान, संसद, मानवाधिकार सरीखी व्यवस्थाओं और उनके नागरिक मूल्यों को चिढ़ा रहे हैं। उनका मखौल उड़ा रहे हैं। मुनीर खुद ही पाकिस्तान का नया तानाशाह नहीं बना। उन्होंने हुकूमत और संसद को विवश किया है। संसद और सीनेट में यह संविधान संशोधन पारित किया गया है और मुनीर के लिए एक नए पद का सृजन किया गया है-ह्यचीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेज (सीडीएफ)। यह पद चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ भारत में भी है, लेकिन वह निरंकुश और स्वयंभू नहीं है। वह राष्ट्रपति और केंद्रीय कैबिनेट के अधीन सेवारत है। पाकिस्तान के सीडीएफ मुनीर को न तो राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री हटा सकते हैं और न ही सर्वोच्च अदालत में कोई केस किया जा सकता है। वह कानून और अपराध से बहुत परे हैं। वह ताउम्र फौजी की वर्दी पहन सकेंगे और थल सेना, वायुसेना, नौसेना के प्रमुखों की नियुक्ति करेंगे। दरअसल अब पाकिस्तान में राष्ट्रपति सेनाओं के सुप्रीम कमांडर नहीं, बल्कि सीडीएफ मुनीर नए सर्वोच्च जनरल होंगे। तीनों सेनाएं और उनके प्रमुख अब सीडीएफ को जवाबदेह होंगे। जाहिर है कि राष्ट्रपति भी कठपुतली बन कर रह जाएंगे। मुनीर को उनकी नई सत्ता से बेदखल करने का एक ही अंतिम रास्ता है-संसद में महाभियोग सरीखा प्रस्ताव दो-तिहाई बहुमत से पारित कराना। यह भी असंभव लगता है, क्योंकि उस प्रस्ताव की इजाजत फौज से भी ली जाएगी। क्या कोई सेना प्रमुख अपने सीडीएफ के खिलाफ महाभियोग की अनुमति देने का दुस्साहस कर सकता है? दूसरा असंभव-सा रास्ता यह लगता है कि अंततः अदालती फैसलों के बाद इमरान खान जेल से बाहर आएं और उनके नेतृत्व में पाकिस्तान की अवाम सडकों पर बिछ जाए। उस आंदोलन को जमात-ए-इस्लामी का भी समर्थन हो। मरने-कटने की परवाह न हो। आजादी की नई लड़ाई जैसा संघर्ष हो, तब मुनीर को पाकिस्तान छोड़ कर भागने को विवश किया जा सकता है! दुनिया में बड़े-बड़े, ताकतवर राष्ट्रध्यक्षों, राष्ट्रपतियों, प्रधानमंत्रियों को देश छोड़ कर भागने पर मजबूर होना पड़ा है, इसका इतिहास साक्षी है। पाकिस्तान के भी बदतर हालात हैं। अफगानिस्तान के तालिबान, बलूच लड़ाके, टीटीपी, टीएलपी, पाक अधिकृत कश्मीर के विद्रोही आदि ने चारों तरफ से पाकिस्तान को घेर रखा है। अफगान तालिबान ने पाकिस्तान को सात खंडों में विभाजित करने को मोर्चे तैनात कर लिए हैं। विद्रोही पाकिस्तान के पंजाब तक पहुंच चुके हैं और इस्लामाबाद को हिला देने की हुंकारें भर रहे हैं। खैबर, बलूचिस्तान, अफगान सीमा पर पाकिस्तान के फौजियों को विस्फोटों से उड़ा कर मारा जा रहा है। उनकी चौकियों पर कब्जे किए जा रहे हैं। सीडीएफ बनकर मुनीर कौन-सा मोर्चा फतेह कर लेगा? वह अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप के साथ सौदेबाजी कर सकता है और मुल्क का शहंशाह बन सकता है। सवाल है कि अमरीकी राष्ट्रपति कब तक और किसके सगे हुए हैं? मुनीर पाकिस्तान के दुर्लभ खनिजों के सौदे अमरीका के साथ नहीं कर सकते, क्योंकि वहां विद्रोही सशस्त्र तैनात हैं और वे अब पाकिस्तान से अलग होने पर आमादा हैं।

# पश्चिमी हिमालय में जैव विविधता और उसका महत्व

जैव विविधता मानव जीवन और आर्थिक संपन्नता का आधार है। प्रकृति जैव विविधता के माध्यम से ही सृष्टि की एक-दूसरे पर आधारित व्यवस्था को चलाती है। हिमालय पारिस्थितिकी तंत्र करोड़ों एशियावासियों के लिए आजीविका और रोजगार के साधन उपलब्ध करवाता है। भारतीय हिमालय वनस्पति, वन्य प्राणी, ग्लेशियर, बर्फ, पारंपरिक ज्ञान, और पर्वतीय कृषि विविधता के लिए महत्वपूर्ण है। गंगा और सिंध के मैदानों को हरा-भरा बनाने वाली नदियां हिमालय से ही निकलती हैं। पर्यावरणीय दृष्टि से हिमालय बहुत संवेदनशील है। यह दुनिया के 34 जैव विविधता के लिए सबसे संवेदनशील स्थलों में से एक है। हिमालय के वन इसकी जैव विविधता के मुख्य आधार हैं। वनस्पति और वन्यप्राणी विविधता स्वस्थ वनों के बिना संभव ही नहीं है। बढ़ती आबादी, वन उत्पादों की बढ़ती मांग, और प्रबन्धन की कमियों के चलते वन संसाधन और वनों पर आधारित जैव विविधता घटते जा रहे हैं। जिससे हिमालय परिस्थिति तंत्र द्वारा दी जाने वाली अनेक पर्यावरणीय सेवाएं भी खतरे में पड़ती जा रही हैं।

हिमालय के वनों द्वारा दी जा रही पर्यावरणीय सेवाओं का वार्षिक मूल्य, 1150 डॉलर प्रति हेक्टेयर आंका गया है। हिमालय में 18440 वनस्पति प्रजातियां, 1748 जड़ीबूटी प्रजातियां, 675 कंद मूल फल प्रजातियां चिह्नित की गई हैं। हिमालय द्वारा दी जाने वाली मुख्य पर्यावरणीय सेवाएं निम्न हैं- फल, चारा, ईंधन, खाद, रेशा, और दवाई, चरागाह, और अन्य गैर इमारती वन उत्पाद प्रदान सेवाएं। जलवायु नियमन, वायु की गुणवत्ता नियमन, पानी की मात्रा और गुणवत्ता का नियमन, भूमि कटाव नियंत्रण, परागण, कीट नियंत्रण सेवाएं। मिट्टी निर्माण, उपजाऊ तत्वों का पुनःचक्रीकरण, पानी का चक्रीकरण, बर्फ और ग्लेशियर द्वारा वर्ष पर्यंत जल प्रदान सेवाएं। सांस्कृतिक विविधता, पारंपरिक ज्ञान, पर्यावरण मित्र पर्यटन, सौन्दर्य सेवाएं आदि।

जैव विविधता के विनाश से उपरोक्त सभी सेवाएं प्रदान करने की हिमालय की सामर्थ्य क्षीण होती जाएगी, जिससे भारतीय महाद्वीप में जीवनयापन के लिए कई समस्याएं पैदा हो जाएंगी जिनका समाधान संभव नहीं होगा। जैव विविधता के लिए खतरों का आकलन करने के लिए हिमालय को पांच हजार फुट से ऊंचे क्षेत्र और पांच हजार फुट से कम ऊंचाई वाले क्षेत्र इन दो भागों में देख सकते हैं। ऊंचाई वाले क्षेत्रों में मुख्य खतरा निम्न कारणों से है, ज्यादा कीमती जड़ी-बूटियों का अति दोहन, कृषि में एकल प्रजाति खेती को प्रोत्साहन, जलवायु परिवर्तन, बड़ी परियोजनाओं के निर्माण कार्य, दुर्लभ वन्य जीवों का शिकार आदि। कम ऊंचाई वाले क्षेत्रों में जैव विविधता के लिए मुख्य खतरे निम्न हैं- खरपतवार, वनों में लगने वाली आग, सुधार वानिकी के चलते एकल प्रजाति चीड़ आदि रोपण, अवैज्ञानिक तकनीक से सड़क निर्माण और अन्य परियोजना निर्माण, सांस्कृतिक एकरूपता के प्रयास, स्थानीय बोलियों और पारंपरिक ज्ञान का ह्रास आदि।

इन कारणों से जैव-विविधता के ह्रास के चलते जहां एक ओर ग्लेशियर पिघल रहे हैं और बर्फ रेखा पीछे हट रही है। वहीं वनों में विविधता के घटने से जल संरक्षण में भी कमी आ रही है। इसका सबसे ज्यादा दुष्प्रभाव खेती पर पड़ रहा है। सिंचाई के लिए क्षेत्रीय टकराव बढ़ रहे हैं। दूसरी ओर खरपतवारों के आक्रमण के कारण बेकार हो चुकी चरागाहों के चलते पर्वतीय क्षेत्रों में चारे का संकट खड़ा हो गया है। पंजाब और हरियाणा से तूड़ी लाकर कमी पूरी की जा रही है। यह तूड़ी पहाड़ों तक पहुंचते 10 से 15 रुपये किलो तक हो जाती है। इतनी महंगी घास से पशुपालन आर्थिक रूप से घाटे का सौदा बनता जा रहा है। वनों में विविधता के नाश से अन्य वन्य प्राणियों के लिए भी भोजन का संकट पैदा हो गया है। इसलिए मानव-वन्यप्राणी टकराव बढ़ता जा रहा है। विशेषकर बंदर, सूअर, नीलगाय द्वारा फसलों को नुकसान के चलते किसान कई इलाकों में खेती छोड़ने पर मजबूर हो चुका है। बेसहारा छोड़े जा रहे पशुओं के पीछे भी चरागाहों में खरपतवार के कारण घास उत्पादन समाप्त होना एक कारण है। जड़ी-बूटियों के नष्ट होने से स्थानीय स्तर पर मनुष्यों और पशुओं के इलाज की पारंपरिक व्यवस्थाएं और ज्ञान भी समाप्त होता जा रहा है। बौद्धिक संपदा कानूनों की जानकारी और जागरुकता के अभाव में बहुत सा पारंपरिक ज्ञान अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक संस्थाओं द्वारा पेटेंट कानूनों का दुरुपयोग करके चुराया जा रहा है।

समय की जरूरत है कि जैव विविधता के संरक्षण के लिए गंभीरता से प्रयास किए जाएं। 2002 में संसद ने जैव विविधता कानून पास करके इस दिशा में शुरूआती प्रयास किया है, जिसके तहत राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण, राज्य जैव विविधता बोर्ड और पंचायत स्तर पर जैव विविधता प्रबन्धन समिति के गठन का प्रावधान किया गया है।

जाहिर है कि जमीनी संरक्षण कार्य तो ग्राम पंचायत स्तर पर ही होना संभव है। इसलिए ग्राम पंचायत स्तरीय जैव विविधता प्रबन्धन समिति को सशक्त, कार्यक्षम और जागरूक बनाना पड़ेगा। एक्ट में इन पंचायत स्तरीय जैव विविधता समितियों को वन्य और कृषि जैव विविधता संरक्षण का कार्य सौंपा गया है, किन्तु 2004 में बनाए नियमों द्वारा उसकी संरक्षण की भूमिका को कमजोर कर दिया गया है और केवल जैव विविधता रजिस्टर बनाने तक ही उसे सीमित कर दिया गया है। रजिस्टर का इतना तो लाभ हो सकता है कि कोई व्यापारिक संस्था यदि पारंपरिक ज्ञान की चोरी करके उसका पेटेंट लेने की कोशिश करे तो उसे अंतरराष्ट्रीय नियमों के अंतर्गत रोका जा सकता है, किन्तु संरक्षण के काम को गति देने के लिए तो जमीनी स्तर पर पंचायत स्तरीय जैव विविधता प्रबन्धन समितियों को कार्यक्षम बनाना पड़ेगा।

कृषि क्षेत्र की जैव विविधता पर रासायनिक खेती प्रक्रियाओं का बड़ा विपरीत प्रभाव पड़ा है। संकर बीजों और जीन संशोधित बीजों के कारण पारंपरिक न्यूक्लियस बीजों का विनाश हुआ है। जीन संशोधित बीजों से क्षैतिज संदूषण का खतरा पैदा हो गया है। हालांकि अभी कपास के लिए ही जीन संशोधित बीजों की अनुमति है। धान के लिए प्रायोगिक अनुमति पर कार्य हो रहा है। किन्तु इसके खतरों का अभी कोई अनुभव नहीं है। इससे किसानों की बीज आत्मनिर्भरता बीज कंपनियों की गुलाम हो जाएगी। कीटनाशकों ने तितलियों मधु-मक्खियों आदि किसान के मित्र कीटों को भी हानि पहुंचाई है। फसलों में घास मारने वाली दवाइयों ने एकल फसल खेती को प्रोत्साहित किया है, जबकि पहले पर्वतीय क्षेत्रों में कई फसलों को एक साथ बोने की परंपरा थी।

गेहूं के साथ चना, सरसों आदि लगते थे। मक्की के साथ श्री धान्य (मिलेट्स),उड़द आदि लगते थे। उत्तराखंड में बारानाजा की परंपरा थी, जिसमें बारह प्रकार के अन्न एक साथ उगाए जाते थे। नस्ल सुधार कार्यक्रमों ने पशु विविधता को भी नष्ट किया है। देसी पहाड़ी, साहिवाल, हरयाणवी आदि देसी नस्लों की अपनी खूबियां थीं। खास कर उनका दूध ए-2 किस्म का होता है जो पाचक और ज्यादा स्वास्थ्य वर्धक माना जाता है। जैव विविधता की रक्षा इसलिए भी जरूरी है क्योंकि सभी वनस्पतियों और जीवों की उपयोगिता और गुणों की अभी तक विज्ञान को भी जानकारी नहीं है, जो जैव पदार्थ हमने खो दिया उसके गुणों से मानव समाज सदा के लिए वंचित हो जाएगा। परिस्थिति तन्त्र इतना पेचीदा और संवेदनशील होता है कि एक पदार्थ के लुप्त होने से उस पर निर्भर और कई जैव पदार्थ भी लुप्त हो जाते हैं। अतः विश्व समाज में विकास को टिकाऊ बनाने के लिए हमें जैव विविधता को वर्तमान और भविष्य की पीढ़ियों के लिए भी बचा कर रखना होगा।

**लेखकः-कुलभूषण उपमन्यु**

# झारखंड स्थापना दिवस उत्सव, जनभागीदारी और विकास के संकल्प का प्रतीक : उपायुक्त

**झारखंड स्थापना दिवस पर निकला जागरूकता रथ, पलामू में गूंजेगा विकास का संदेश**

**उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने हरी झंडी दिखाकर रथ को किया रवाना**

नवप्रदेश संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झारखंड राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा सोमवार को समाहरणालय परिसर से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उपायुक्त समीरा एस. एवं पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने संयुक्त रूप से रथ को रवाना करते हुए जिलेवासियों से राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाने की अपील की। रथ रवानगी के अवसर पर उपायुक्त समीरा एस.ने कहा कि राज्य स्थापना दिवस गौरव का क्षण है। झारखंड स्थापना दिवस उत्सव, जनभागीदारी और विकास के संकल्प का प्रतीक है। सरकार की योजनाओं की जानकारी प्रत्येक नागरिक तक पहुंचाना सभी की जिम्मेदारी है। जागरूकता ही सशक्त समाज की नींव है। जागरूकता रथ एवं नुक्कड़-नाटक के माध्यम से लोगों को सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर जागरूक किया जा रहा है। यह जागरूकता रथ जिले के सभी प्रखण्डों, पंचायतों एवं गांवों में भ्रमण करेगा और आम जनता को राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं, उपलब्धियों एवं विकास कार्यों की जानकारी देगा। रथ में लगे ऑडियो सिस्टम के माध्यम से योजनाओं के संदेश प्रसारित किए जा रहे हैं। साथ ही नुक्कड़-नाटक के माध्यम से बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से जागरूक किया जा रहा है, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों तक भी सरकार की योजनाओं की जानकारी प्रभावी रूप से पहुंच सके। हरी झंडी दिखाने के पूर्व उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक सहित सभी अधिकारियों ने नुक्कड़-नाटक टीम द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं जागरूकता रथ से प्रसारित हो रहे जागरूकता संदेश की प्रस्तुतियों को देखा व सुना। अधिकारियों ने कार्यक्रम प्रस्तुति की सराहना की। जागरूकता रथ को आकर्षक तरीके से सजाया गया है, जिसमें झारखंड के विकास यात्रा, राज्य सरकार की प्रमुख योजनाएं जैसे अबुआ आवास योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, पेंशन योजना, कृषि संबंधित योजनाओं सहित सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की झलक दिखाई गई है। साथ ही नुक्कड़-नाटक एवं ऑडियो के माध्यम से जागरूकता संदेश प्रसारित किए जा रहे हैं। रथ के माध्यम से 11 नवंबर से 29 नवंबर 2025 तक जिले के विभिन्न हिस्सों में जनजागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे, ताकि राज्य स्थापना को जनता के साथ मिलकर गौरव के रूप में मनाया जा सके। जागरूकता रथ रवानगी के मौके पर उप विकास आयुक्त जावेद हुसैन, अपर समाहर्ता कुंदन कुमार सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## रन फॉर झारखंड कार्यक्रम के तहत दौड़ा मेदिनीनगर, डीसी-एसपी संग बड़ी संख्या में युवाओं ने लगायी दौड़

नवप्रदेश संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झारखंड राज्य स्थापना दिवस के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मंगलवार को डीसी समीरा एस एवं एसपी रीष्मा रमेशन ने समाहरणालय परिसर से हरि झंडी दिखाकर युवाओं की टोली को एथलेटिक्स स्टेडियम,जी.एल.ए कॉलेज के लिये रवाना किया।इसके बाद विभिन्न पदाधिकारियों, स्कूल के छात्रों, नेहरू युवा केन्द्र के वॉलिंटियर्स समेत अन्य ने समाहरणालय परिसर से कचहरी, रेड़मा चौक होते हुए जीएलए कॉलेज तक दौड़ लगायी। इस दौड़ में युवाओं का जोश देखते ही बन रहा था। कुछ युवा हैप्पी बर्थडे झारखंड इन एडवांस के नारे लगाते हुए जीएलए कॉलेज स्टेडियम पहुंचे। यहां लड़कों एवं लड़कियों में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर रहने वाले प्रतिभागियों को डीसी-एसपी ने मोमेंटो प्रदान पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त समीरा एस, एसपी रीष्मा रमेशन, उप विकास आयुक्त जावेद हुसैन, अपर समाहर्ता कुंदन कुमार, सहायक समाहर्ता हिमांशु लाल, सदर एसडीएम सुलोचना मीणा, डीआरडीए निदेशक सह जिला खेल पदाधिकारी रतन सिंह, एनडीसी नीरज कुमार समेत अन्य बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे। ज्ञातव्य है कि इस वर्ष झारखण्ड @25 थीम के अंतर्गत जिले में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है जिसके तहत इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर मनरेगा के तहत जिले में विभिन्न कार्यक्रमों का हुआ आयोजन



**नवप्रदेश/मेदिनीनगर।** झारखंड राज्य स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर राज्य के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर ग्रामीण विकास विभाग के अनूठी पहल के तहत आज जिले के 21 प्रखंड तथा 265 पंचायत में मनरेगा अंतर्गत पूर्वाहन 8:00 बजे से पूर्वाहन 10:00 बजे तक मनरेगा प्रेरक प्रेरक नारे नारे लगाए गए जिसमें स्थानीय ग्रामीणमनरेगा श्रमिक महिला एवं पुरुष के सहभागिता देखी गयी। नारे के साथ ही पारंपरिक गीत एवं मंदार पर थाप दिया गया जिससे गांव की गलियां गूंज उठी दादू प्राण दादू प्रांत इसके पश्चात ग्रामीणों के साथ विशेष ग्राम सभा एवं एवं विशेष रोजगार दिवस का आयोजन किया गया साथ ही प्रखंड स्तर पर मनरेगा कर्मी, बागवानी सखी, महिला मेट, कोष प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। इस दौरान प्रखंड स्तर पर 112 कर्मियों को सम्मानित किया गया जिसमें 60 महिला मेट व 127 लाभुकों को भी सम्मानित किया गया। पूरे जिले में 2769 श्रमिकों के बीच जॉब कार्ड का वितरण किया गया। वहीं 4624 श्रमिकों द्वारा कार्य की मांग की गयी जिसके विरुद्ध 4,488 श्रमिकों को ऑन स्पॉट कार्य प्रदान कर दिया गया।

## झारखण्ड स्थापना दिवस के अवसर पर आंगनबाड़ी केन्द्रों में फूड फेस्टिवल एवं खेल-कूद कार्यक्रमों



**नवप्रदेश/मेदिनीनगर।** झारखण्ड स्थापना दिवस के अवसर पर पलामू जिले के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर फूड फेस्टिवल का आयोजन विशेष आकर्षण का केंद्र रहा, जिसमें आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं स्थानीय महिलाओं द्वारा ट्राइबल फूड (जनजातीय पारंपरिक व्यंजन) तैयार किए गए। इन व्यंजनों में स्थानीय रूप से उपलब्ध मोटे अनाज, दालें, हरी सब्जियाँ एवं पारंपरिक सामग्री का उपयोग किया गया। इसका उद्देश्य स्थानीय खाद्य परंपराओं को पुनर्जीवित करना एवं समुदाय में पौष्टिक आहार के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम में जन प्रतिनिधि एवं महिला पर्वेक्षिकाए की उपस्थिति रही। सभी ने विभिन्न व्यंजनों का अवलोकन किया तथा महिलाओं के प्रयास की सराहना की। इसके साथ ही आंगनबाड़ी स्तर पर खेल-कूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में आंगनबाड़ी सेविकाओं, सहायिकाओं, गर्भवती एवं धात्री माताओं, किशोरियों तथा बच्चों की भी सक्रिय भागीदारी रही। बच्चों ने विभिन्न खेलों में उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों को प्रोत्साहन स्वरूप प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम के अंत में जन प्रतिनिधि एवं महिला पर्वेक्षिकाए द्वारा झारखण्ड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत एवं समुदाय के सहयोग से संचालित पोषण संबंधी पहलों की सराहना की गई। इस आयोजन से न केवल स्थानीय भोजन एवं परंपराओं को बढ़ावा मिला, बल्कि समुदाय में स्वास्थ्य, पोषण और एकता का संदेश भी प्रसारित हुआ।

# बालू माफियाओं का दुस्साहस, बीडीओ को रौंदने का किया प्रयास

**जिले में बेलगाम हो गए हैं बालू माफिया, कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा**

नवप्रदेश संवाददाता



**उटांरी रोड ।** पलामू जिले के उंटारी रोड थाना क्षेत्र के सिरहा गांव में सोमवार देर रात बालू माफियाओं ने प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रवण कुमार भगत को कुचलने का प्रयास किया। बताया जाता है कि बीडीओ अवैध बालू परिवहन की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंचे थे। इसी दौरान एक ट्रैक्टर चालक ने बीडीओ को देखते ही ट्रैक्टर लेकर भागने लगा जिसे रोकने का प्रयास किया तो कुचलने की कोशिश की। गनीमत रही कि बीडीओ समय रहते बच गए, अन्यथा एक बड़ी अनहोनी हो सकती थी। भागते हुए ट्रैक्टर चालक ने नियंत्रण खो दिया और पास की एक झोपड़ी में जा घुसा। घटना की सूचना मिलते ही उंटारी रोड पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। वही मौजूद दो लोगों को जब पुलिस ने गिरफ्तार किया तो संतोष यादव नामक युवक जबरदस्ती युवकों को भगा दिया। इस संबंध में बीडीओ श्रवण भगत ने उंटारी रोड थाना में लिखित आवेदन देने की बात कही। उन्होंने बताया कि प्रशासन अवैध खनन और बालू कारोबार पर लगातार कार्रवाई कर रहा है, इसी कारण बालू माफिया बौखलाए हुए हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि दबाव या धमकी से पीछे हटने वाला नहीं हूं अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों पर सख्त कार्रवाई होगी। सूत्रों के अनुसार, इस अवैध कारोबार में संतोष यादव नामक युवक की संलिप्तता सामने आई है, जो कथित तौर पर बालू ट्रैक्टर मालिकों से दो अलग-अलग नंबरों पर फोनपे पर पैसा लेकर अवैध उठाव करवाता है। इस सम्बंध में थाना प्रभारी ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ तो जांचोपरांत कार्रवाई किया जाएगा। प्रशासन ने कहा है कि इलाके में अवैध बालू खनन के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## झारखंड राज्य स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर

नवप्रदेश संवाददाता

**गढ़वा।** झारखंड राज्य स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में दिनांक 12 नवम्बर 2025 से 28 नवम्बर 2025 तक जिले भर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविरों के आयोजन की घोषणा की गई है। इस विषय पर जानकारी साझा करने हेतु आज उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी दिनेश यादव ने एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया। प्रेस वार्ता में उपायुक्त के साथ पुलिस अधीक्षक अमन कुमार, अपर समाहर्ता राज महेश्वरम, सिविल सर्जन डॉ. जॉन एफ. कैनेडी सहित अन्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपायुक्त ने बताया कि झारखंड स्थापना दिवस राज्य की गौरवपूर्ण यात्रा का प्रतीक है, और इस अवसर पर रक्तदान जैसे महान कार्य के माध्यम से समाज सेवा का संदेश प्रसारित किया जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है। एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद के जीवन को बचा सकता है। अतः जिले के सभी नागरिकों, सरकारी कर्मचारियों, स्वयंसेवी संस्थाओं, शिक्षण संस्थानों तथा सामाजिक संगठनों से अपील है कि वे बढ़-चढ़कर इस अभियान में भाग लें। सिविल सर्जन डॉ. जॉन एफ. कैनेडी ने बताया कि रक्तदान शिविरों के संचालन हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ की जा चुकी हैं। प्रत्येक रक्तदाताओं के स्वास्थ्य परीक्षण, पंजीकरण और प्रमाणपत्र वितरण की समुचित व्यवस्था रहेगी। प्रेस वार्ता के अंत में उपायुक्त ने मीडिया प्रतिनिधियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए जनसहभागिता की अपील की और कहा कि यह अभियान समाज में मानवता और एकता का सशक्त संदेश देगा।

## पलामू में 26 तक चलेगा व्यापक कुष्ठ रोगी खोजो अभियान

नवप्रदेश संवाददाता

**पलामू।** जिले में कुष्ठ रोग की समय पर पहचान और उपचार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 26 नवंबर तक व्यापक कुष्ठ रोगी खोज अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान में 2260 सदस्यीय टीमें तैनात की गई हैं, जिनमें एक पुरुष और एक महिला कर्मी शामिल रहेंगे। वहीं 450 सुपरवाइजर निगरानी की जिम्मेदारी संभालेंगे। फिलहाल जिले में 2026 कुष्ठ रोगियों का इलाज चल रहा है। सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार श्रीवास्तव ने मंगलवार को सिविल सर्जन कार्यालय में बताया कि जिले की कुल आबादी 24 लाख 66 हजार 577 है, जिसमें 1844 गांव और 4 लाख 77 हजार 895 घर शामिल हैं, जिसमें एक अर्बन एरिया भी शामिल है। अभियान के तहत टीमें घर-घर जाकर संदिग्ध मरीजों की पहचान करेंगी। पुरुष कर्मी पुरुषों की और महिला कर्मी महिलाओं की जांच करेंगी। कुष्ठ रोग भी ट्यूबरक्लोसिस की तरह खांसने या छींकने से फैल सकता है। इसकी सबसे बड़ी चुनौती यह है कि प्रारंभिक अवस्था में इसके लक्षण स्पष्ट नहीं होते, जिससे मरीजों की पहचान में चार से पांच वर्ष का समय लग जाता है। संदिग्ध मरीजों को नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) भेजा जाएगा, जहां मेडिकल ऑफिसर जांच कर पुष्टि करेंगे। पुष्टि होने पर विभाग मरीजों को उपचार और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराएगा। वर्तमान में जिला कुष्ठ कार्यालय में 160 मरीज सूचीबद्ध हैं, जिन्हें प्रत्येक माह 500 रुपये की आर्थिक सहायता दी जा रही है। कुछ माह पहले विभिन्न सीएचसी स्तर पर सहिया, शिक्षक और सुपरवाइजरों को प्रशिक्षण दिया गया था, जिसके आधार पर अब टीमें मरीजों की पहचान करेंगी। अधिकारियों ने बताया कि प्रारंभिक चरण में ही कुष्ठ रोग का उपचार पूरी तरह संभव है, लेकिन देर होने पर यह बीमारी गंभीर रूप धारण कर लेती है। इसलिए पूरे जिले में टीमें सक्रियता और तत्परता के साथ अभियान में जुटी हुई हैं। मौके पर जिला कुष्ठ पदाधिकारी डॉ एसके रवि सहित अन्य मौजूद थे।

## जिला ज़िला कांग्रेस कमिटी का प्रशिक्षण सत्र संपन्न

नवप्रदेश संवाददाता

**गढवा।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में चल रहे जिला अध्यक्ष, पर्यवेक्षक, प्रखंड, मंडल अध्यक्ष एवं बीएलए मास्टर ट्रेनरों के प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत गढ़वा जिला कांग्रेस कमिटी का प्रशिक्षण सत्र लालगुटुवा बैंक्वेट हॉल, राँची में संपन्न हुआ। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के निदेर्शानुसार और झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के आह्वान पर आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना, कार्यकताओं वैचारिक रूप से प्रशिक्षित करना और जनता से जुड़ाव को और सशक्त बनाना है। कार्यक्रम में झारखंड प्रभारी के. राजू, सह प्रभारी श्रीबेला प्रसाद, तथा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश,नेता विधायक दल प्रदीप यादव कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने प्रशिक्षणार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान किया। इस अवसर पर गढ़वा जिला कांग्रेस अध्यक्ष ओबैदुल्लाह हक अंसारी ने कहा कि प्रशिक्षण संगठन के पुनर्निर्माण की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। कांग्रेस कार्यकर्ता यदि अपने कर्तव्यों और विचारधारा को गहराई से समझें, तो जनमानस के बीच सच्चाई और संवैधानिक मूल्यों की लौ कभी बुझ नहीं सकती। जिला प्रवेक्षक सत्यनारायण सिंह ने जानकारी देते हुए कहा कि गढ़वा जिला कांग्रेस के सभी पदाधिकारियों ने प्रशिक्षण में सक्रिय भागीदारी की। इस कार्यक्रम से संगठन में नई ऊर्जा, अनुशासन और जनसंपर्क की प्रतिबद्धता पैदा हुई है। यह प्रशिक्षण हमारे लिए केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि मिशन है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के सभी प्रखंड अध्यक्ष एवं मंडल अध्यक्षों ने भाग लिया और पार्टी के सिद्धांतों को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया।

## एक नजर

### भूपेंद्र सुपर मार्केट के खिलाफ अभी तक नहीं हुआ कोई करवाई दर दर भटक रहा दिव्यांग

**नवप्रदेश/चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड के बोडी पंचायत, के रहने वाला, छोटे अंसारी, पिता, मोहिबुद्दीन अंसारी, ने बीते एक सप्ताह पहले भूपेंद्र सुपर मार्केट के मैनेजिंग डायरेक्टर, भूपेंद्र चौधरी , व उनके पत्नी सरिता देवी के खिलाफ, प्राथमिकी दर्ज कराया था, छोटे, शारीरिक रूप से दिव्यांग है, जिसे गांव का अपने कंपनी द्वारा डीलरशिप का प्रलोभन देकर, लगभग, 52, हजार रुपए ले लिया गया और फ्रोड किया गया, भूपेंद्र चौधरी व उनके पत्नी के द्वारा, यह कहा गया था की तुम्हे सैलरी के तौर पर 5 हजार रुपए प्रतिमाह दिया जाएगा, मगर, ना अभि तक, सैलरी मिला नहीं चावल, छोटे द्वारा जिनलोगो को चावल वितरण करना था, वे लोग चावल, नहीं पैसा वापस करें ऐसे में दिव्यांग छोटे क्या करे थक हार कर उसने चैनपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई, छोटे का कहना है की मैं उस लायक भी नहीं हूं की कहीं मजदूरी कर के लोगो का पैसा चूकता कर सकूं, अब अगर न्याय की उम्मीद है तो सिर्फ शासन प्रशासन से, छोटे ही नहीं बहुत सारी महिला लोगों ने भी आवेदन दिया है जिनके साथ ऐसा हुआ है, सभी को न्याय की उम्मीद है।

### पीपरा पुलिस ने सरकारी भूमि से तीन हाईवा कोयला किया जप्त

**नवप्रदेश/हरिहरगंज।** पीपरा थाना क्षेत्र के चपरवार गांव समीप सरकारी भूमि पर अवैध रूप से रखे गए कोयले को प्रशासनिक टीम ने जप्त किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीपरा के अंचल अधिकारी जितेंद्र कुमार और थाना प्रभारी बिमल कुमार के संयुक्त नेतृत्व में यह कार्रवाई की गयी। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि सरकारी भूमि पर बिना अनुमति के अवैध रूप से कोयला लाकर रखा गया है। सूचना के आधार पर प्रशासनिक टीम मौके पर पहुंची और जांच के दौरान सरकारी भूमि पर रखें तीन हाईवा ट्रक कोयले को जब्त कर थाना परिसर लाया गया। जांच के दौरान किसी भी व्यक्ति के द्वारा कोयले से संबंधित किसी भी प्रकार के वैध कागजात प्रस्तुत नहीं किए जा सके। इस संबंध में कोयला भंडारण करने वाले अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है। अंचल अधिकारी ने बताया कि सरकारी भूमि का अवैध उपयोग कर कोयला भंडारण करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं थाना प्रभारी ने कहा कि अवैध कोयला कारोबार और सरकारी भूमि अतिक्रमण पर रोक लगाने के लिए नियमित अभियान चलाया जाएगा।

### बिहार चुनाव को लेकर हरिहरगंज, पीपरा पुलिस अलर्ट, तीन जगह वाहन जांच

**नवप्रदेश/हरिहरगंज।** बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर मंगलवार को हरिहरगंज व पीपरा पुलिस अलर्ट रही। एनएच-139 स्थित हरिहरगंज थाना के समीप बने इंटरस्टेट चेकपोस्ट पर पुलिस ने सघन वाहन जांच अभियान चलाया. पुलिस ने दोपहिया, चारपहिया व लग्जरी वाहनों की डिक्की और बैग की तलाशी ली। थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि चुनाव आज चल रहा है, इसलिए सीमा पर 24 घंटे जांच जारी है। सीमा को सील कर किसी भी अवैध गतिविधि पर रोक लगाई गयी है। वहीं पीपरा थाना प्रभारी बिमल कुमार के नेतृत्व में दमवा मोड़ पर और पथरा पिकेट प्रभारी मंटू कुमार के नेतृत्व में बेलघाट पर वाहनों की सघन जांच की गयी। पुलिस ने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी तरह की चूक न हो इसीलिए पुलिस 24 घंटे मुस्तैद है। वही पलामू जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त समीरा एस ने सीमावर्ती क्षेत्रों में कानून-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर सख्त निर्देश जारी किए हैं। आदेशानुसार, पलामू जिले की सीमा से 3 किलोमीटर की परिधि में निषेधाज्ञा लागू रहेगी, जो बिहार के संबंधित जिलों में चुनाव प्रक्रिया समाप्त होने तक प्रभावी रहेगी। जांच टीम में थाना के पुलिस पदाधिकारी समेत कई जवान शामिल थे।

### हरिहरगंज में रवि फसल कार्यशाला, किसानों को दी गई तकनीकी जानकारी



**नवप्रदेश/हरिहरगंज।** हरिहरगंज प्रखंड सभागार में मंगलवार को प्रखंड स्तरीय रवि कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन के माध्यम से प्रखंड प्रमुख कमला देवी और प्रखंड विकास पदाधिकारी पारितोष प्रियदर्शी ने संयुक्त रूप से की। कार्यशाला में प्रखंड कृषि पदाधिकारी ब्रजेश कुमार और तकनीकी पदाधिकारी सुशील कुमार मिश्रा ने किसानों को रवि फसल की बुवाई की आधुनिक तकनीक, बीज उपचार और बेहतर उत्पादन के तरीकों की जानकारी दी। किसानों को सलाह दी गयी कि वे बीज बोने से पूर्व उसका उपचारित अवश्य करें। ताकि फसल में रोग ना लग सके। कार्यक्रम में भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य सत्येंद्र मेहता, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अमित कुमार सिंह, किसान मित्र रामजनम मेहता, शिवपूजन मेहता, रंजय वर्मा सहित कई किसान उपस्थित थे. इनमें ललिता देवी, ममता कुमारी, सुखिया देवी, दिलीप सिंह, सुदेश्वर राम, वसंत कुमार सिंह, सुशील कुमार, उर्मिला देवी, सुमित्रा देवी, विनायक पांडेय, अंतू भुइयां और छोटू भुइयां प्रमुख रूप से शामिल रहे।

### हुसैनाबाद में एसडीओ का बड़ा एक्शन, 30 से अधिक ट्रैक्टर भण्डारण अवैध बालू जब्त

**नवप्रदेश/हुसैनाबाद।** जिला का हुसैनाबाद में बीती रात प्रशासन ने अवैध बालू कारोबार पर बड़ी कार्रवाई की। एसडीओ सह आईएएस ओमप्रकाश गुप्ता ने तकिया सबानो गांव स्थित कररबार नदी किनारे पहुंचकर करीब 30 ट्रैक्टर से अधिक अवैध बालू भण्डारण किया हुआ जब्त करने का निर्देश दिया। मौके पर उन्होंने अंचल पदाधिकारी पंकज कुमार और थाना प्रभारी को जाँच कर बालू जब्त करने का निर्देश दिया। जानकारी के अनुसार, रात में बालू की अवैध ढुलाई की तैयारी की जा रही थी। इस पर एसडीओ गुप्ता ने सख्त कार्रवाई करते हुए चेतावनी दी कि अवैध बालू कारोबार किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस कार्रवाई से बालू माफियाओं में मचा हड़कंप।

# झारखंड राज्य स्थापना दिवस समारोह 2025 के तहत रन फॉर झारखंड का हुआ शुभारंभ

उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ को किया रवाना...

नवप्रदेश संवाददाता

**लातेहार।** झारखंड राज्य स्थापना दिवस समारोह-2025 के तहत राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आज रन फॉर झारखंड का आयोजन जिला मुख्यालय स्थित जिला खेल स्टेडियम, लातेहार में किया गया। इस दौरान उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता, उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद, जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, सिविल सर्जन डॉ राज मोहन खलखो के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रन फॉर झारखंड दौड़ को रवाना किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि रन फॉर झारखंड राज्य की एकता, ऊर्जा और प्रगतिशील भावना का प्रतीक है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे स्वस्थ, सशक्त और विकसित झारखंड के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाएं।

जिला प्रशासन, लातेहार द्वारा आयोजित रन फॉर झारखंड दौड़ में बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं, एनसीसी कैडेट्स, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं आमजन ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने झारखंड @25 थीम के साथ राज्य की एकता, ऊर्जा और गौरव का संदेश दिया।

यह दौड़ जिला खेल स्टेडियम मैदान, लातेहार से प्रारंभ होकर बाईपास रोड, चटानी चौक होते हुए पंचमुखी हनुमान मंदिर तक गई और पुनः जिला खेल स्टेडियम मैदान में आकर समाप्त हुई।

दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को उपायुक्त द्वारा पुरस्कृत किया गया। उपायुक्त ने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि ह्रन फॉर झारखंडह्व कार्यक्रम राज्य की युवा शक्ति के उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक है।

आज के रन फोर झारखण्ड कार्यक्रम के पुरूष एव महिला वर्ग में प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों की सूची इस प्रकार हैं।

# झारखंड राज्य स्थापना दिवस समारोह-2025 के तहत प्रचार वाहन को उपायुक्त ने दिखाई हरी झंडी

नवप्रदेश संवाददाता

**लातेहार।** झारखंड राज्य स्थापना दिवस समारोह-2025 के तहत राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आज समाहरणालय परिसर से उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता द्वारा सात प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि झारखंड की 25 वर्षों की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुँचाने एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी व्यापक रूप से देने हेतु यह प्रचार वाहन जिले के विभिन्न प्रखंडों व पंचायतों का भ्रमण करेगा। उन्होंने कहा कि झारखंड @25 थीम पर आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से राज्य की विकास यात्रा को लोगों तक पहुँचाया जाएगा। प्रचार वाहन के माध्यम से राज्य स्थापना दिवस से संबंधित कार्यक्रमों की जानकारी, आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार अभियान, तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं की उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। मौके पर उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद, सिविल सर्जन डॉ राजमोहन खलखो, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अल्का हेंब्रम, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## लातेहार में पंचायतों के वित्तीय सशक्तिकरण हेतु दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

**नवप्रदेश/लातेहार।** राज्य सरकार एवं पंचायती राज विभाग, झारखंड के निदेर्शानुसार पंचायतों के वित्तीय सशक्तिकरण को बढ़ावा देने हेतु दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य ग्राम पंचायतों को स्वयं के स्त्रोत से राजस्व की जानकारी प्रदान करना तथा ग्राम स्तर पर राजस्व सृजन के माध्यम से वित्तीय आत्मनिर्भरता विकसित करना है। इस अवसर पर जिले के 10 प्रखंडों के पंचायती राज से संबंधित अधिकारी एवं कर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायती राज पदाधिकारी श्रेयांश एवं प्रखण्ड विकास पदाधिकारी लातेहार द्वारा दीप प्रज्वलन एवं उद्घाटन संबोधन के साथ किया गया। अपने उद्घाटन वक्तव्य में उन्होंने कहा कि पंचायतों को राज्य एवं केंद्र सरकार की योजनाओं के साथ-साथ अपने स्वयं के संसाधनों के माध्यम से भी विकास की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि स्वयं के कर एवं गैर-कर राजस्व स्त्रोतों से प्राप्त आय पंचायतों को स्थानीय आवश्यकताओं की पूर्ति में अधिक सक्षम एवं प्रभावी बनाती है। प्रशिक्षण के दौरान राज्य स्तरीय प्रशिक्षक श्री जितेंद्र कुमार एवं श्री मनोज कुमार ने प्रतिभागियों को स्वयं के स्त्रोत से राजस्व संबंधी विषय पर विस्तार से प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रमुख रूप से निम्नलिखित विषयों पर चर्चा एवं अभ्यास कराया गया।

## ग्राम प्रधान संघ महुआडांड़ ने उपायुक्त को सौंपा सात सूत्री मांग पत्र

**नवप्रदेश/लातेहार।** प्रखंड ग्राम प्रधान संघ महुआडांड़ की ओर से मंगलवार, 11 नवंबर को उपायुक्त लातेहार को एक सात सूत्री मांग पत्र सौंपा गया। संघ ने पंचायत प्रतिनिधियों की समस्याओं के समाधान और उनके अधिकारों की पुनर्स्थापना की मांग की है। मांग पत्र में ग्राम प्रधान संघ ने कहा है कि जाति, निवास एवं आय प्रमाण पत्रों पर ग्राम प्रधानों के हस्ताक्षर हेतु कॉलम का प्रावधान किया जाए, ताकि स्थानीय स्तर पर सत्यापन की प्रक्रिया सशक्त हो सके। साथ ही, ग्राम प्रधानों को मानकी, मुण्डा, डोकलो, सोहरो की तरह सम्मान राशि दी जाए और वर्तमान तीन हजार रुपये की राशि में वृद्धि की जाए।संघ ने यह भी मांग की कि सभी सरकारी योजनाओं के प्रमाण पत्र पर ग्राम प्रधान की संपूर्ण पुष्टि का प्रावधान किया जाए। इसके अलावा, परंपरागत एवं नए ग्राम प्रधानों को सूची एवं गजट में शामिल कर उन्हें सम्मान राशि प्रदान की जाए। पंचायत स्तर पर पशु नियंत्रण के लिए कांजी हाउस का निर्माण, प्रखंड स्तरीय सरकारी कर्मचारियों के भ्रष्टाचार पर नियंत्रण तथा मृत ग्राम प्रधानों के नाम सूची से हटाकर नए परंपरागत प्रधानों के नाम जोड़े जाने की मांग भी की गई। संघ ने कहा कि इन मांगों के लागू होने से पंचायत व्यवस्था सुदृढ़ होगी और ग्राम प्रधानों को प्रशासनिक कार्यों में प्रभावी भूमिका निभाने का अवसर मिलेगा। ज्ञापन की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री, राज्यपाल, अनुमंडल पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी महुआडांड़ को भी भेजी गई। इस मौके पर तरुण बड़ाक, निर्मल नगेसिया, जोसेफ बैंग, निर्मल खालखो, रतन नगेसिया, लाज रूस लकड़ा, रॉबर्ट सारस, जोसेफ खालखो, इंद्रजीत नगेसिया, तरतुइस एक्का, डेनियल बिरजिया, रंजीत बरला सहित अनेक ग्राम प्रधान उपस्थित थे।

# झारखंड स्थापना दिवस के 25 वर्ष विशेष ग्राम सभा एवं रोजगार दिवस का आयोजन

बालूमाथ संवाददाता

**लतेहार।** झारखंड राज्य के गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मंगलवार को बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में झारखंड स्थापना दिवस को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मनरेगा अंतर्गत विशेष ग्राम सभा एवं रोजगार दिवस का आयोजन प्रखंड कार्यालय सभागार कक्ष एवं विभिन्न पंचायत सचिवालयों में किया गया। प्रखंड सभागार में आयोजित मुख्य कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड प्रमुख ममता देवी, 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष नागदेव उरांव, प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उरांव, सांसद प्रतिनिधि प्रेम प्रसाद गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि संजय यादव तथा झामूमो प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप गंझू ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि झारखंड राज्य के 25 वर्ष पूरे होने पर यह अवसर राज्य की उपलब्धियों और विकास योजनाओं के प्रति जागरूकता फैलाने का है। मनरेगा जैसी योजनाएं ग्रामीण रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि विशेष ग्राम सभा के माध्यम से ग्रामीणों को सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। इधर, पंचायत सचिवालय स्तर पर भी कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। मुखिया नरेश लोहरा की अध्यक्षता में हुए आयोजन में ग्रामीणों को जॉब कार्ड वितरित किए गए तथा मनरेगा सहित अन्य कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इस मौके पर रोजगार सेवक सुजीत सिंह, उप मुखिया अमित कुमार, सागर कुमार, त्रिवेणी साव, ज्ञानी पांडेय सहित अनेक ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।झारखंड स्थापना दिवस के इस 25वें वर्ष पर बालूमाथ क्षेत्र में हुए कार्यक्रमों ने ग्रामीणों में नई ऊर्जा और जागरूकता का संचार किया।

# लातेहार में झारखंड स्थापना दिवस पर मनरेगा कार्यक्रम, उत्कृष्ट कर्मियों और श्रमिकों को किया गया सम्मानित

नवप्रदेश संवाददाता

लातेहार। झारखंड राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रजत जयंती समारोह के तहत ग्रामीण विकास विभाग द्वारा मनरेगा से संबंधित विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लातेहार जिला के 115 पंचायतों में सुबह 8 से 10 बजे तक प्रभात फेरी निकाली गई, जिसमें मनरेगा मेट, मजदूर, लाभुक, बागवानी सखी, ग्रामीण एवं पंचायत स्तरीय कर्मी उत्साहपूर्वक शामिल हुए। उसी दिन जिले के सभी पंचायतों में विशेष ग्राम सभा एवं विशेष रोजगार दिवस का आयोजन किया गया। इसमें मनरेगा मांग पंजीकरण, कार्य आवंटन, जॉब कार्ड वितरण, जॉब कार्ड नवीनीकरण, नई योजनाओं को शामिल करना और योजनाओं की स्वीकृति से संबंधित कार्य किए गए। कार्यक्रम का समापन शपथ ग्रहण के साथ हुआ। प्रखंड स्तरीय समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले मनरेगा कर्मियों, मेट, बागवानी सखी, लाभुकों और 100 दिन कार्य पूर्ण करने वाले श्रमिकों को सम्मानित किया गया। इस दौरान मनरेगा से लाभान्वित लाभुकों की सफलता की कहानियां साझा की गईं और परिसंपत्तियों के साथ कर्मियों द्वारा सेल्फी अपलोड की गईं। ग्रामीणों को मनरेगा से अधिकाधिक लाभ लेने और योजनाओं में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया।

## झारखंड राज्य स्थापना दिवस पर गारू प्रखंड में रजत जयंती समारोह का भव्य आयोजन

**नवप्रदेश/गारू (लातेहार)।** झारखंड राज्य की रजत जयंती के उपलक्ष्य में प्रखंड स्तरीय समारोह का आयोजन मंगलवार, 11 नवम्बर 2025 को गारू प्रखंड सभागार में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ किया गया। समारोह में प्रखंड प्रमुख सीता देवी, जिला परिषद सदस्य जीरा देवी, विधायक प्रतिनिधि मनोज यादव, प्रखंड विकास पदाधिकारी अभय कुमार, राज्य समन्वयक निहार रंजन महाराणा, परियोजना पदाधिकारी अभिमन्यु कुमार सहित सभी मनरेगा कर्मी एवं प्रखंड कर्मी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों के स्वागत के साथ हुई। इसके पश्चात गणमान्य व्यक्तियों द्वारा क्रमवार संबोधन किया गया, जिसमें मनरेगा से जुड़ी योजनाओं एवं उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी साझा की गई। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय सफलता की कहानियाँ भी प्रस्तुत की गईं, जिसमें आम बागवानी योजना के लाभुकों ने अपने अनुभव साझा किए। समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रखंड स्तरीय मनरेगा कर्मियों, मेट्स, बागवानी सखी एवं लाभार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। मनरेगा अंतर्गत 100 दिन मानव दिवस सृजन करने वाले दिलेश्वर यादव, 5 बागवानी सखी, 2 मेट, धागरटोला पंचायत के मुखिया, पंचायत सचिव एवं रोजगार सेवक को भी सम्मानित किया गया। इसी क्रम में कंप्यूटर सहायक संतोष कुमार तथा मनरेगा कनीय अभियंता भरतपाल टोप्पो को भी उनके सराहनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

# जन शिकायत निवारण में उपायुक्त ने सुनी ग्रामीणों की समस्या

नवप्रदेश संवाददाता

**लातेहार।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय कक्ष में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण का आयोजन किया गया। जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों ने अपनी अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। जन शिकायत निवारण के दौरान उपायुक्त ने वहां उपस्थित सभी लोगों से एकझ्रएक कर उनकी समस्याएँ सुनी एवं अश्वासन दिया कि उनके सभी शिकायतों की जल्द से जल्द जाँच कराते हुए शिकायतों का समाधान किया जाएगा। ग्राम-जालिम खुर्द निवासी शिवबरत कुमार सिंह ने उपायुक्त के समक्ष रोजगार उपलब्ध कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया। आवेदन में उन्होंने उल्लेख किया है कि वे शारीरिक रूप से दिव्यांग हैं और जीविकोपार्जन के लिए किसी प्रकार का साधन उपलब्ध नहीं है। तथा उन्होंने स्नातक तक की शिक्षा प्राप्त की है। आवेदक ने उपायुक्त से अनुरोध किया है कि उनकी शैक्षणिक योग्यता और आर्थिक स्थिति को देखते हुए उपयुक्त रोजगार अथवा स्वावलंबन के लिए सरकारी योजनाओं के अंतर्गत सहयोग प्रदान किया जाए। आवेदन को संज्ञान में लेते हुए उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि आवेदक की स्थिति की जांच की जाए एवं राज्य सरकार की दिव्यांगजन कल्याण, स्वरोजगार या रोजगार सृजन से संबंधित योजनाओं के अंतर्गत शीघ्र आवश्यक कार्रवाई की जाए। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन का प्रयास है कि जिले के प्रत्येक पात्र लाभुक तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाए, विशेषकर दिव्यांगजनों, निर्धनों और जरूरतमंदों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए हरसंभव सहायता प्रदान की जाए।आज के जन शिकायत निवारण में मुख्य रूप से रोजगार, सहायता राशि , भूमि विवाद से जुड़े आवेदन आये। जन शिकायत में सभी शिकायतकर्ता की समस्याएँ को सुनने के पश्चात उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को अग्रसारित कर सभी आवेदनों का भौतिक सत्यापन करते हुए , समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द करने का निर्देश दिया। उपायुक्त के निदेर्शानुसार आमजनों की समस्याओं के समाधान और शिकायत के निष्पादन हेतु जिला, अनुमंडल, प्रखंड स्तरीय के सभी पदाधिकारियों के कार्यालय में प्रत्येक मंगलवार एंव शुक्रवार को जन शिकायत निवारण का आयोजन किया जाता है।

## एक नजर

### बिजली समस्या को लेकर किसानों का अनिश्चितकालीन जमीन समाधि सत्याग्रह शुरू

**नवप्रदेश/चंदवा।** सांसद आदर्श ग्राम चटुआग की किसानों ने बिजली समस्या को लेकर अनिश्चितकालीन जमीन समाधि सत्याग्रह शुरू कर दिया है, दर्जनों किसान गढ्ढा खोदकर जमीन पर बैठे हुए हैं, यह आंदोलन प्रत्येक दिन ग्यारह बजे से तीन बजे तक चलाया जा रहा है, किसानों के आंदोलन में पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने भी शिरकत किया। किसान जीदन टोपनो, सनीका मुंडा, बुधराम बारला, दाउद होरो, अमीत भेंगरा, सिमान भेंगरा, प्रमीला भेंगरा, फगुनी भेंगरा, अंधरियस टोपनो, धुमा भेंगरा, मुना भेंगरा, मागरेट टोपनो, मुक्ता टोपनो, वीनीता कोंनगाड़ी, पुरन मुंडा ने कहा कि सांसद आदर्श ग्राम चटुआग गांव के कई टोलों में अबतक बिजली नहीं पहुंची है, कुछ टोलों में लकड़ी के पॉल खुटा व पेंड़ के सहारे तार खींचकर बिजली जलाया जा रहा है, अठुला टोला में नया बिजली ट्रांस्फॉर्मर की आवश्यकता है, इन समस्या समाधान को लेकर पिछले बार भी आंदोलन किया गया था लेकिन उस समय कहा गया था कि समस्या का जल्द समाधान किया जाएगा लेकिन आज तक कुछ भी नहीं है। ग्राम चटुआग के टोला अठुला, कारी टोंगरी, उबका पानी, पहना पानी, परहैया टोला, लोहराही, पोक्या, चोरझरीया, पुरंमपनियां, भेलवाही, बगडेगवा, चरकापत्थल के कई घरों में विद्युतीकरण नहीं हुआ है, लकड़ी का पॉल खुटा व पेंड़ के सहारे तार खींचकर बिजली जलाई जा रही है। समस्या का समाधान हो इसपर जोर डालने के लिए हम किसान आंदोलन करने को मजबूर हैं।

### बनहरदी कोयला परियोजना ने जरूरतमंदों के बीच बांटे कंबल

**चंदवा (लातेहार)।** सामुदायिक विकास कार्यक्रम के तहत बनहरदी कोयला खनन परियोजना की ओर से ग्राम आन अंचल, चंदवा में जरूरतमंदों और बुर्जुगों के बीच कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर लगभग 120 लाभार्थियों को कंबल प्रदान किए गए। कंबल पाकर लाभार्थियों ने प्रसन्नता व्यक्त की और इस पहल की सराहना की। कार्यक्रम में पीवीयूएनएल बनहरदी परियोजना के अपर महाप्रबंधक आर. बी. सिंह, अपर महाप्रबंधक सिद्धार्थ शंकर, उप महाप्रबंधक अमरेश चंद्र राउल, वरिष्ठ प्रबंधक ( आर एंड आर ) विनेश कुमार तथा कार्यपालक अबीरलाल नाथ उपस्थित थे। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के जरूरतमंद वर्गों को सहयोग प्रदान करना और समुदाय में विकास की भावना को सशक्त बनाना बताया गया।

### 25 वां वर्ष रोजगार गारंटी अधिनियम दिवस मनाने के साथ-साथ ली गई शपथ

**नवप्रदेश/बरवाडीह।** लातेहार जिले के बरवाडीह प्रखंड क्षेत्र के पंचायत केड़ पंचायत सचिवालय भवन में 25 वां वर्ष महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम झारखंड की रजत जयंती समारोह के उपलक्ष्य में विशेष ग्राम सभा एवं विशेष रोजगार दिवस दिनांकः11/11/2025 दिन मंगलवार को आयोजित की गई, जिसमें मौके पर उपस्थितःकेड़ मुखिया अनीता देवी,पंचायत सेवक अनिल मिंज,केड़ रोजगार सेवक औरंगजेब खांन,मुखिया प्रतिनिधि लालमन उरांव, सीएससी संचालक शिव शंकर सिंह,रोजगार गारंटी दिवस मनाने के साथ-साथ कई विकास योजनाओं के विषय में की गई चर्चा साथ ही शपथ भी ली गई झारखंड के समृद्ध संस्कृति पर्यावरण एवं ऐतिहासिक धरोहर के संरक्षक सामाजिक सौहार्द बनाये रखने तथा झारखंड के संपूर्ण विकास उतयन के लिए हमेशा प्रयत्नशील रहेंगे, जिसमें सभी उपस्थित ग्रामीण ली शपथ, रोजगार सेवक औरंगजेब खांन द्वारा दर्जनों ग्रामीणों को रोजगार गारंटी कार्ड भी बांटी गई, मौके पर उपस्थित ललन प्रसाद यादव, नंदकुमार यादव, अनिल सिंह, सत्येंद्र यादव, वीरेंद्र यादव, कौशल कुमार यादव, अनिल यादव इत्यादिक काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित है।

### फुलबसिया साइडिंग में यूएसजी कंपनी में स्थानीय युवाओं को रोजगार में प्राथमिकता देने पर बनी सहमति

**नवप्रदेश/बालूमाथ।** सीसीएल द्वारा संचालित मगध संघमित्रा परियोजना क्षेत्र के अमरवाडीह गांव में आशीष ठाकुर की अध्यक्षता में ग्रामीणों एवं कंपनी प्रबंधन के बीच एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में बताया गया कि फुलबसिया साइडिंग तक कोयला ढुलाई कार्य पुराने कंपनी के जगह यूएसजी कंपनी को दिया गया है, जिसके कारण स्थानीय कई युवक बेरोजगार हो गए हैं।इस मुद्दे पर मगध कोलियरी से फुलबसिया कोल साइडिंग तक कोयला परिवहन कार्य कर रही यूएसजी कंपनी के इंचार्ज गौतम कुमार ने ग्रामीणों से संवाद किया। बैठक में ग्रामीणों ने स्थानीय युवाओं को रोजगार में प्राथमिकता देने की मांग रखी। कंपनी प्रबंधन की ओर से इस पर सकारात्मक रुख अपनाया गया और स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता के आधार पर रोजगार देने पर सहमति बनी।बैठक में महेंद्र गंझू, प्रदीप गंझू, महेंद्र उरांव, राधेश्याम पांडे, अरविंद यादव, जितेंद्र गंझू, रजनीकांत सिंह भोक्ता समेत कई ग्रामीण तथा कंपनी के पदाधिकारी उपस्थित रहे।ग्रामीणों ने कंपनी के इस निर्णय का स्वागत किया और आशा व्यक्त की कि इससे क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं को रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे।

### लातेहार: जिला पुलिस के जवान ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**नवप्रदेश/महुआडांड़।** थाना क्षेत्र के ग्राम अक्सी निवासी हवलदार संदीप टोप्पो पिता पतरूस टोप्पो ने अपने घर में सोमवार तीन बजे दोपहर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घर के सदस्य को जब इसकी खबर मिली तो तुरंत उसे उतरकर महुआडांड़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाये ।जहां डॉक्टर द्वारा जांच कर मृत घोषित कर दिया। हवलदार संदीप टोप्पो अभी हाल में रांची सुखदेव नगर थाना पदस्थापित था। फिलहाल पांच नम्बर को अपने घर अक्सी आया हुआ था। परिवार के सदस्य और पत्नी ने बताया कि मृतक की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी।दवा चल रही थी।मानसिक स्थिति खराब होने के कारण ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।अपने पीछे पत्नी और एक बेटे बेटी को छोड़कर चला गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए, लातेहार भेज दिया।इधर घटना से पूरे गाँव में मातम छा गया। पत्नी और घर के सदस्य को रो रोकर बुरा हाल है। गांव के सभी लोग परिवार के सदस्य को दिलासा देने में लगे हुए है।

### लैंपस के पास एंबुलेंस को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, पांच लोग गंभीर रूप से घायल

**लातेहार।** थाना क्षेत्र अंतर्गत थाना चौक स्थित लैंपस के समीप सोमवार की देर रात करीब 3 बजे एक एंबुलेंस को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में एंबुलेंस सवार पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।घायलों की पहचान राणा परवीन, अजवा बीबी, अजहर शाह, शाहनबाज शाह (सभी शाहपुर, पलामू निवासी) और एंबुलेंस चालक अरविंद कुमार चंद्रवंशी (मनातू, पलामू) के रूप में हुई है। बताया गया कि राणा परवीन को इलाज के दौरान डाल्टनगंज से रांची रिम्स रेफर किया गया था।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

## सेंसेक्स 335 अंक, निफ्टी 120 अंक उछला

मुंबई

**भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को तेजी के साथ बंद हुआ।**

सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन बाजार में ये तेजी दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीदारी हावी रहने से आई है। आज कारोबार के दौरान आईटी, मेटल और ऑटो सेक्टर उछले। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 335.97 अंक ऊपर आकर 83,871.32 पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 120.60 अंक बढ़कर 25,694.95 पर पहुंचा। सेंसेक्स के शेयरों में बीईएल, एमएंडएम, अदाणी पोर्ट्स, एचसीएल टेक,

इन्फोसिस, भारती एयरटेल, सन फार्मा, एलएंडटी, टेकएम, अल्ट्राटेक सीमेंट, ट्रेंट, टेक महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक, टीसीएस, आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक उछले जबकि टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स, कोटक महिंद्रा बैंक, पावरग्रिड और टाटा स्टील के शेयर गिरे। आज मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों का प्रदर्शन मिलाजुला रहा। निफ्टी मिडकैप इंडेक्स 302.75 अंक बढ़कर 60,427 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 37.20 अंक चढ़कर 18,101.40 पर था। वहीं इससे पहले आज सुबह बाजार उतार-चढ़ाव के साथ खुले। सेंसेक्स 100 से अधिक अंकों की तेजी के साथ 83,671 पर खुला। वहीं निफ्टी तेज शुरुआत के बाद 46.05 अंक टूटकर 25,526 पर कारोबार कर रहा था।

वहीं एशियाई बाजारों में मंगलवार को मजबूती छायी रही। जापान का निक्की 225 इंडेक्स 0.56 फीसदी ऊपर, दक्षिण कोरिया का कोस्पी 2.24 फीसदी बढ़ा और हांगकांग का हांगसेंग 0.4 फीसदी की बढ़त के साथ बंद हुआ।

वॉल स्ट्रीट में सोमवार को एनविडिया और पलांटिर जैसी एआई कंपनियों में तेजी से अमेरिकी बाजारों को बल मिला। एसएंडपी 500 में 1.54 फीसदी, नेस्डेक में 2.27 फीसदी और डाओ जोंस में 0.81 फीसदी की बढ़त दर्ज की गई।

## भारत का रक्षा उत्पादन 1.51 लाख करोड़ तक पहुंचा

### डीपीएसयू का योगदान 70 प्रतिशत से अधिक

नई दिल्ली

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बताया कि वर्ष 2024-25 में भारत का कुल रक्षा उत्पादन 1.51 लाख करोड़ रुपये रहा, जिसमें (डिफेंस पब्लिक सेक्टर अंडरटेकिंग) का योगदान (डीपीएसयू) 71.6 प्रतिशत था। मंत्री ने डीपीएसयू के निरंतर प्रयासों और देश की आत्मनिर्भरता में उनके योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि भारत का रक्षा निर्यात 6,695 करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जो भारत की स्वदेशी प्रणालियों में वैश्विक विश्वास को दर्शाता है। मेड इन इंडिया उत्पाद अब वैश्विक मंच पर सम्मान प्राप्त कर रहे हैं। राजनाथ सिंह ने डीपीएसयू के 16 संस्थानों को देश की आत्मनिर्भरता के मजबूत स्तंभ बताया। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर जैसे अभियानों में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन का उदाहरण देकर स्वदेशी प्लेटफॉर्मों की क्षमता और विश्वसनीयता को रेखांकित किया। मंत्री ने सभी डीपीएसयू से महत्वपूर्ण तकनीकों का तीव्र स्वदेशीकरण, अनुसंधान एवं विकास, उत्पाद गुणवत्ता संवर्धन, समय पर डिलीवरी और निर्यात बढ़ाने की रणनीति अपनाने का आग्रह किया। इसके साथ ही उन्होंने स्पष्ट मापनीय लक्ष्यों के साथ स्वदेशीकरण और आर एंड डी रोडमैप तैयार करने के निर्देश दिए। केंद्र सरकार ने आश्वासन दिया कि जहां भी विशेष हस्तक्षेप या सहायता की आवश्यकता होगी, वह तुरंत प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ने स्टेट-ऑफ-द-आर्ट डीपीएसयू भवन का उद्घाटन किया और तीन प्रमुख समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान कर सहयोग और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### ओएनजीसी का जुलाई-सितंबर तिमाही में शुद्ध लाभ 18 प्रतिशत घटा

नई दिल्ली,

सार्वजनिक क्षेत्र की ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉर्पोरेशन (ओएनजीसी) का शुद्ध लाभ जुलाई-सितंबर तिमाही में तेल की कीमतों में गिरावट के कारण 18 प्रतिशत घट गया। ओएनजीसी ने बयान में कहा कि कंपनी का शुद्ध लाभ जुलाई-सितंबर में 9,848 करोड़ रुपये रहा जो एक साल पहले इसी अवधि में 11,984 करोड़ रुपये दर्ज किया गया था। यह गिरावट मुख्य रूप से कच्चे तेल की कीमतों में कमी के कारण आई। कच्चे तेल की कीमत वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी (जुलाई-सितंबर) तिमाही की 78.33 डॉलर प्रति बैरल से घटकर चालू वित्त वर्ष 2025-26 की इस तिमाही में 67.34 डॉलर हो गई। ओएनजीसी ने दूसरी तिमाही में 46.3 लाख टन कच्चे तेल का उत्पादन किया जो जुलाई-सितंबर 2024 के 45.76 लाख टन उत्पादन से थोड़ा अधिक है। इसका गैस उत्पादन 4.918 अरब क्यूबिक मीटर पर स्थिर रहा। पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर) में कच्चे तेल का उत्पादन बढ़कर 93.14 लाख टन हो गया जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह 92.04 लाख टन था। गैस उत्पादन थोड़ा कम होकर 9.763 बीसीएम रहा।' गौरतलब है कि राष्ट्रीय गहरे जल अन्वेषण मिशन समुद्र मंथन की घोषणा के अनुसरण में ओएनजीसी राष्ट्रीय मिशन के साथ अपने गहरे जल अन्वेषण गतिविधियों को संरेखित करने के लिए रणनीति बना रहा है और संसाधन जुटा रहा है।

### सामंजस्य, प्रयोगात्मक कार्यशैली ही कार्य के भविष्य को तय करेंगी: रिपोर्ट

मुंबई,

भारत की कार्य संस्कृति में बदलाव के साथ कर्मचारियों का एक बड़ा हिस्सा मानता है कि भविष्य उन लोगों का होगा जो प्रयोगात्मक तरीके और आजीवन सामंजस्य को अपनाते हैं। रोजगार से संबंधित वेबसाइट इंडीड की पहली कार्यस्थल रुझान रिपोर्ट 2025 में यह बात कही गई है। इसके मुताबिक, 58 प्रतिशत भारतीय कर्मचारियों का मानना है कि भविष्य उन लोगों का है जो प्रयोगात्मक कार्यशैली और आजीवन सामंजस्य को अपनाते हैं। प्रयोगात्मक कार्यशैली ऐसी श्रेणी को दर्शाती है, जिसमें उभरते कार्यस्थल रुझान जैसे रिवर्स मेंटरिंग (कनिष्ठ द्वारा वरिष्ठ कर्मचारियों का मार्गदर्शन), माइक्रो रिटायरमेंट (जानबूझकर छोटे करियर ब्रेक लेना), एआई मूनशाइनिंग (नौकरी के काम के लिए गोपनीय रूप से एआई का उपयोग), एआई-वॉशिंग (नौकरियों और रिज्यूमे को वास्तविकता से अधिक एआई से जुड़ा हुआ दिखाना) और स्किल नोमैडिज्म (लगातार बदलते कौशल और भूमिकाएं) शामिल हैं। कार्यस्थल रुझान रिपोर्ट-2025 इंडीड की ओर से वैल्यूवॉक्स द्वारा किए गए एक सर्वेक्षण पर आधारित है, जिसमें अगस्त, 2025 में 1,288 नियोक्ताओं और 2,584 कर्मचारियों या नौकरी चाहने वालों सहित कुल 3,872 लोगों की राय ली गई। रिपोर्ट में बताया गया है कि लगभग पांच में दो भारतीय कर्मचारी अब करियर में वृद्धि को पहली प्राथमिकता देते हैं। इसके लिए रिवर्स मेंटरिंग, निरंतर कौशल विकास और दैनिक दिनचर्या में एआई के इस्तेमाल पर जोर है। सर्वेक्षण में लगभग 41 प्रतिशत लोगों ने कहा कि उन्होंने कड़ी सीमाएं तय करके, नए कौशल सीखकर, या कम छुट्टियां लेकर पारंपरिक अपेक्षाओं को चुनौती दी है। इंडीड इंडिया के प्रबंध निदेशक शशि कुमार ने कहा, आज के कार्यस्थलों में आराम पूरी प्रक्रिया का एक हिस्सा है। आगे की तैयारी के लिए अधिक से अधिक भारतीय लचीली दिनचर्या और कौशल विकास को अपना रहे हैं।

### सोने का भाव 1,25,000 के पार, चांदी भी 1,55,000 के ऊपर

#### सोने में 1,177 रुपए की बढ़त, चांदी 1,052 रुपए चढ़ी

नई दिल्ली,

घरेलू वायदा बाजार में मंगलवार को सोने और चांदी के भावों में जोरदार तेजी दर्ज की गई। निवेशकों की मजबूत खरीदारी और अंतरराष्ट्रीय बाजार में सकारात्मक संकेतों के चलते दोनों की कीमतें ऊंचे स्तर पर कारोबार कर रही हैं। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क दिसंबर कॉन्ट्रैक्ट 625 रुपये की तेजी के साथ 1,24,595 रुपये प्रति 10 ग्राम पर खुला। पिछला बंद भाव 1,23,970 रुपये था। इस समय सोना 1,25,147 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था, जो 1,177 रुपये की बढ़त दर्शाता है। दिन का उच्च स्तर 1,25,839 रुपये और निचला स्तर 1,24,595 रुपये रहा। इस साल सोने ने 1,31,699 रुपये का उच्चतम स्तर छुआ था। चांदी के वायदा भावों में भी तेजी का सिलसिला जारी है। एमसीएक्स पर दिसंबर कॉन्ट्रैक्ट 1,052 रुपये की बढ़त के साथ 1,54,743 रुपये प्रति किलो पर खुला और 1,55,400 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस दौरान चांदी ने दिन का उच्च स्तर 1,55,600 रुपये और निचला स्तर 1,54,600 रुपये छुआ। इस साल इसका उच्चतम स्तर 1,69,200 रुपये प्रति किलो रहा। वहीं अंतरराष्ट्रीय बाजार (कॉमेक्स) में भी सोना और चांदी मजबूती के साथ कारोबार कर रहे हैं। सोना 4,140.20 डॉलर प्रति औंस और चांदी 50.54 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता और डॉलर इंडेक्स में गिरावट के कारण कीमती धातुओं में तेजी बनी हुई है। आने वाले दिनों में निवेशक सतर्क रहते हुए सोने-चांदी में निवेश बढ़ा सकते हैं।

### वरिष्ठ नागरिकों के लिए किफायती घरेलू देखभाल मॉडल तैयार करने की जरूरत: वी के पॉल

नई दिल्ली। नीति आयोग के सदस्य (स्वास्थ्य) वी के पॉल ने मंगलवार को सरकार और निजी क्षेत्र से वरिष्ठ नागरिकों के लिए सामूहिक रूप से एक किफायती घरेलू देखभाल मॉडल तैयार करने का आह्वान किया। पॉल ने यहां उद्योग मंडल भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के वार्षिक स्वास्थ्य शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि हमें एक ऐसी प्रणाली की जरूरत है जहां ऐसे मॉडल के कार्यान्वयन के मार्गदर्शन के लिए समय-समय पर संसाधन उपलब्ध कराए जाएं। उन्होंने कहा कि यह मॉडल पारंपरिक चिकित्सा की अवधारणाओं को आधुनिक टेलीमेडिसिन और तकनीक के साथ जोड़कर घरेलू देखभाल को बेहतर बना सकता है। पॉल ने कहा, ऐसे मॉडल का उद्देश्य घर बैठे, विशेष रूप से गंभीर परिस्थितियों में, उच्च-गुणवत्ता वाली, व्यापक देखभाल प्रदान करना होना चाहिए। उन्होंने महिलाओं के स्वास्थ्य से संबंधित विशिष्ट मुद्दों को संबोधित करने की भी बात कही और महिलाओं के लिए संवेदनशीलता और अतिरिक्त देखभाल की आवश्यकता के महत्व पर जोर दिया। पॉल ने कहा कि ऐसे मॉडल के लिए चीजों का सस्ता होना महत्वपूर्ण है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वे सभी के लिए सुलभ हों। इससे पहले, कार्यक्रम में केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने कहा कि सरकार 2047 तक एक भरोसेमंद, निवारक और सभी की भागीदारी वाली स्वास्थ्य प्रणाली बनाने के लक्ष्य की दिशा में काम कर रही है।

## नई इलेक्ट्रिक एसयूवी मिनी कंट्रीमैन एसई ए ''4 लांच

नई दिल्ली

**भारतीय बाजार में मिनी इंडिया कंपनी ने अपनी नई इलेक्ट्रिक एसयूवी मिनी कंट्रीमैन एसई ए ''4 को लॉन्च किया है।**

यह मॉडल पूरी तरह से बिल्ट-अप यूनिट (सीबीयू) के रूप में लाया गया है और देशभर में इसकी बुकिंग शुरू हो चुकी है। कंपनी ने इसकी कीमत 66.90 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) रखी है। कंपनी ने बताया कि डिलीवरी भी जल्द शुरू की जाएगी। नई मिनी कंट्रीमैन एसई ए ''4 अपने डिजाइन और फीचर्स के कारण बेहद आकर्षक लगती है। इसे दो रंगों लेजेंड ग्रे और मिडनाइट ब्लैक में पेश किया गया है। इसमें जॉन कूपर वर्क्स (जेसीडब्ल्यू) ट्रिम, नए डिजाइन वाले बंपर, स्पॉइलर और 19-इंच अलॉय व्हील्स के साथ स्पोर्टी लुक दिया गया है। इसका केबिन मिनी की नई मिनिमलिस्ट डिजाइन फिलॉसफी पर आधारित है, जिसमें जेसीडब्ल्यू स्पोर्ट्स सीट्स, ब्लैक निट फैब्रिक डैशबोर्ड और हाई-टेक फीचर्स शामिल हैं। इस कार का मुख्य आकर्षण इसका गोलाकार ओलेड मिनी इंटरेक्शन यूनिट है, जो इंफोटेनमेंट और वाहन नियंत्रण का केंद्र है। इसमें मिनी ऑपरेटिंग सिस्टम 9, वॉयस कंट्रोल, हारमान कारडोन साउंड सिस्टम, एप्पल कारप्ले, एंड्रएड ऑटो, वायरलेस चार्जिंग और पैनोरमिक ग्लास रूफ जैसी प्रीमियम सुविधाएं दी गई हैं। फास्ट चार्जिंग के लिए इसमें 130 केडब्ल्यू डीसी चार्जिंग की सुविधा है, जिससे सिर्फ 29 मिनट में 10 प्रतिशत से 80 प्रतिशत तक चार्ज किया जा सकता है। कंपनी इसके साथ मिनी स्मार्ट एसी वॉलबाक्स चार्जर और 8 साल या 1.6 लाख किमी की बैटरी वारंटी भी दे रही है। यह एसयूवी लक्जरी और इलेक्ट्रिक परफॉर्मेंस का एक बेहतरीन मेल साबित हो सकती है। परफॉर्मेंस की बात करें तो इसमें दो इलेक्ट्रिक मोटरें दी गई हैं, जो 313 बीएचपी की पावर और 494 एनएम टॉर्क पैदा करती हैं। यह एसयूवी 5.6 सेकंड में 0 से 100 किमी/घंटा की स्पीड पकड़ सकती है। इसमें 66.45 केडब्ल्यूएच की बैटरी दी गई है, जो 440 किमी तक की रेंज देती है।

## भारत 2032 तक 50 लाख टन हरित हाइड्रोजन क्षमता हासिल कर लेगा: संतोष कुमार सारंगी

नई दिल्ली,

**नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के सचिव संतोष कुमार सारंगी ने मंगलवार को कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच**

भारत अपने राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के माध्यम से 2030 तक 50 लाख टन (एमएमटी) वार्षिक हरित हाइड्रोजन उत्पादन क्षमता हासिल करने के लक्ष्य से चूक सकता है।

हालांकि वह इसे 2023 तक हासिल कर लेगा। हरित हाइड्रोजन सम्मेलन के तीसरे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में एक सत्र को संबोधित करते हुए सारंगी ने कहा, हम लक्ष्य (2030 तक 50 लाख टन की वार्षिक उत्पादन क्षमता ग्रीन हाइड्रोजन) से पीछे रह सकते हैं। उन्होंने कहा कि देश 2032 तक 50 लाख टन वार्षिक हरित हाइड्रोजन उत्पादन क्षमता हासिल कर लेगा। यह इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि 2023 में शुरू किए गए राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के तहत भारत ने 2030 तक हरित हाइड्रोजन की वार्षिक उत्पादन क्षमता 50 लाख टन करने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा, भारत 2030 तक 30 लाख टन वार्षिक हरित हाइड्रोजन उत्पादन क्षमता हासिल कर सकता है। वर्ष 2030 तक 500 गीगावाट के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए 50 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता जोड़ने की वार्षिक आवश्यकता के बारे में सारंगी ने कहा कि भारत बिजली खरीद या बिक्री समझौतों पर हस्ताक्षर के लिए पहले से ही लंबित 40 गीगावाट क्षमता पर ध्यान केंद्रित करेगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान में कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में 160 गीगावाट की नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाएं प्रक्रियाधीन हैं।

## म्यूचुअल फंड की इक्विटी योजनाओं में निवेश अक्टूबर में 19 प्रतिशत घटकर 24,690 करोड़ रुपये

मुंबई,

म्यूचुअल फंड की इक्विटी योजनाओं में शुद्ध निवेश अक्टूबर में लगभग 19 प्रतिशत घटकर 24,690 करोड़ रुपये रह गया। एक उद्योग निकाय ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि यह लगातार तीसरा महीना है, जब इसमें गिरावट आई है। खुदरा निवेशकों के पसंदीदा निवेश विकल्प व्यवस्थित निवेश योजनाओं (एसआईपी) में कुल प्रवाह सितंबर के रिकॉर्ड 29,631 करोड़ रुपये की तुलना में 29,529 करोड़ रुपये रहा। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स ऑफ इंडिया (एम्फी) के आंकड़ों के मुताबिक, सोने की कीमतों में तेजी के बीच इस महीने गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) में 7,743 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश हुआ। इस श्रेणी में कुल प्रबंधनाधीन परिसंपत्तियां (एयूएम) एक लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गई। इक्विटी म्यूचुअल फंड में शुद्ध निवेश सितंबर में 9 प्रतिशत घटकर 30,421 करोड़ रुपये रह गया। इससे पहले यह अगस्त में 22 प्रतिशत घटकर 33,430 करोड़ रुपये रह गया था। एम्फी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) वी एन चलसानी ने मंगलवार को संवाददाताओं से कहा कि बाजारों में तेजी के बीच मुनाफावसूली के कारण अधिक निकासी हुई। अक्टूबर में कुल निकासी 38,920 करोड़ रुपये रही, जबकि सितंबर में यह 35,982 करोड़ रुपये थी। इक्विटी योजनाओं का एयूएम 31 अक्टूबर तक 35.16 लाख करोड़ रुपये रहा, जबकि पिछले महीने यह 33.68 लाख करोड़ रुपये था।

## भारत में दुनिया की सबसे बड़ी बैटरी ऊर्जा भंडारण परियोजनाओं में से एक का निर्माण करेगा अदाणी समूह

नई दिल्ली,

**अदाणी समूह ने बैटरी ऊर्जा भंडारण क्षेत्र में प्रवेश की मंगलवार को घोषणा की।**

समूह की गुजरात के खावड़ा में 1,126 मेगावाट/ 3,530 मेगावाट बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली (बीईएसएस) स्थापित करने की योजना है जो भारत की सबसे बड़ी एकल-स्थान भंडारण परियोजनाओं में से एक होगी। समूह ने बयान में कहा कि 700 से अधिक बीईएसएस कंटेनर वाली इस सुविधा के मार्च 2026 तक चालू होने की उम्मीद है। यह खावड़ा नवीकरणीय ऊर्जा परिसर का हिस्सा होगी जिसे विश्व का सबसे बड़ा नवीकरणीय ऊर्जा संयंत्र बताया जा रहा है। बीईएसएस




परियोजना की विद्युत क्षमता 1126 मेगावाट और ऊर्जा क्षमता 3530 मेगावाट होगी। इसका मतलब है कि बीईएसएस 3530 मेगावाट ऊर्जा संग्रहित करने में सक्षम होगी जिससे 1126 मेगावाट की विद्युत क्षमता लगभग तीन घंटे बढ़ जाएगी। अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने कहा, ऊर्जा भंडारण अक्षय ऊर्जा आधारित भविष्य की आधारशिला है। इस ऐतिहासिक परियोजना के साथ, हम न केवल वैश्विक मानक स्थापित कर रहे हैं बल्कि भारत की ऊर्जा स्वतंत्रता एवं स्थिरता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को भी सुदृढ़ कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह पहल समूह को बड़े पैमाने पर विश्वसनीय, स्वच्छ एवं किफायती ऊर्जा समाधान प्रदान करने में सक्षम बनाएगी। समूह ने बयान में कहा कि वह वित्त वर्ष 2026-27 तक अपनी भंडारण क्षमता को 15 गीगावाट घंटा और पांच वर्ष के भीतर 50 गीगावाट घंटा तक बढ़ाने की योजना बना रहा है जो बड़े पैमाने पर स्वच्छ ऊर्जा अवसंरचना में उसकी महत्वाकांक्षाओं को रेखांकित करता है। इस रणनीतिक प्रवेश के साथ, अदाणी समूह बड़े पैमाने पर भंडारण अवसंरचना में निवेश करने वाले वैश्विक ऊर्जा दिग्गजों की श्रेणी में शामिल हो गया है जो भारत की स्वच्छ ऊर्जा यात्रा में एक परिवर्तनकारी क्षण को चिह्नित करता है। अहमदाबाद में मुख्यालय वाला अदाणी समूह ऊर्जा, रसद, धातु एवं उपभोक्ता क्षेत्रों में विविध व्यवसायों का संचालन करता है। इसने भारत के शुद्ध-शून्य और स्थिरता लक्ष्यों के साथ अपने विकास को संरेखित करने का संकल्प लिया है।

# प्रह्लाद जोशी ने हरित हाइड्रोजन की शुरूआती परियोजनाओं के लिए नए प्रस्ताव आमंत्रित करने की घोषणा की

नई दिल्ली,

**नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों को प्रदर्शित करने वाली शुरूआती परियोजनाओं के लिए नए प्रस्ताव मंगलवार को आमंत्रित किए। इनमें 100 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ हरित हाइड्रोजन के उत्पादन के लिए बायोमास का उपयोग भी शामिल है।**

हरित हाइड्रोजन पर तीसरे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि जैव प्रौद्योगिकी विभाग-बीआईआरएसी (जैव प्रौद्योगिकी उद्योग अनुसंधान सहायता परिषद) इच्छुक एजेंसियों एवं अनुसंधान संस्थानों से भागीदारी के वास्ते जल्द ही प्रस्तावों के लिए आमंत्रण जारी करेगी। उन्होंने कहा, मुझे ऐसे नवोन्मेषी प्रस्ताव मिलने की उम्मीद है जो हमें अपने हरित हाइड्रोजन लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद कर सकें। जोशी ने कहा कि राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन (एनजीएचएम) के तहत देश नवोन्मेषी प्रौद्योगिकी का विकास कर रहा है। उन्होंने कहा, हमारा सबसे अधिक ध्यान ऐसी नवीन प्रौद्योगिकियों के विकास पर है जो हरित हाइड्रोजन के उत्पादन के लिए बायोमास या अपशिष्ट पदार्थों का उपयोग करें।

**मंत्री ने कहा, मैं पायलट परियोजनाओं के लिए नए प्रस्तावों की घोषणा कर रहा हूं, जो हरित हाइड्रोजन के उत्पादन के लिए बायोमास के उपयोग सहित अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों को प्रदर्शित करते हैं।**

जोशी ने बताया कि इन शुरूआती स्तर की परियोजनाओं के लिए कुल 100 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है जो एनजीएचएम के तहत स्टार्टअप परियोजनाओं के लिए पहले से आवंटित 100 करोड़ रुपये के अतिरिक्त है। उन्होंने राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन का लोगो भी जारी किया। एनजीएचएम का उद्देश्य भारत को हरित हाइड्रोजन के उत्पादन, उपयोग एवं निर्यात का वैश्विक केंद्र बनाना है। इसका परिव्यय 19,744 करोड़ रुपये है और इसका लक्ष्य 2030 तक प्रति वर्ष 50 लाख टन हरित हाइड्रोजन का उत्पादन करना है। इसका लक्ष्य 125 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता, आठ लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश और छह लाख से अधिक हरित रोजगार उत्पन्न करना है। इसका लक्ष्य जीवाश्म ईंधन के आयात में एक लाख करोड़ रुपये की कमी और कार्बन डाईऑक्साइड के सालाना पांच करोड़ टन उत्सर्जन को कम करना भी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2023 में इस मिशन की शुरूआत की थी। जोशी ने साथ ही बताया कि वीओ चिदंबरनार बंदरगाह पर भारत की पहली हाइड्रोजन बंकरिंग और ईंधन भरने की सुविधा के लिए 35 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। वहीं देश में चार हाइड्रोजन वैली इनोवेशन क्लस्टर (झारखंड, ओडिशा, पुणे, केरल) हैं। सरकार ने एकीकृत हाइड्रोजन संकुल बनाने के लिए 170 करोड़ रुपये प्रदान किए हैं।

## राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर जागरूकता रथ को उपायुक्त ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**गुमला:** झारखंड राज्य स्थापना के 25वें गौरवशाली वर्ष के अवसर पर उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित एवं पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां ने संयुक्त रूप से समाहरणालय परिसर, गुमला से 4 जागरूकता रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इन रथों के माध्यम से झारखंड सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, उपलब्धियों एवं विकास कार्यों की जानकारी जिले के सभी प्रखंडों और पंचायतों तक पहुंचाई जाएगी।

हर गांव तक पहुंचे सरकार की योजनाओं की जानकारीह इ उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित

कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने कहा कि राज्य स्थापना दिवस के इस विशेष अवसर पर यह जागरूकता रथ जिले के हर प्रखंड में सरकार की योजनाह के संदेश को लेकर निकले हैं। उन्होंने कहा कि ये रथ झारखंड सरकार की प्रमुख योजनाओं एवं गौरवशाली इतिहास और वीर गाथाओं से भी लोगों को परिचित कराएंगे। जिला जनसम्पर्क विभाग करेगा रथों का संचालन

इन जागरूकता रथों का संचालन जिला जनसम्पर्क विभाग, गुमला द्वारा किया जाएगा। विभाग के माध्यम से ऑडियो-विजुअल माध्यम, जनसंपर्क सामग्री, नारे और गीतों के जरिए योजनाओं एवं राज्य के इतिहास का प्रचार-प्रसार किया जाएगा ताकि आमजन तक सरल भाषा में सरकारी योजनाओं की जानकारी पहुंच सके।

# घाघरा पंचायत के दारी टोंगरी में बारह पड़हा दारी जतरा किया गया आयोजन

**नवप्रदेश, गुमला:** इस जतरा में दुर दुर से हजारों की उमड़ी भीड़ इस जतरा का महत्व और प्राकृतिक सौंदर्य लोगों को आने के लिए मोहताज करतीं हैं इस जतरा का में स्थित बुढ़ा महादेव, नकटी देवता, पुरखा कंडो की अस्था से लोगों का गहरा जुड़ाव है लोग पुजा कर अपनी मनोकामनाएं पुरी करते हैं बाहर पड़हा दारी जतरा में आये अतिथियों को प्रस्तावित कुड़ुख विद्यालय शिवनाथपुर के छात्र छात्राओं द्वारा परीक्षण कर लाये,जतरा के शुभ अवसर पर राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा के राष्ट्रीय धर्म गुरु श्री बंधन तिग्गा लोगों को संबोधित करते हुए बोले की प्राकृतिक एक आइसी चीज है जीससे हर कोई प्रभावित है प्राकृतिक के बिना किसी का जीवन अधुरा है हमे हमारी परंपरा संस्कृति का संरक्षण और संवर्धन जरुरी है प्राकृतिक के रूप सम सभी इसी में हमारी धर्म है पूर्व संसद सह

केंद्रीय मंत्री सुदर्शन भगत जतरा को एक दुसरे से मेल मिलाप भाईचारा का प्रतीक बताए जतरा में अपनी संस्कृति का झलक बताए जीसमे रग रस से लोग नाचते गाते झुमते है और खुशी मनाते है मौके पर सिसई विधानसभा के माननीय विधायक श्री जिगा सुसारन होरो ने जतरा का आदिवासी का महत्वपूर्ण त्योहार बताए जीसमे लोग जतरा पड़हा में जाकर नाच गान करते हुए खुशी मनाते है आने वाले वर्ष में जतरा को भव्य बनाने के लिए सहयोग करने की बात कहे मौके पर जतरा समिति के साथ अन्य गणमान्य लोग मे सिसई प्रमुख श्रीमती मिणा उरांव, जीप सदस्य सिसई उतरी श्रीमती विजय लक्ष्मी कुमारी, समाजसेवी कैप्टन लोहरा उरांव, पड़हा कोटवार गजेंद्र उरांव, पड़हा कोहा बेल जुब्बी उरांव, जतरा समिति के सदस्य श्री पुनई उरांव, कमलेश उरांव, सुकरु उरांव उर्फ टाना भगत, मयूरी ट्रस्ट गुमला झारखंड चैताली कॉलेज गुमला के डायरेक्टर बसंत कुमार गुप्ता, मयूरी ट्रस्ट गुमला के सचिव चैताली सेनगुप्ता, रंथु उरांव, प्रभात उरांव, सतोष उरांव, कमलेश मुंडा, कार्तिकेश्वर मिश्रा, तिम्बढु टाना भगत, इंद्रपाल उरांव, जयमंगल के साथ, भारी संख्या में लोग मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### सिकिदिरी में पुलिस ने अज्ञात युवती का शव बरामद किया



**नवप्रदेश, अनगड़ा:** सिकिदिरी थाना क्षेत्र के सारूबेड़ा में पुलिस ने एक अज्ञात युवती ( 18 वर्ष ) का शव बरामद किया है। मंगलवार की सुबह गांव वालों ने सिकिदिरी- हुंडरू फॉल पथ के फोरवे डैम मोड़ के समीप युवती का शव देखा। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने आसपास के ग्रामीणों को बुलाकर शव की पहचान करवाई परन्तु शव का पहचान नहीं हो सका है। युवती लाल रंग की सूट पहनी हुई है। थाना प्रभारी सचिन कुमार मिश्रा ने बताया कि शव को अन्यत्र से लाकर यहां फेंक दिया गया है। मृतका के बांए हाथ में जेलको( अस्पताल में स्लाइन चढ़ाने के लिए लगाया गया सुई ) लगा हुआ है। आशंका व्यक्त की जा रही है कि मृतका का इलाज किसी अस्पताल में चल रहा था। मौत होने के बाद शव को सोमवार की रात यहां लाकर फेंक दिया गया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### उषा मार्टिन विवि में कॉलेज राइवल्स इंटर-कॉलेज टेक गेमिंग फेस्ट का आयोजन

**नवप्रदेश, अनगड़ा:** उषा मार्टिन विवि अनगड़ा के बीटेक कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग के तृतीय वर्ष के छात्रों ने विवि में कॉलेज राइवल्स नामक इंटर-कॉलेज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न कॉलेजों के छात्रों ने कई ई-स्पोर्ट्स तथा गेमिंग प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा दिखाई। उद्घाटन कुलपति प्रो मधुलिका कौशिक, रजिस्ट्रार डॉ एसपी वर्मा,कैंपस निदेशक डॉ अनिल कुमार मिश्रा, डॉ अभिषेक पांडे और राहुल कुमार गुप्ता ने किया। यह आयोजन इंजीनियरिंग छात्रों को तकनीकी,संगठनात्मक और सहयोगात्मक कौशल विकसित करने में मदद करता है। आयोजन में आदित्य, देवांशु, आयुष, हार्दिक, शिवम, अर्पित, रौनित, हर्ष, बिट्टू, पुष्पांजली, शुभम, समद और निशांत का योगदान रहा।

### विद्या कॉलेज ऑफ नर्सिंग अनगड़ा को आईएनसी से मिली मान्यता

**नवप्रदेश, अनगड़ा:** विद्या कॉलेज ऑफ नर्सिंग अनगड़ा को आईएनसी नई दिल्ली से बीएससी नर्सिंग की मान्यता मिली है। कॉलेज की निदेशक विद्या सिंह ने बताया कि इससे पूर्व एएनएम और जीएनएम को मान्यता मिल चुकी है। इस मान्यता से कॉलेज की सफलता में एक अध्याय और जुड़ गया है। उन्होंने बताया कि कॉलेज की प्राथमिकता प्रशिक्षुओं में जनसेवा की भावना जागृत करना है।

### मांडर पुलिस ने सरगांव स्थिति एक कुएं से सात वर्षीय बच्ची का शव बरामद किया

**नवप्रदेश, मांडर :** मांडर पुलिस ने थाना क्षेत्र के सरगांव स्थित एक कुएं से सात वर्षीय बच्ची खुशी किस्पोटा का शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया, प्राप्त जानकारी के अनुसार वह शनिवार 8नवंबर से लापता थी, इस संबंध में उसके परिजनों ने मांडर थाने में सोमवार 10 नवंबर को मांडर थाना में लापता से संबंधित सन्हा दर्ज कराया था, मांडर पुलिस मामले के अनुसंधान को लेकर सरगांव गई छान बीन के क्रम में पुलिस ने घर के बगल स्थित उसके अपने ही कुएँ में लाश देखा, जिसे ग्रामीणों की मदद से कुएं से निकाल कर थाना लाया, परिजनों के अनुसार वह अपने घर के निकट अकेले ही खेल रही थी और खेलने के दौरान ही वह कुएँ में गिर गई, घर वालों को उसका पता नहीं चला घर वालों द्वारा कुएँ में झागर भी डाल कर देखा गया लेकिन नहीं मिली

## झारखंड राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष का शुभारंभ

**गुमला:** झारखंड राज्य की स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विरासत, प्रगति और आकांक्षाओं का उत्सवह के रूप में रजत जयंती वर्ष समारोह की शुरूआत आज जिले के सभी विद्यालयों में हुई। कार्यक्रमों की श्रृंखला का शुभारंभ विद्यार्थियों द्वारा आयोजित विशेष प्रार्थना सभा और संकल्प शपथ के साथ हुआ विद्यालयों में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने झारखंड के गौरवशाली इतिहास, स्वतंत्रता सेनानियों, महापुरुषों और आंदोलनकारियों के योगदान को याद करते हुए राज्य की एकता, समृद्धि और विकास में योगदान देने का संकल्प लिया। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को राज्य की सांस्कृतिक धरोहर, जनजातीय परंपरा, प्राकृतिक संपदा और प्रगति की यात्रा से अवगत कराया।राज्य स्तरीय निर्देशानुसार 11 से 15 नवम्बर 2025 तक विद्यालय, प्रखंड एवं जिला विभिन्न स्तरों पर शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं।

## बोर्ड परीक्षा पूर्वाभ्यास में 90% उपस्थिति, प्रेरणा से परिवर्तन की ओर

**गुमला:** उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के नेतृत्व में गुमला जिला प्रशासन द्वारा बोर्ड परीक्षा 2026 की तैयारी हेतु शैक्षणिक गुणवत्ता सुधार की व्यापक मुहिम चल रही है। इस अभियान का उद्देश्य केवल परीक्षा परिणाम बेहतर बनाना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में नियमितता, आत्मविश्वास और विषयगत दक्षता विकसित करना है।10 से 12 नवंबर तक आयोजित मॉक टेस्ट में कक्षा 10 के 11916 में से 10531 तथा कक्षा 12 के 5478 में से 4913 विद्यार्थियों ने भाग लिया। लगभग 90 प्रतिशत उपस्थिति यह दर्शाती है कि जिले में शिक्षा के प्रति बच्चों और शिक्षकों दोनों में नई ऊर्जा और प्रतिबद्धता आई है।मॉक टेस्ट के उपरांत 20 नवंबर तक परिणाम तैयार कर विद्यालयों में विशेष अभिभावक-शिक्षक बैठकें आयोजित की जाएंगी, जहाँ अनुपस्थित और कमजोर विद्यार्थियों के लिए सुधारात्मक रणनीति तय होगी। सभी विद्यालयों को 15 दिसंबर तक सिलेबस पूर्ण कराते हुए,शीतकालीन अवकाश हेतु

होमवर्क असाइनमेंट तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि बच्चे अवकाश में भी अपनी पढ़ाई जारी रख सकें।विद्यालयों में गठित बोर्ड परीक्षा टास्क फोर्स द्वारा अनुपस्थित विद्यार्थियों की पहचान कर अभिभावकों और समुदाय से संवाद किया जा रहा है, जिससे उपस्थिति दर में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। नियमित रेमेडियल कक्षाओं, प्रश्नपत्र चर्चा और आत्ममूल्यांकन के माध्यम से विद्यार्थियों की समझ और उत्तर देने की क्षमता में भी सकारात्मक परिवर्तन देखा गया है।उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने कहा कि जिला प्रशासन, शिक्षा विभाग और विद्यालय प्रबंधन समिति के संयुक्त प्रयास से गुमला एक नई शैक्षणिक पहचान गढ़ने की दिशा में अग्रसर है।

# केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने 65 लाख से बनने वाली 7 योजनाओं का शिलान्यास किये

**नवप्रदेश, सोनाहातु/राहे:** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने मंगलवार को सोनाहातु और राहे प्रखंड में 65 लाख से बनने वाली 7 योजनाओं का शिलान्यास किये। राहे प्रखंड के सोसो गांव में श्मशान शेड, दोकाद गांव में पेवर्स ब्लॉक सड़क, लुबुटोली में पेवर्स ब्लॉक सड़क,मांझीडीह -कुबाडीह राममंदिर में शेड निर्माण, कोटांगदाग ओर दुलमी में चबूतरा निर्माण, सोनाहातु प्रखंड के दिडसीर गांव में श्मशान शेड निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। इस दौरान शिलान्यास समारोह में आयोजित सभा में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि लोगों के आवश्यकता के अनुसार विकास कार्यों में गति दिया जा रहा। हर चौक चौराहे में हाई मास्ट लाइट लगाया जा रहा है। हाई स्कूल राहे में जल्द ही कम्युनिटी हॉल साइकिल स्टैंड बाउंड्री वॉल का निर्माण किया जाएगा। राढू जलाशय योजना के लिए राज्य सरकार से डीपीआर बनाने के लिए कहा गया है। इस योजना से पूरे सिल्ली विधानसभा के लोगों को लाभ पहुंचेगा। इस क्रम लोगों ने दोकाद हाई स्कूल में रास्ता विवाद के की समस्या बताई।धोबीमुहल्ला नाली निर्माण के साथ निकासी की मांग किया गया। मौके पर ग्रामीण जिला अध्यक्ष विनय कुमार महतो धीरज,मेघनाथ महतो, अंबुज रजक,खगेश महतो, दिलेश्वर कोईरी,वीरेंद्र महतो,अंबुज रजक,मनोज महतो, युधिष्ठिर महतो, लक्ष्मीकांत महतो,रामधन महतो,लक्ष्मण, सुभाष महतो ललित सिंह मुंडा, धनंजय महतो,गोपाल महतो,रवि ठाकुर, गंगाधर साव, दुर्योधन महतो,आदि मौजूद थे।

### फर्जी आधार कार्ड से फ्री में मांडर टॉल पार कर रहे थे थानाक्षेत्र से बाहर के लोग, 150 आधार कार्ड जब्त



**नवप्रदेश, मांडर :** मांडर टॉल प्लाजा में मांडर और चान्हों थानाक्षेत्र के चारपहिया वाहन बगैर किसी शुल्क के आधार कार्ड दिखाकर आवाजाही करने लगे थे लेकिन दोनों थानाक्षेत्र के बाहर के लोग आधार कार्ड में पता चेंज कर फ्री में आवाजाही करने लगे थे टॉल मैनेजर अभिषेक साहू के अनुसार करीब 150 ऐसे आधार कार्ड को जब्त किए गए है उन्होंने बताया कि आगे भी फर्जी आधार कार्ड पर कारवाई जारी रहेगी ताकि स्थानीय लोगों को परेशानी नहीं हो।

## बेयासी पंचायत में झारखंड रजत जयंती पर प्रभात फेरी और मनरेगा से जुड़े विविध कार्यक्रम आयोजित

**नवप्रदेश, चान्हो:** चान्हो प्रखंड के बेयासी पंचायत में झारखंड राज्य की रजत जयंती समारोह के अवसर पर मंगलवार को प्रभात फेरी निकाली गई और मनरेगा से संबंधित कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मनरेगामेट,मजदुर,बगवानी,सखी, ग्रामीण,पंचायत सचिव,रोजगार सेवक सहित अन्य शामिल थे. इस दौरान मनरेगा में काम की मांग, कार्य आवंटन, जाब कार्ड वितरण, उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र का वितरण, मनरेगा भागीदारी पर सामुदायिक शपथ सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये. कार्यक्रम में मुख्य रुप से पंचायत के मुखिया भोला उरांव, पंचायत सचिव कलीम अंसारी, उप मुखिया धनंजय महतो, रोजगार सेवक मो युसुफ अंसारी, वार्ड सदस्य अनीता उरांव, नुजहत परवीन, रुकसाना खातुन, सुनील उरांव, लाभुक रुस्तम अन्सारी, रुबी तबस्सुम, मेठ बिनिता कुमारी, कार्तिक भगत, उषा देवी, मिथुन शाही, अयुब अन्सारी, खदीजा खातुन सहित मनरेगा के लाभुक एवं ग्रामीण मौजूद थे।

# बैंक द्वारा फेमिली पेंशन चालू करने में टालमटोल पर डीसी के पास की शिकायत

**नवप्रदेश, गुमला:** मृतक चौकिदार पति बिरसाई उरांव का पेंशन बुक खो जाने से उसकी 73 वर्षीय पत्नी मिनी उरांव ग्राम परसा, थाना रायडीह जिला गुमला अपनी फेमिली पेंशन चालू करने में बीओआई रायडीह से परेशान है और इस बाबत उपायुक्त गुमला के पास एक लिखित शिकायत की है ' मिनी उरांव ने शिकायत पत्र में कहा है कि मेरे पति स्व० बिरसाई उरांव अंचल कार्यालय रायडीह से दिनांक 01-09-2019 को चौकिदार के पद से सेवानिवृत हुए थे तथा पीपीओ नम्बर - 112120583 एवं जिला कोषागार गुमला से टी.एस. नम्बर - 11018 दिनांक 21-10-2021 के तहत उपादान, बकाया पेंशन तथा अगस्त 2021 माह का पेंशन मिलाकर एकमुश्त कुल 7,76,159/- रु. मेरे पति के बैंक आफ इंडिया रायडीह खाता में राशि

भेजी गई तदुपरांत आगे का मासिक पेंशन की राशि इनके बैंक खाता में नहीं आया और दिनांक 29-12-2021 को इनकी अचानक मृत्यु हो गया ' मेरे पति स्व. बिरसाई उरांव का बैंक खाता बंद है और इनके पेंशन तथा बैंक खाता में नोमनी में उनकी पत्नी मिनी उरांव हुं ' मेरा बड़ा पुत्र तुलसी उरांव पेंशन बुक तथा बैंक पासबुक को रखा था तथा वो अलग रहता है तथा अपने मनमर्जी से बैंक से पैसा निकालकर स्वयं अकेले खर्च करता है और आज तक मुझे एक पैसा कभी भी मदद नहीं किया तथा पेंशन बुक वगैरह मांगने पर खो गया बोलता है जिसके कारण मुझे काफी परेशानी हो गया है ' शिकायत पत्र में मिनी उरांव ने आगे कहा है कि मेरे द्वारा 09-09-2025 को तथा 30-10-2025 को बीओआई रायडीह के शाखा प्रबंधक को बकाया पेंशन तथा मासिक पेंशन के लिए आवेदन समर्पित की थी जिसमें पेंशन पीपीओ, ट्रेजरी कागजात, पति का मृत्यु प्रमाण पत्र, बैंक खाता स्टेटमेंट्स तथा अपना आधार - पेन - पासबुक लगाई थी परंतु बैंक द्वारा टालमटोल किया जा रहा है और ओरिजिनल पेंशन बुक मांगा जा रहा है ' मैंने आवेदन की प्रति एलडीएम गुमला, अंचलाधिकारी रायडीह, कोषागार पदाधिकारी गुमला को भी दी थी परंतु अब तक किसी तरह का कोई कार्रवाई नहीं हुई है, कृपया मेरी फेमिली पेंशन चालू करवाने की कृपा किया जाए।

### झारखंड स्थापना की वर्षगांठ पर विशेष ग्राम सभा का आयोजन

**खूंटी:** झारखंड राज्य स्थापना की 25वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित विविध कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत मंगलवार को जिले की सभी पंचायतों में मनरेगा अंतर्गत विशेष ग्राम सभा और विशेष रोजगार दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को मनरेगा योजनाओं की जानकारी देना, कार्य आवेदन, पंजीकरण और जॉब कार्ड वितरण सुनिश्चित करना था। कार्यक्रम की शुरूआत प्रातः प्रभात फेरी के साथ हुई, जिसमें मनरेगा मजदूर, मेट, बागवानी सखी, ग्रामीण एवं पंचायत कर्मी उत्साहपूर्वक शामिल हुए। प्रभात फेरी के दौरान मनरेगा हमारा अधिकार और रोजगार से सम्मान जैसे नारों से वातावरण गूंज उठा। इसके बाद विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों को मनरेगा योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।

### झारखंड स्थापना दिवस के मौके पर बरगड़ी पंचायत में निकाला गया प्रभात फेरी

**नवप्रदेश, मांडर:** मांडर प्रखंड के बरगड़ी पंचायत में झारखंड राज्य के स्थापना दिवस के मौके पर मनरेगा के तहत प्रभातफेरी निकाली गई, जिसमें पंचायत के मुखिया श्री लक्ष्मन भगत के नेतृत्व में पंचायत समिति सदस्य और वार्ड सदस्यों के अलावा बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। यह प्रभातफेरी पंचायत भवन से निकलकर गांव के विभिन्न जीएल चर्च होते हुए एस पी जी मिशन स्कूल तक पहुंची। जिसमें लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से मनरेगा योजना से होने वाली लाभ और मनरेगा के तौर तरीके को समझाया गया। मौके पर युवा कांग्रेस अध्यक्ष शमसुल शेख जी आर एस गोपाल उरांव, वार्ड सालीस अंसारी, हसीब अंसारी, प्रमोद कच्छप, अनुज उरांव, सुंदर उरांव, विक्रम उरांव, हदिस अंसारी, धरमु उरांव और बहुत सारे ग्रामीण लोग उपस्थित रहे।

### मांडर पुलिस ने दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**मांडर :** मांडर पुलिस ने थाना कांड संख्या 13/22 के प्राथमिक अभियुक्त रोशन उरांव 27 वर्ष ग्राम बरगड़ी थाना मांडर, वर्तमान पता ग्राम कोकड़ो थाना ठाकुरगांव एवं अंकित उरांव 25 वर्ष ग्राम बरगड़ी को मंगलवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया, इनके ऊपर अपहरण का एक मामला दर्ज था।

### झामुमो अनगड़ा प्रखंड कमेटी का गठन, रिझुवा बने प्रखंड अध्यक्ष

**अनगड़ा:** झामुमो रांची जिला संयोजक मंडली के निर्देशानुसार जिला के सभी प्रखंड समितियों का पुनर्गठन किया गया। अनगड़ा प्रखंड के गठित समिति में रिझुवा मुंडा को प्रखंड अध्यक्ष,मनीष नायक, दीपक लोहरा,सुधीर मुंडा, गणेश बेदिया और अरविंद उरांव को उपाध्यक्ष, अमानुल्लाह अंसारी को सचिव व संदीप कुमार साहू को कोषाध्यक्ष बनाया गया है।

## राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर जिले भर में रन फॉर झारखंड का हुआ भव्य आयोजन

**गुमला:** झारखंड राज्य के गौरवशाली 25वें स्थापना दिवस के अवसर पर आज रन फॉर झारखंड कार्यक्रम का भव्य आयोजन नगर भवन, गुमला से फूलवा टोली होते हुए पुनः नगर भवन तक लगभग 5 किलोमीटर की दूरी तक किया गया। इस अवसर पर जिले के सैकड़ों युवा प्रतिभागियों ने उत्साह एवं जोश के साथ भाग लेते हुए झारखंड राज्य के प्रति एकता, ऊर्जा और गर्व का संदेश दिया। कार्यक्रम का उद्घाटन उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित, पुलिस अधीक्षक हरीश बिन जमां, उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महतो, अपर समाहर्ता शाहसिद्ध कुमार बड़ाइक, जिला नजारत उप समाहर्ता ललन कुमार रजक, जिला खेल पदाधिकारी प्रवीण कुमार सहित अन्य वरीय अधिकारियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। अधिकारियों ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए राज्य स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।उपायुक्त ने युवाओं को राज्य निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का दिया संदेश,अपने संबोधन में उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने कहा कि रन फॉर झारखंड कार्यक्रम झारखंड राज्य के 25वें स्थापना दिवस के अवसर पर राज्य सरकार के निर्देशानुसार आयोजित किया गया है।

उन्होंने कहा कि यह आयोजन सिर्फ एक खेल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि राज्य के प्रति समर्पण, एकता और जागरूकता का प्रतीक है। उन्होंने युवाओं को संदेश देते हुए कहा झारखंड की प्रगति में युवाओं की भूमिका सबसे अहम है। यदि हर युवा अपनी जिम्मेदारी समझे, शिक्षा और स्वच्छता को अपनाए तथा समाज में सकारात्मक योगदान दे।

# सड़क सुरक्षा पर प्रशासन का कड़ी कार्रवाई की चेतावनी

## रायडीह में 70 चालकों पर कार्रवाई, 55,000 जुमार्ना

नवप्रदेश संवाददाता

**गुमला:** जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए गुमला जिला प्रशासन अब 'एक्शन मुड में आ गया है। उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार, जिला परिवहन पदाधिकारी ज्ञान शंकर जायसवाल के नेतृत्व में सोमवार को रायडीह थाना के सामने एक व्यापक और सघन जाँच अभियान चलाया गया।

इस विशेष अभियान के दौरान, यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 70 से अधिक वाहन चालकों को न केवल जागरूक किया गया, बल्कि उन पर कड़ी कार्रवाई करते हुए कुल ₹55,000 (पचपन हजार रुपये) का भारी जुर्माना भी वसूला गया।डीटीओ ज्ञान जा'यसवाल ने टीम और पुलिस बल के साथ मुख्य मार्गों पर अचानक घेराबंदी की, जिससे नियम तोड़ने वाले चालकों में हड़कंप मच गया।

अभियान का मुख्य जोर जीवन रक्षक नियमों पर था। प्रमुख रूप से

इन उल्लंघनों पर चालान काटे गए,दोपहिया वाहनः हेलमेट न पहनना और 'ट्रिपल राइडिंग' एवं शराब न पीने चार पहिया वाहन सीट बेल्ट का उपयोग न करना।

दस्तावेजः ड्राइविंग लाइसेंस, इंश्योरेंस, परमिट, पीयूसी और रोड टैक्स जैसे जरूरी कागजात न होना, प्रेशर हॉर्न का उपयोग और मालवाहकों ओवरलोडिंग।

डीटीओ जायसवाल ने स्पष्ट किया कि इस अभियान का प्राथमिक लक्ष्य सिर्फ राजस्व जुटाना नहीं है, बल्कि सड़क दुर्घटनाओं को शून्य पर लाना है। पकड़े गए चालकों को जुमार्ने के साथ-साथ लापरवाही के गंभीर परिणामों के बारे में भी व्यक्तिगत रूप से समझाया गया और नियमों का पालन करने की अंतिम चेतावनी दी गई।

प्रशासन ने अपनी सख्ती को जारी रखते हुए अगले दिन कैसे बस संचालक जो आदेश का उल्लंघन करते हुए, बस को परिचालन कर रहे हैं उनको नियम के साथ और प्रशासन के आदेश के साथ चलने के लिए बतलाया है । जिला परिवहन पदाधिकारी ने स्वयं दुनदूरियां बस डिपो में औचक निरीक्षण किया। यातायात नियमों के प्रति सख्त रुख अपनाते हुए डीटीओ ने बस संचालकों को स्पष्ट चेतावनी दी कि दुनदूरियां बस डिपो में बस न लगाने की स्थिति में आदेश की अवहेलना बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकतम जुर्माना या परमिट निलंबित करने तक की चेतावनी दी।अधिकारियों के कड़े रुख को देखते ही कई बस संचालक अपनी बसों को मौके से भगाते हुए देखे गए। यह अभियान गुमला जिले में एक सुरक्षित और अनुशासित यातायात व्यवस्था स्थापित करने की दिशा में प्रशासन के महत्वपूर्ण प्रयासों को दर्शाता है।

### पिस्का नगड़ी में झारखंड स्थापना दिवस पर मनरेगा कर्मियों और लाभुकों को सम्मानित किया गया

**नवप्रदेश, पिस्का नगड़ी:** प्रखंड के सभागार में झारखंड स्थापना दिवस के अवसर पर मनरेगा से संबंधित विभिन्न कार्यक्रम के तहत मंगलवार को माननीय जिला परिषद सदस्य , प्रखंड प्रमुख, प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी और राहुल सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई और उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मी ,मुखिया,महिला मेठ, लाभुक एवं 100 दिन पूर्ण किए परिवार को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### तोरपा में रन फॉर झारखंड का आयोजन

**खूंटी:** भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती और झारखंड राज्य स्थापना की 25वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में मंगलवार को तोरपा में रन फॉर झारखंड का आयोजन किया गया। प्रखंड परिसर से इस कार्यक्रम की शुरुआत जिला परिषद अध्यक्ष मसीह गुड़िया, प्रखंड विकास पदाधिकारी नवीन चंद्र झा और अंचलाधिकारी पूजा बिन्हा, प्रमुख रोहित सीरी बीपीओ नरेंद्र कुमार, मोनल आनंद, रेफरल अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ मिदेन मुंड ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर की। यह रन प्रखंड परिसर से शुरू होकर मुख्य सड़क मार्ग से होते हुए हिल चौक स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा स्थल तक पहुंची, जहां कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में प्रशासनिक अधिकारियों, प्रबुद्ध नागरिकों, शिक्षकों तथा विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

## नहाने के दौरान सोन नद मे पांच डूबे, एक बच्ची की मौत

**नवप्रदेश, डेहरी:** रोहतास जिले के नौहट्टा थाना क्षेत्र के बांदू गांव निवासी रवि रतन पांडेय की 14 वर्षीय बेटी श्रेया पांडेय की मौत सोन नदी मे नहाने के दौरान नदी में डूबने से मंगलवार को हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि मंगलवार की दोपहर मे रविरतन पांडेय उर्फ गुल्ली पांडेय के घर से सात बच्चे सोन नदी में मनरसा के सामने नहाने गये थे। नहाने के क्रम मे साक्षी कुमारी (15)रेशमी कुमारी (18)श्रेया कुमारी (13)व सिद्धार्थ पांडेय(15) व एक अन्य बच्चा नहाने के दौरान गहरे पानी में चले गए व डूबने लगा। साथ गए अन्य बच्चे जब डूबने का हल्ला किए तब रविरतन पांडेय उर्फ गुल्ली पांडेय कुछ दुरी पर नहा रहे थे दौड़ पड़े । गुल्ली पांडेय ने अपने बेटा सिद्धार्थ को बचाया इसके साक्षी व रेशमी को बचाया लेकिन अपनी बेटी श्रेया का उसे पता नही चला तथा बचाने के क्रम मे गुल्ली पांडेय भी डूबने लगे। स्थानीय गोताखोर व नाविक भी घटना स्थल पर पहुँच गए।जटा चौधरी ने डूबते गुल्ली को बचाया। सूचना फैलते ही गांव के लोग दौड़ पड़े।

# दूसरे चरण की वोटिंग के बीच हलचल तेज, ललन सिंह से मिलकर जेडीयू दफ्तर पहुंचे नीतीश कुमार

निरंकार भास्कर, नवप्रदेश

**पटनाः** बिहार में विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए जारी मतदान के बीच जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) में हलचल तेज हो गई है। मुख्यमंत्री एवं जेडीयू अध्यक्ष नीतीश कुमार मंगलवार सुबह केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह के पटना स्थित आवास पर पहुंचे हैं। बताया जा रहा है कि दोनों नेताओं के बीच बिहार चुनाव को लेकर अहम मंत्रणा की गई। नीतीश वहां से जेडीयू के प्रदेश कार्यालय पहुंच गए। उनके साथ सदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी और जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा भी मौजूद रहे।बता दें कि मंगलवार को बिहार चुनाव के दूसरे चरण का मतदान हो रहा है, पहले चरण की वोटिंग 6 नवंबर को हुई थी। आगामी 14 नवंबर को मतगणना के बाद चुनाव के नतीजे जारी होंगे। जेडीयू के सहयोगी दल शीर्ष नेताओं द्वारा एनडीए के सीएम कैंडिडेट पर कंफ्यूजन बनाए जाने के बाद भाजपा ने साफ कर दिया कि चुनाव के बाद भी नीतीश कुमार ही मुख्यमंत्री होंगे। बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान 6 नवंबर को हुआ था। मंगलवार को दूसरे चरण की वोटिंग जारी है। पहले चरण में ऐतिहासिक 65 फीसदी से ज्यादा मतदान हुआ था, दूसरे चरण में भी रिकॉर्ड तोड़ वोटिंग होने के आसार हैं। बंपर वोटिंग के बाद जेडीयू समेत एनडीए के नेता दावा कर रहे हैं कि नीतीश सरकार फिर से आ रही है।

**अमित शाह के बयान से हुई थी कंफ्यूजन, ललन सिंह ने सुर मिलाए :** बिहार चुनाव से पहले नीतीश कुमार के चेहरे को लेकर एनडीए में कंफ्यूजन का दौर चला। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक इंटरव्यू में पिछले महीने कहा था कि अभी हम नीतीश कुमार के नेतृत्व में लड़ रहे हैं, चुनाव नतीजे आने के बाद सभी घटक दलों के नेता और विधायक मिलकर मुख्यमंत्री का चुनाव करेंगे। शाह के इस बयान के बाद नीतीश के सीएम फेस होने पर संशय मंडरा गया और सियासी गलियारों में चचाओं का दौर शुरू हो गया।फिर, जेडीयू के पूर्व अध्यक्ष ललन सिंह ने अमित शाह के सुर में सुर मिलाए। केंद्रीय मंत्री ने कहा था कि शाह के बयान को तोड़-मरोड़कर पेश किया जा रहा है। हम बिहार विधानसभा का चुनाव नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही लड़ेंगे। मुख्यमंत्री विधायक दल तय करेगा। यही परंपरा रही है। 2020 में भी नीतीश कुमार को विधायक दल ने ही अपना नेता बनाया था।

**राजनाथ सिंह और सम्राट चौधरी ने दूर किया कंफ्यूजन :** रक्षा मंत्री एवं भाजपा के शीर्ष नेताओं में से एक राजनाथ सिंह ने बिहार में एनडीए के सीएम फेस पर कंफ्यूजन दूर कर दिया। पहले चरण का मतदान होने के बाद राजनाथ ने एक इंटरव्यू में कहा कि चुनाव के बाद भी नीतीश कुमार ही मुख्यमंत्री होंगे। वहीं, डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी भी लगातार यह बात कहते हुए आ रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस-प्रशासन की चूक से हुई दुल्लमचक हत्याकांड , घटना की हो उच्चस्तरीय जांच : घनश्याम राय

**नवप्रदेश, सहार ( भोजपुर) :** दो दलों के बीच चुनावी विवाद के बाद मारपीट से उपजे अराजकता के बाद महिला की हत्या के लिए जनसुराज के प्रदेश नेता घनश्याम राय ने पुलिस प्रशासन को दोषी ठहराते हुए महिला हत्याकाण्ड को शर्मनाक करार दिया है ।उन्होंने पुरे प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है ताकि घटना के जड में जाकर असली दोषी को सजा मिल सके और अस्त व्यस्त हुई समाज को तकरार से बचाया जा सके ।उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन ने सिर्फ कानूनी खानापूर्ति कर प्राथमिकी दर्ज करती रही लेकिन सामाजिक पहल कौ दरकिनार कर दिया जिसकी वजह से दोनों पक्षों में तनाव बढता गया और आखिरकार महिला की हत्या हो गई। उन्होनें दुल्लमचक गांव में उतपन्न विवाद को समाप्त करने के लिए आमलोगो से शाति व भाईचारा स्थापित करने की अपील की है ।

### काराकाट विधानसभा प्रत्याशी ज्योति सिंह के यहां प्रशासन ने की छापेमारी

**नवप्रदेश, बिक्रमगंज :** भोजपुरी स्टार पवन सिंह की पत्नी काराकाट विधानसभा से निर्दलीय प्रत्याशी ज्योति सिंह के होटल में सोमवार को प्रशासन की देर रात छापेमारी की। छापेमारी दल का नेतृत्व एसडीएम बिक्रमगंज प्रभात कुमार कर रहे थे। हालांकि छापेमारी के दौरान किसी प्रकार का कोई आपत्ति जनक सामग्री बरामद नहीं किया गया। प्रशासन वहां उपस्थित लोगों के संबंध में जानकारी ली तथा ज्योति सिंह के कमरे का वीडियो ग्राफी कर प्रशासन वापस लौट गई। इस छापेमारी का ज्योति सिंह ने विरोध किया। ज्योति सिंह ने प्रशासन पर आरोप लगाया कि हमारा चुनाव प्रभावित करने के लिए चुनाव से एक दिन पहले प्रशासन द्वारा छापेमारी की गई। ज्योति सिंह ने आरोप लगाया है कि ह्लमुझे राजनीतिक रूप से परेशान करने के लिए प्रशासन द्वारा षड्यंत्र के तहत मेरे होटल में बिना किसी महिला फोर्स के छापेमारी की गई।ह्व एसडीएम से छापेमारी के संबंध में पूछे जाने पर बताया कि सूचना मिली की ज्योति सिंह के पास कुछ असमाजिक तत्व आए है जो मतदान को प्रभावित कर सकते है। मतदाताओं को प्रलोभन देने और रुपये का वितरण करने की सूचना मिली थी। सूचना को सत्यपित करने के लिए छापेमारी की गई है।

### पीरो बार के सांगठनिक चुनाव की संवीक्षा(स्क्रूटनी) सम्पन्न

**नवप्रदेश, पीरो(भोजपुर) :** बार एसोसिएशन, पीरो के आगामी कार्यकाल 2025–2027 के लिए सांगठनिक चुनाव की संवीक्षा (स्क्रूटनी) सोमवार को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। पूर्व निर्धारित तिथि 10 नवंबर 2025 को हुई इस प्रक्रिया में सभी पदों के लिए दाखिल नामांकन पत्रों की गहन जांच की गई। निर्वाचन पदाधिकारियों ने बताया कि संवीक्षा के दौरान सभी नामांकन पत्र वैध पाए गए हैं। वहीं अध्यक्ष, महासचिव और अंकेक्षक पद के लिए चुनाव की स्थिति बनती दिख रही है। क्योंकि इन पदों पर एक से अधिक उम्मीदवारों ने नामांकन किया है। अब नामांकन वापसी की तिथि के बाद ही यह स्पष्ट होगा कि किन पदों पर मतदान की नौबत आएगी। बार एसोसिएशन के निवार्ची पदाधिकारी मुकेश कुमार शर्मा, सह–निवार्ची पदाधिकारी रंजन कुमार सिंह तथा सुजीत कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर यह जानकारी दी। संघ के चुनाव को लेकर अधिवक्ताओं में उत्सुकता बढ़ गई है। माना जा रहा है कि इस बार अध्यक्ष, महासचिव और अंकेक्षक पदों पर मुकाबला काफी रोचक और कड़ा रहेगा।

### कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान हुआ संपन्न

**नवप्रदेश, दावथ :** प्रखंड में विधानसभा चुनाव मंगलवार को कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया।मतदान के निर्धारित समय सुबह सात बजे के पहले ही मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की लंबी कतारें लगनी शुरू हो गयी थी। प्रखंड में कुल 87913 मतदाता है।जिसमें पुरुष मतदाता 45758 व महिला मतदाता 41433 तथा 2 थर्ड जेंडर थे। वही सेक्टर मजिस्ट्रेट ने बूथों पर जा जाकर निरीक्षण करते नजर आये।सभी बूथों पर पर्याप्त संख्या में अर्धसैनिक बल तैनात किये गये थे। जिसके कारण प्रखंड के सभी बूथों पर शांतिपूर्ण ढंग से मतदान का कार्य संपन्न हुआ। मतदान में पहली बार शामिल हुए युवाओं में काफी उत्साह देखा गया। मतदान केंद्र संख्या 231 कन्या मध्य विद्यालय पर मतदाता खुशी कुमारी ने कहा कि पहली बार मतदान करना एक सुखद अनुभूति है। हमने बिहार के विकास के लिए मतदान किया। निर्वाचन आयोग द्वारा सभी मतदान केदो पर सीसीटीवी कैमरा द्वारा निगरानी किया जा रहा था साथ हीं ज्यादा देर कतार में खड़े होने में असमर्थ मतदाताओं की सुविधा के लिए बैठने के लिए कुर्सी की व्यवस्था एवं चलने में असमर्थ मतदाताओं के लिए व्हीलचेयर की व्यवस्था की गई थी। मतदान केंद्र पर मतदाताओं के सहायता के लिए आंगनबाड़ी सेविका,आशा एवं जीविका दीदी की तैनाती की गई थी।

### मतदान केंद्रों पर उत्सव का माहौल, तीन पीढ़ियों ने साथ किया मतदान

**नवप्रदेश, सूर्यपुरा :**विधानसभा चुनाव के दौरान मंगलवार को मतदान केंद्रों पर लोकतंत्र का अद्भुत नजारा देखने को मिला। सुबह से ही मतदाताओं में उत्साह का माहौल था। जगह–जगह परिवार के लोग एक साथ वोट डालने पहुंचे तो कई बूथों पर तीन–तीन पीढ़ियाँ एक ही कतार में खड़ी दिखीं,दादा, बेटा और पोता सब एक साथ लोकतंत्र के इस पर्व में शामिल हुए। मतदान केंद्रों पर दिन भर त्योहार जैसा माहौल बना रहा।

### जीविका दीदियों द्वारा राजनीतिक एक्सप्रचार से संबंधित सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो के संबंध में स्पष्टीकरण

**नवप्रदेश, पटना :** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक वीडियो प्रसारित की जा रही है, जिसमें यह दशार्या गया है कि 04–बगहा विधानसभा क्षेत्र में जीविका दीदियों द्वारा भाजपा के अभ्यर्थियों के पक्ष में प्रचार–प्रसार किया जा रहा है तथा महिलाओं को प्रभावित कर मतदान हेतु प्रेरित किया जा रहा है। इस संबंध में स्पष्ट किया जाता है कि यह वीडियो किसी भी मतदान केंद्र से काफी दूर का है, तथा 04–बगहा विधानसभा क्षेत्र के निवार्ची पदाधिकारी द्वारा उक्त प्रकरण का त्वरित संज्ञान लिया गया है। संबंधित व्यक्तियों से स्पष्टीकरण मांगा गया है एवं एक जांच दल का गठन कर जांच प्रारंभ कर दी गई है। जांच दल से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर, यदि आरोप सत्य पाए जाते हैं, तो भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित मानकों एवं दिशा–निदेर्शों के अनुरूप विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। सभी मतदाताओं एवं नागरिकों से अनुरोध है कि ऐसे अपुष्ट एवं भ्रामक वीडियो को बिना सत्यापन के साझा न करें।

### डूबे हुए बालक का शव दो दिन बाद बरामद

**नवप्रदेश, शाहपुर :** बहोरनपुर थाना क्षेत्र के चंदा गाँव के पास डूबे बालक का शव दो दिन के बाद बरामद किया गया। बालक विवेक राम (12वर्ष) का शव डूबने के दो दिन बाद पानी मे तैरता हुआ दिखा। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष विजय कुमार ने शव को बरामद कर परिजनों के साथ अंत्यपरीक्षण हेतू आरा सदर अस्पताल भेज दिया। विदित हो कि दो दिन पूर्व विवेक राम और घूरबिरन राम चंदा पुल के पास पानी मे डूब गये थे। एसडीआरएफ की टीम ने घूरबिरन राम का शव उसी दिन बरामद कर लिया। विवेक राम का शव एसडीआरएफ की टीम द्वारा दो दिन तक खोजबीन के बावजूद भी बराबर नहीं किया जा सका। पानी में उपलाने के दौरान आज विवेक राम के शव को बरामद किया गया।

### एसपी ने विभिन्न थाना क्षेत्रों में बूथों का किया निरीक्षण

**नवप्रदेश, पूर्णिया :** विधानसभा चुनाव को स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से पूर्णिया की पुलिस अधीक्षक ने आज जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों का दौरा किया। उन्होंने सदर, के० नगर, मीरगंज एवं रुपौली थानान्तर्गत कई मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने तैनात पुलिस अधिकारियों एवं जवानों को सतर्कता बरतने, मतदाताओं के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार करने तथा हर स्थिति में निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# यूक्रेन से रोहतास आकर वोट डाला

**नवप्रदेश, सासारामः** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के दूसरे चरण के तहत 20 जिलों की 122 सीटों पर मतदान जारी है. तमाम लोग बढ़-चढ़कर लोकतंत्र के महापर्व में शामिल हो रहे हैं और अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे हैं. यूक्रेन में रहने वाले डॉ. अमित ने भी रोहतास के डालमियानगर में वोट डाला। उन्होंने कहा कि राज्य में अच्छी सरकार बने और प्रदेश में तरक्की हो, इसी सोच के साथ मतदान करने आया हूं।

**यूक्रेन से आकर डाला वोटः** जिले के डालमियानगर के रहने वाले डॉ. अमित 25 साल पहले यूक्रेन चले गए थे. वहीं पर उन्होंने शादी भी की और फिर वहीं बस गए. विधानसभा चुनाव में वोट डालने के लिए वह बिहार लौटे हैं। उन्होंने कहा कि अभी भी यूक्रेन और रशिया के बीच युद्ध के कारण हालात अच्छे नहीं हैं. एयर स्पेस बंद है. इस वजह से बिहार आने में एक हफ्ते का समय लग गया. तमाम परेशानियों के बावजूद वह अपने घर वोट डालने आए हैं.।

**कैसी सरकार चाहते हैं?:** डॉ. अमित ने बताया कि यह सुखद अनुभूति है. कई सालों के बाद वोट करने का अवसर प्राप्त हुआ. उन्होंने कहा कि बिहार में अच्छी सरकार हो. लोगों को रोजी-रोजगार मिले ताकि लोगों को पलायन का दर्द नहीं झेलना पड़े. इसी सोच के साथ इस बार मतदान करने बिहार आया हूं. उम्मीद है कि अच्छी और स्वच्छ सरकार बने, जो सबके बारे में सोचे. चुनाव जो महापर्व हो रहा है. हमारा अधिकार है मतदान करना, सही सरकार का चुनाव करना ताकि हमारा जो राज्य है, वो प्रगति की तरफ बढ़ें. मुझे इस धरती से प्रेम है, क्योंकि ये मेरी मातृभूमि है. मैं चाह रहा हूं जैसे विदेश में प्रगति हो रही है, वही मेरे राज्य में हो. बहुत से लोग जो घर छोड़कर जाते हैं, उनके लिए ऐसी व्यवस्था हो ताकि वह यहीं पर काम कर सके. कानून-व्यवस्था में अभी भी बहुत सुधार की जरूरत है.- डॉ. अमित, प्रवासी भारतीय।

**पलायन का दर्द:** उन्होंने बताया कि अपने वतन और अपनी माटी से दूर रहने की पीड़ा तो होती ही है. वे कहते हैं कि भले ही सात समंदर पार रहता हूं लेकिन दिलो-दिमाग में यहां की याद हमेशा रहती है। वोट हमारा अधिकार है। सभी लोगों को वोट करना चाहिए ताकि बिहार में अच्छी सरकार का गठन हो. बिहार में ही रोजगार के अवसर मिले युवाओं को पलायन न करना पड़े।

## सब्जी मार्केट में धडल्ले से बिक रहा नकली पनीर,धीमी मौत का असर

**सहरसाः** शहर के सब्जी मार्केट में नकली पनीर धड़ल्ले से बचा जा रहा है जिसके खाने से लिवर किडनी एवं हृदय को नुकसान पहुंच रहा है, जिसके कारण नकली पनीर धीमी जहर बनकर लोगों को मौत के घाट उतार रही है लेकिन फूड जांच एजेंसी लापरवाह बनी हुई है जिसके कारण नकली मिठाई,नकली मावा, नकली पनीर बेचने वाले कारोबारियों का हौसला बुलंद है। ज्ञात हो कि नकली पनीर 100 से डेढ़ सौ रुपए किलो तक आसानी से मिल जाती है जबकि लोकल शुद्ध पनीर बाजार में 240 रुपए बिक रही है।वहीं ब्रांडेड कंपनियों के पनीर 350 रुपए किलो बिकती है। ऐसे में सस्ते के चक्कर में ग्राहक नकली पनीर खाकर अपनी सेहत बिगड़ रहे हैं। डॉ मुरारी कुमार सिंह ने बताया कि आजकल विभिन्न प्रकार के रासायनिक एवं डिटर्जेंट पाउडर से नकली दूध खोवा एवं पनीर तैयार किया जाता है।

## बढ़े मतदान प्रतिशत ने एनडीए सरकार की उल्टी गिनती शुरू कीः राजेश राठौड़

**नवप्रदेश, पटनाः** बढ़े मतदान प्रतिशत से यह स्पष्ट है कि एनडीए सरकार के कुव्यवस्था और गुंडाराज से त्रस्त होकर बिहार के आम मतदाता भारी आक्रोश में बड़ी संख्या में बूथों पर पहुंचकर मतदान किए हैं और वर्तमान भाजपा नीतीश की सरकार को उखाड़ फेंकने का जनादेश दिया है। इस बढ़े मतदान प्रतिशत ने इंडिया महागठबंधन की सरकार बनने का रास्ता साफ कर दिया है। ये बातें बिहार प्रदेश कांग्रेस के मीडिया एवं पब्लिसिटी विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने कही। बिहार कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता राजेश राठौड़ ने कहा कि वर्तमान एनडीए सरकार से राज्य की जनता त्रस्त है, जहां क्राइम, करप्शन, कमीशन की सरकार को उखाड़ फेंकने का आम मतदाताओं ने संकल्प लिया था उसको पूरा करते हुए उन्होंने मतदान किया है। बिहार बेहतर विकल्प की तलाश में था और इंडिया महागठबंधन ने उन्हें यह विकल्प दिया इसलिए मतदाताओं ने हमारे चुनावी घोषणा पत्र को स्वीकार किया और हमारे पक्ष में मतदान किया है। साथ ही कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता राजेश राठौड़ ने कहा कि महिला, युवा, किसान, मजदूर और पलायन का दंश झेल रहें आम बिहारी मतदाताओं ने ट्रबल इंजन की एनडीए सरकार को उखाड़ फेंकने का जनादेश ईवीएम में बंद कर दिया है। अमूमन देखा गया है कि जब भी भारी मतदान होती है तो वर्तमान सत्ता के खिलाफ जनमत होता है। उन्होंने कहा कि प्रथम चरण में इंडिया महागठबंधन को अपार जन समर्थन मिला था और दूसरे चरण में भी हमें ऐसी उम्मीद थी जो आज के मतदान ने साबित किया। वोट चोरी करने वाली भाजपा सरकार जिसने पूंजीपतियों का केवल ख्याल रखा है।

## कांग्रेस और भाजपा समर्थकों में भिड़ंत,कांग्रेस समर्थकों ने भाजपा प्रत्याशी को खदेड़ा

**नवप्रदेश, अररियाः** फारबिसगंज कॉलेज चौक के पास कांग्रेस और भाजपा समर्थकों में आपस में भिड़ंत हो गई। भाजपा प्रत्याशी के गाड़ी में लगे झंडे पर कांग्रेस के कार्यकताओं और समर्थकों ने आपत्ति व्यक्त की। जिस पर भाजपा प्रत्याशी ने भी कांग्रेस प्रत्याशी के गाड़ी पर लगे झंडे पर आपत्ति व्यक्त की। इसी बात को लेकर सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता प्रत्याशी मनोज विश्वास और किरकिचिया पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि कफिल अंसारी के नेतृत्व में जमा हो गए और दोनों ओर से तू-तू मैं-मैं होने लगा। भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशी अपना अपना मत गिराकर मतदान केंद्रों पर चल रहे मतदान का जायजा लेने के लिए निकले थे और इसी दौरान दोनों प्रत्याशी कॉलेज चौक के पास आमने सामने हो गए और फिर समर्थकों का जमावड़ा होने लगा।

दोनों प्रत्याशियों के समर्थकों के बीच भिड़ंत के दौरान ही मौके पर फारबिसगंज अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मुकेश कुमार साहा पुलिस बलों के साथ मौके पर पहुंचे और मामले को शांत कराया।

# बारिश से बड़हरा में हजारों एकड़ धान की फसल बर्बाद, खेतों में फूटे अंकुर किसानों की मेहनत पर फिरा पानी

**बड़हरा (भोजपुर):** हाल में हुई लगातार बारिश ने बड़हरा प्रखंड के किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। क्षेत्र के हजारों एकड़ में खड़ी पकी हुई धान की फसल अब खेतों में गिरकर अंकुरित होने लगी है। वहीं, बारिश के बाद बोई गई मटर और छेमी की फसल भी अंकुरण से पहले ही मिट्टी में सड़ चुकी है। इससे किसानों के सामने दोहरी मार खड़ी हो गई है।

धान की कटनी की तैयारी में जुटे किसानों का कहना है कि इस बार की उपज से लागत निकलना भी मुश्किल हो गया है। खेतों में जब किसान पहुंचे, तो देखा कि कटनी से पहले ही गिरी फसल में नई पौध निकल आई है। यह दृश्य देख कई किसान खेत में ही सिर पर हाथ रखकर रो पड़े।

ग्रामीण किसान सुमंत हर्षवर्धन, जयप्रकाश सिंह, दिलीप सिंह, राजकुमार राय, दिग्विजय शर्मा, पंकज सिंह, बिट्टू कुमार सिंह, जैनेंद्र सिंह और नंदजी सिंह ने बताया –

हम लोगों का धान पूरी तरह से खराब हो गया है। खेत में पड़े धान से अंकुर निकल चुका है, जिससे अब यह बेचने योग्य नहीं रह गया। अब तो मुआवजे की ही उम्मीद है। धान की बबार्दी के साथ ही बारिश ने रबी फसलों पर भी कहर ढा दिया है। किसानों ने बताया कि जिन खेतों में मटर और छेमी की बुवाई की गई थी, वहां बीज अंकुरित ही नहीं हो पाए। मिट्टी में नमी अधिक होने से बीज गल गए। एक तरफ धान की फसल में अंकुरण से नुकसान, तो दूसरी ओर मटर-छेमी की बुवाई बेकार – ऐसे में किसानों की हालत बद से बदतर हो गई है। किसानों का कहना है कि पूंजी और परिश्रम दोनों डूब गए।

किसानों ने आरोप लगाया है कि इस गंभीर स्थिति के बावजूद कृषि विभाग की कोई सक्रियता नहीं दिख रही है। न तो फसल क्षति का सर्वे हुआ है, न ही क्षेत्र का निरीक्षण।

किसानों ने मांग की है कि कृषि पदाधिकारी तत्काल बड़हरा क्षेत्र का दौरा करें और नुकसान का आकलन कर प्रभावित किसानों को मुआवजा दिलवाएं। ग्रामीणों का कहना है कि बिहार विधानसभा चुनाव के कारण प्रशासन और जनप्रतिनिधियों का ध्यान किसानों की समस्याओं से हट गया है। अन्य जिलों में सर्वे रिपोर्ट सरकार तक पहुंच गई है, लेकिन भोजपुर जिले के बड़हरा प्रखंड में अब तक कोई पहल नहीं हुई।

किसानों को आशंका है कि यदि विभाग और जनप्रतिनिधियों ने समय रहते कदम नहीं उठाया, तो उन्हें मुआवजे से भी वंचित रहना पड़ सकता है। हाल की बारिश ने किसानों की कमर तोड़ दी है – एक ओर तैयार धान की फसल अंकुरण से चौपट हो गई, वहीं रबी सीजन की शुरूआत में बोई गई मटर-छेमी की फसल मिट्टी में ही सड़ गई।

# भैंस पर बैठ वोट देने पहुंचा वोटर, बिहार चुनाव के दूसरे चरण में EVM खराब होने की भी शिकायत

**नवप्रदेश, पटनाः** बिहार में दूसरे चरण के मतदान में भी वोटरों का जोश हाई दिख रहा है। सुबह नौ बजे तक 14.55 फीसदी वोटिंग हुई है। आज 20 जिलों की 122 सीटों पर वोटिंग हो रही है और वोटिंग की कई अलग-अलग तस्वीरें सामने आई हैं। दूसरे चरण की वोटिंग के शुरूआत में कहीं-कहीं से ईवीएम मशीन में खराबी आने की खबरें सामने आईं तो भैंस पर बैठकर वोट डालने के लिए जाने वाले वोटर की भी तस्वीर सामने आई। बोधगया विधानसभा के फतेहपुर मध्य विद्यालय बूथ संख्या-260 पर भैंस पर एक मतदाता वोट डालने के लिए पहुंचा। भैंस पर बैठे वोटर को देख वहां वोट डालने आए दूसरे लोग थोड़े हैरान भी रहे।गयाजी जिले में फतेहपुर के बूथ संख्या-227 पर ईवीएम में गड़बड़ी के कारण डेढ़ घंटा तक मतदान रुका रहा। इसी तरह इमामगंज विधानसभा के बूथ संख्या- 87 पर ईवीएम मशीन में आई तकनीकि खराबी के कारण मतदान में समस्या आई। कटिहार जिले में मिचाईबारी स्थित इंदिरा गांधी पुस्तकालय में मतदान केंद्र संख्या 95 और 96 पर मतदाता सुबह 6:15 बजे ही पहुंच गए थे। कटिहार स्टेशन पर बुधवार को मतदान के दिन बड़ी संख्या में बाहर से लौटे मतदाताओं की भीड़ देखी गई। दिल्ली, हरियाणा और पंजाब जैसे राज्यों में काम करने वाले मतदाता मतदान के दिन विशेष रूप से ट्रेन पकड़कर अपने गृह जिले पहुंचे।कटिहार के ही मिर्चाईबारी स्थित पिंक मतदान केंद्र संख्या 94 पर आंख से दिव्यांग जमाल हुसैन ने पहुंचकर मतदान किया। उन्होंने कहा कि हम देख नहीं पाते हैं तो क्या हुआ, विकास की आस में मतदान करने आए हैं। हम चाहते हैं कि समाज का विकास हो और दिव्यांगों के हित में भी सरकार उचित कदम उठाए। इसी तरह किशनगंज के बालिका उच्च विद्यालय डुमरिया वार्ड नंबर-30 बूथ संख्या-325 पर मतदाताओं की लंबी कतार नजर आई। यहां 90 वर्षीय शांति देवी अपने मत का प्रयोग करने के लिए ठाकुरगंज बूथ संख्या 301 उच्च विद्यालय ठाकुरगंज पहुंचीं।बांका जिले में दिव्यांग व्हीलचेयर पर बैठ कर वोटिंग करने के लिए बूथ पर जाते नजर आए। सासाराम जिले में अकोढ़ीगोला के बूथ संख्या 70 को छोडकर सभी मतदान केन्द्र पर ससमय पर मतदान शुरू हुआ। बूथ संख्या 70 पर ईवीएम मशीन में खराबी आने से लगभग आधा घंटा विलंब से मतदान शुरू हुआ। इधर पूर्वी कोसी तटबंध के अंदर प्राथमिक विद्यालय बहुअरवा मतदान केंद्र संख्या-83 पर मतदाता मतदान करने के लिए नाव से आए।पूर्णिया के धमदाहा में सुबह-सुबह मतदान के लिए महिलाओं की भीड़ मतदान केंद्र पर नजर आई। नवादा जिले में वोटिंग के लिए युवाओं में काफी उत्साह नजर आया है।

## एक वोट से बदल सकती है तकदीरः सूर्यपुरा के मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर किया मतदान

**नवप्रदेश, सूर्यपुराः** केहू के एक वोट से किस्मत सवर जाई त हमार वोंट देवे के जेवन अधिकार मिलल बा उ अधिकार के साथ हम वोट काहे ना देब। हमार भगवान पैर से जिन्दगी खराब कर देले बाडन बाकी हम आपन वोट बेकार ना जाए देब सर जी। ऐही एक वोट से केहु अच्छा विधायक बन जाई। प्रखंड क्षेत्र के सूर्यपूरा निवासी 31 वर्षीय युवक सोना कुमार, कन्या प्राथमिक विद्यालय सूर्यपूरा मतदान केंद्र संख्या 324 पर अपना मत दिया। मेरे एक वोट से अगर क्षेत्र की तस्वीर बदलने वाली है तो ऐसा मौका मै अपने हाथ से कैसे जाने दू। वही मध्य विद्यालय सूर्यपूरा पर मतदान केंद्र संख्या 326 पर मतदान देकर लौटते शशिरंजन एंव हरेंद्र ने कहा की लोगतंत्र में मत हमारा अधिकार है और हम अपने अधिकार को खोना नहीं चाहतें।सोना कुमार,शशिरंजन एंव हरेंद्र के इस उत्साह से दुसरे मतदाताओं में भी जागरूकता बढी।

## बगहा विधानसभा क्षेत्र में शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ मतदान, पुलिस प्रशासन रहा मुस्तैद



**नवप्रदेश, बगहाः** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन-2025 के दूसरे चरण के तहत मंगलवार को बगहा विधानसभा क्षेत्र के सभी बूथों पर शांतिपूर्ण ढंग से मतदान संपन्न हुआ। मतदान को लेकर क्षेत्र में सुबह से ही मतदाताओं में उत्साह देखा गया। ग्रामीण इलाकों से लेकर शहरी बूथों तक मतदाता कतारबद्ध होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करते नजर आए।चौतरवा थाना क्षेत्र के रतवल, भठहिया, लक्ष्मीपुर, पतिलार, चंदरपुर बकवा, भिड़ारी, चौतरवा, परसौनी और इंग्लिशिया समेत अन्य कई पंचायतों के मतदान केंद्रों पर पुलिस बल के साथ सेक्टर और जोनल मजिस्ट्रेट लगातार गश्त करते रहे। पूरे क्षेत्र में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। हर बूथ पर पुलिस अधिकारी और जवान पूरी मुस्तैदी के साथ तैनात रहे ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना न घटे।रतवल के मजिस्ट्रेट ने बताया कि मतदान पूरी तरह शांतिपूर्ण रहा और किसी भी बूथ से किसी तरह की गड़बड़ी या शिकायत प्राप्त नहीं हुई। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा पूर्व से ही संवेदनशील और अतिसंवेदनशील बूथों पर विशेष निगरानी रखी गई थी। ड्रोन कैमरे से भी कुछ इलाकों में निगरानी की गई, जिससे मतदान प्रक्रिया निष्पक्ष और भयमुक्त बनी रही।महिलाओं और बुजुर्गों में मतदान को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। कई जगहों पर महिलाएं अपने छोटे बच्चों को साथ लेकर मतदान केंद्र पहुंचीं। वहीं युवाओं ने पहली बार वोट डालकर लोकतंत्र के इस पर्व में अपनी भागीदारी पर खुशी जताई।बगहा अनुमंडल अधिकारी ने बताया कि मतदान प्रतिशत संतोषजनक रहा और शाम तक बड़ी संख्या में लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने सभी मतदाताओं, प्रशासनिक अधिकारियों और सुरक्षा बलों को शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित कराने के लिए धन्यवाद दिया।कुल मिलाकर, बगहा विधानसभा क्षेत्र में दूसरा चरण का मतदान प्रशासन की सख्त चौकसी और मतदाताओं के सहयोग से पूर्णतः शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष माहौल में संपन्न हुआ।

# दिल्ली विस्फोट के दोषियों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा : राजनाथ

**देश की प्रमुख एजेंसियां कर रही गहन जांच, जल्द ही नतीजे सार्वजनिक किए जाएंगे**




**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दिल्ली विस्फोट के बाद देश को दृढ़ता से आश्वस्त किया कि इस दुखद घटना के जिम्मेदारों को न्याय के कटघरे में लाया जाएगा और उन्हें किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने इस घटना में जान गंवाने वाले सभी लोगों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हुए नागरिकों को आश्वस्त किया कि देश की प्रमुख जांच एजेंसियां इस घटना की त्वरित और गहन जांच कर रही हैं। जांच के निष्कर्ष जल्द ही सार्वजनिक किए जाएंगे।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मंगलवार को नई दिल्ली में मनोहर पर्रिकर रक्षा अध्ययन एवं विश्लेषण संस्थान (एमपी-आईडीएसए) की ओर से आयोजित दिल्ली रक्षा संवाद में उद्घाटन भाषण दे रहे थे। इस संवाद का विषय 'रक्षा क्षमता विकास के लिए नए युग की प्रौद्योगिकी का उपयोग' था। उन्होंने भारत को उपभोक्ता से प्रौद्योगिकी निमार्ता के रूप में स्थापित करने के लिए न केवल नए नवाचारों को अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया, बल्कि ऐसी प्रणालियां और पारिस्थितिकी तंत्र बनाने का आह्वान किया, जो आत्मनिर्भर बना सकें। राजनाथ सिंह ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), मशीन लर्निंग, क्वांटम कंप्यूटिंग और स्वार्म टेक जैसी क्रांतिकारी तकनीकों को आत्मसात करने और उनके अनुकूल ढलने पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि उन्नति की असली परीक्षा इस बात में निहित है कि उपकरण कैसे काम करते हैं। उन्होंने कहा कि तकनीक की शक्ति केवल उपकरणों या एल्गोरिदम तक सीमित नहीं है, बल्कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा में योगदान देने वाली हर प्रक्रिया, प्रणाली और निर्णय को पुनर्परिभाषित करती है। तकनीक का उपयोग केवल नए उपकरण जोड़ने के बारे में नहीं है, बल्कि यह हमारे संस्थानों को अधिक चुस्त, पूवार्नुमानित और अनुकूलनशील बनाने और एक ऐसी रक्षा संरचना बनाने के बारे में है, जो निरंतर सिखाती है, तुरंत प्रतिक्रिया देती है और परिवर्तन की गति के साथ निरंतर विकसित होती है। रक्षा मंत्री ने जोर देकर कहा कि तेज गति वाले डेटा लिंक, एआई-संचालित एल्गोरिदम, क्वांटम कंप्यूटिंग और स्वायत्त प्रणालियां त्वरित आंतरिक प्रक्रियाओं और उन्हें प्रभावी ढंग से आत्मसात करने और लागू करने की मजबूत मानवीय एवं संस्थागत क्षमता के बिना कम हासिल कर पाएंगी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि रक्षा तैयारियां काफी हद तक अदृश्य तकनीकों पर निर्भर करती हैं, जिनमें सुरक्षित डेटा आर्किटेक्चर, एन्क्रिप्टेड नेटवर्क, स्वचालित रखरखाव प्रणालियां और इंटर ऑपरेबल डेटाबेस शामिल हैं। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी नेतृत्व किसी विशिष्ट प्रतिभा से नहीं उभरता, बल्कि एक ऐसे राष्ट्रीय पारिस्थितिकी तंत्र से विकसित होता है। भारत को प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अग्रणी बनाने के सरकार के प्रयासों पर प्रकाश डालते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि आज रक्षा औद्योगिक आधार नए आत्मविश्वास और स्पष्टता के साथ विस्तार कर रहा है। डीआरडीओ सशस्त्र बलों, उद्योग और शिक्षा जगत के बीच तालमेल से अनुसंधान, परीक्षण, क्षेत्रीय प्रतिक्रिया और नवाचार का एक सकारात्मक चक्र बन रहा है। रक्षा मंत्री ने सशस्त्र बलों से न केवल उपकरणों से संबंधित तकनीक में, बल्कि प्रशिक्षण, रसद, योजना और प्रबंधन प्रणालियों से संबंधित क्षेत्रों में भी सर्वोत्तम वैश्विक प्रथाओं की तलाश में रहने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि सर्वोत्तम उपकरणों का आयात करने की तुलना में सर्वोत्तम प्रथाओं का आयात करना कहीं बेहतर है।

## यूपी एटीएस ने आतंकी डा. आदिल के दो करीबियों को सहारनपुर से उठाया

**लखनऊ/सहारनपुर।** दिल्ली में सोमवार देरशाम को लाल किले के पास हुए विस्फोट और फरीदाबाद से पिछले दिनों भारी मात्रा में विस्फोटक मिलने के बाद यूपी एटीएस पूरी तरह से सतर्क है। मंगलवार को यूपी एटीएस टीम ने शाहीन के घर पहुंचकर परिवार से कई घंटों तक पूछताछ की। यूपी एटरएस ने आतंकी डॉ आदिल के दो करीबियों को सहारनपुर से उठाया है। उनसेपूछताछ की जा रही है। जम्मू कश्मीर पुलिस ने आतंकी डॉ मुजम्मिल की गर्लफ्रेंड लखनऊ निवासी डॉक्टर शाहीन को फरीदाबाद से गिरफ्तार किया था। वह लखनऊ के लालबाग की रहने वाली है। उसके बारे में अहम जानकारी हासिल करने के लिए मंगलवार को यूपी एटीएस टीम ने शाहीन के लखनऊ के घर पहुंचकर परिवार से कई घंटों तक पूछताछ की। एटीएस के साथ लखनऊ पुलिस भी मौजूद थी। शाहीन के पिता का कहना है कि डेढ़ दो साल से वह घर नहीं आयी है और न ही उसकी घर वालों से बातचीत हुई है। अब उसका नाम आतंकी गतिविधियों शामिल होना पाया जा रहा है। मैं तो यही कहना है कि मामले की सही जांच की जाए। इसके अलावा यूपी एटीएस और जम्मू-कश्मीर पुलिस की टीम ने लखनऊ के अलावा वेस्?ट यूपी के सहारनपुर व शामली में घंटों छापेमारी की। लखनऊ के मड़ियांव में डॉ. परवेज अहमद अंसारी के घर छापा मारा, लेकिन वो नहीं मिला। इसके बाद एटीएस ने सहारनपुर में भी उसके किराए के घर पर छापा मारकर दस्तावेज खंगाले। यूपी एटीएस ने यहां से आतंकी डॉ. आदिल अहमद के करीबी दो लोगों को उठाया है। डॉ. आदिल अहमद राठर जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग का रहने वाला है। वह सहारनपुर के अंबाला रोड स्थित प्राइवेट अस्पताल फेमस हॉस्पिटल में मेडिसिन विशेषज्ञ के रूप में तैनात था। कुछ दिन पहले श्रीनगर के कई इलाकों में जैश-ए-मोहम्मद के पोस्टर लगाए गए थे, जिनमें आतंकी संगठन के समर्थन में बातें लिखी थीं। घटना के बाद श्रीनगर में तनाव फैल गया था। पुलिस ने 28 अक्टूबर को मामले में केस दर्ज किया था। जांच के दौरान पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिनमें डॉ. आदिल पोस्टर लगाते हुए नजर आया था। इसके बाद जम्मू कश्मीर पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया था।

## मप्र के भोपाल में 14 से 17 नवंबर तक होगा आलमी तब्लीगी इज्तिमा का आयोजन

**– जोर-शोर से तैयारियां जारी, बुधवार से जमातों का आगमन हो जाएगा प्रारंभ**

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में करोद इलाके के ईंटखेड़ी मैदान में दुनिया के सबसे बड़े सालाना मजहबी आयोजनों में से एक आलमी तब्लीगी इज्तिमा का आयोजन 14 से 17 नवंबर तक किया जा रहा है। इस चार दिवसीय आयोजन की तैयारियां जोर-शोर से जारी हैं। इसके लिए बुधवार, 12 नवंबर से देश-दुनिया भर से जमातों का आना शुरू हो जाएगा। तीन दिन तक देश-विदेश से लाखों जमाती सड़क मार्ग व अन्य साधनों से आएंगे। इस बार भोपाल जंक्शन पर करीब 12 लाख जमातियों के पहुंचने की उम्मीद है। इसे देखते हुए रेलवे ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी है, जिसमें 150 आरपीएफ जवान, मोबाइल यूटीएस और कुछ ट्रेनों में सामान्य कोच की संख्या बढ़ाएगी जाएगी।

इज्तिमा कमेटी के सदस्यों ने बताया कि बुधवार से देश के अलग-अलग हिस्सों से जमातें भोपाल पहुंचना शुरू करेंगी। सबसे ज्यादा भीड़ शुक्रवार से रविवार के बीच रहने की संभावना है, जिसके लिए रेलवे और प्रशासन ने संयुक्त रूप से व्यवस्था मजबूत की है। इज्तिमा स्थल पर इस समय 120 एकड़ में विशाल पंडाल आकार ले रहा है। हजारों वॉलंटियर्स पंडाल, खानपान, जलापूर्ति और प्रकाश व्यवस्था में जुटे हुए हैं। तैयारियों का 95 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। सामूहिक दुआ के साथ 17 नवंबर को इज्तिमा का समापन होगा। इस बार करीब 12 लाख से अधिक जायरीनों के आने की उम्मीद है। इज्तिमा कमेटी के मीडिया प्रभारी डॉ. उमर हफीज ने बताया कि पिछले वर्ष की तुलना में इस बार तैयारियों में 20 फीसदी की वृद्धि की गई है। पार्किंग एरिया को बढ़ाकर 350 एकड़ तक किया गया है। पिछले साल जहां 66 पार्किंग जोन थे, वहीं इस बार 71 पार्किंग जोन बनाए जा रहे हैं। पंडाल का क्षेत्रफल भी 100 एकड़ से बढ़ाकर 120 एकड़ कर दिया गया है। सर्विस एरिया, वॉटर क्लोज, फूड जोन और एवोल्यूशन सेंटर मिलाकर लगभग 200 एकड़ में व्यवस्थाएं की गई हैं। वहीं भोपाल रेलवे स्टेशन के सभी प्लेटफॉर्म से लेकर नादरा बस स्टैंड परिसर तक 850 पुलिसकर्मी, जिनमें आरपीएफ, जीआरपी और थाना पुलिस के साथ डायल-112 के जवान लगातार तैनात रहेंगे। इनकी ड्यूटी भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा और ट्रैफिक नियंत्रण के लिए लगाई गई है। डॉ. हफीज ने बताया कि इज्तिमा स्थल की व्यवस्था 30 हजार प्रशिक्षित और अनुभवी लोगों के हाथों में होगी। इनमें 25 हजार वॉलंटियर्स इज्तिमा कमेटी के हैं, जबकि 5 हजार अमला नगर निगम, प्रशासन और पुलिस बल से जुड़ा है। ये टीमें सफाई, सुरक्षा, ट्रैफिक और पंडाल व्यवस्था को संभालेंगी। वहीं दमकल टीम चौबीसों घंटे इज्तिमा स्थल पर रहेगी। फायर फाइटर वाहनों को अलग-अलग बिंदुओं पर भी तैनात किया जा रहा है। रेलवे स्टेशन पर करीब 500 वॉलंटियर प्रति शिफ्ट तैनात रहेंगे।

## केंद्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह ने सऊदी अरब के संस्कृति मंत्री के साथ किया ऐतिहासिक एमओयू साइन

**जोधपुर।** भारत और सऊदी अरब के बीच सांस्कृतिक रिश्तों में एक नया अध्याय जुड़ गया है। केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत और सऊदी अरब के संस्कृति मंत्री प्रिंस बद्र बिन अब्दुल्ला बिन फरहान अल सऊद ने रियाद में सांस्कृतिक सहयोग पर एक ऐतिहासिक द्विपक्षीय समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।

शेखावत ने कहा कि यह एमओयू दोनों देशों के बीच कला, संगीत, साहित्य, विरासत और सांस्कृतिक संरक्षण जैसे क्षेत्रों में सहयोग को नई दिशा देगा। इस समझौते के तहत दोनों देशों के सांस्कृतिक संस्थानों के बीच संवाद बढ़ाने, सांस्कृतिक उत्सवों और आयोजनों में भागीदारी को आसान बनाने और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण से जुड़े अनुभवों के आदान-प्रदान को प्रोत्साहन दिया जाएगा।

हस्ताक्षर समारोह से पहले हुई द्विपक्षीय बैठक में दोनों देशों के संस्कृति मंत्रियों ने सांस्कृतिक क्षेत्र में संयुक्त सहयोगात्मक गतिविधियों को बढ़ावा देने के अपने संकल्प को दोहराया। केंद्रीय मंत्री शेखावत ने कहा कि भारत और सऊदी अरब के बीच सांस्कृतिक रिश्ते सदियों पुराने हैं। यह एमओयू न केवल हमारी साझी विरासत को सशक्त करेगा, बल्कि भविष्य की सांस्कृतिक साझेदारी के लिए एक मजबूत आधार तैयार करेगा।

केंद्रीय मंत्री शेखावत ने कहा कि यह समझौता भारत-सऊदी अरब स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप काउंसिल (एसपीसी) के तहत टूरिज्म और सांस्कृतिक सहयोग की नई गठित मंत्री स्तरीय समिति की पहली बड़ी उपलब्धि है। इस समिति की घोषणा प्रधानमंत्री नरे-?द्र मोदी के अप्रैल 2025 में जेद्दाह के राजकीय दौरे के दौरान की गई थी। केंद्रीय मंत्री शेखावत और प्रिंस बद्र इस समिति के को-चेयर हैं और रियाद में हुई यह बैठक समिति के गठन के बाद उनकी पहली द्विपक्षीय मुलाकात थी। भारत और सऊदी अरब ने लंबे समय से चले आ रहे ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक रिश्तों को नई ऊर्जा देने की दिशा में यह बड़ा कदम उठाया है। दोनों नेताओं ने इस बात पर सहमति जताई कि यह एमओयू दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक संबंधों की रफ्तार को और तेज करेगा और जन-से-जन जुड़ाव को मजबूत बनाएगा।

## जेल से रिहा हुए पश्चिम बंगाल के पूर्व मंत्री पार्थ चट्टोपाध्याय, तीन साल बाद लौटे घर

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के पूर्व मंत्री पार्थ चट्टोपाध्याय को सोमवार को अदालत से मिली जमानत के बाद मंगलवार दोपहर को रिहा कर दिया गया। तीन साल, तीन महीने और 19 दिन जेल में रहने के बाद वे आखिरकार अपने नाकतला स्थित घर लौटे। दोपहर करीब 2:20 बजे वे बाइपास के पास स्थित अस्पताल से व्हीलचेयर पर बाहर निकले। जैसे ही वे अस्पताल के मुख्य द्वार पर आए, पहले से मौजूद समर्थकों ने ह्यपार्थ दा जिंदाबादह्व के नारे लगाए। इस दृश्य को देखकर भावुक हुए पार्थ चट्टोपाध्याय की आंखें नम हो गईं, लेकिन उन्होंने मीडिया के किसी भी सवाल का जवाब नहीं दिया। केवल सिर हिलाकर उन्होंने संकेत दिया कि वे कोई टिप्पणी नहीं करना चाहते। पार्थ उस समय नीले रंग की फूलदार सफेद कुर्ता-पायजामा और नीले मास्क में नजर आए। पहले से इंतजार कर रही गाड़ी में बैठकर वे अपने नाकतला स्थित घर के लिए रवाना हुए। इस दौरान बड़ी संख्या में उनके समर्थक बाइक पर उनके काफिले के साथ चल पड़े। रास्ते में पार्थ को कार के अंदर से हाथ जोड़कर अभिवादन करते हुए देखा गया। पार्थ को अस्पताल से लेने के लिए सुबह से ही उनके समर्थक वहां जुटे थे। जैसे ही उनकी गाड़ी अस्पताल से निकली, समर्थकों का काफिला जयकारे लगाते हुए उनके घर तक पहुंचा। शिक्षक नियुक्ति घोटाले (एसएससी भर्ती मामला) में पार्थ चट्टोपाध्याय को 23 जुलाई 2022 को कोलकाता के नाकतला स्थित उनके घर से गिरफ्तार किया गया था।

## भारत पर लगाए गए आयात शुल्क ज्यादा है, ये कम किए जाएंगे : ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को यह माना कि भारत के खिलाफ लगाए गए आयात शुल्क काफी अधिक हैं और कहा कि दोनों देशों के बीच व्यापार समझौता होने वाला है और इसी के साथ भारत पर लगाये गये आयात शुल्क में कटौती की जाएगी।

ट्रंप ने यहां ओवल हाउस में भारत में नियुक्त अमेरिका के नए राजदूत सर्जियो गोर के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान यह घोषणा की।उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि वर्तमान समय में भारत के रूस से तेल खरीदने के कारण उसपर लगाए गए शुल्क काफी ज्यादा है। ट्रंप ने कहा, उन्होंने अब यह तेल खरीदी बंद कर दी है और इसमें काफी कटौती हुई है। अब हम आयात शुल्क को कम करने जा रहे हैं। ये शुल्क रूस से तेल खरीदने के कारण लगाए गए थे। किसी 'सही समय' पर भारत पर लगाए गए आयात शुल्कों में कमी की जाएगी।

गौरतलब है कि ट्रंप प्रशासन ने यूक्रेन युद्ध के कारण भारत द्वारा रूस से तेल खरीदे जाने पर उसके खिलाफ पचास प्रतिशत आयात शुल्क लगा दिए थे। यह किसी भी देश के खिलाफ लगाए गए सबसे ज्यादा शुल्क थे। उनका आरोप था कि इससे रूस को यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में मदद मिलती है।

बीच ट्रंप ने संभावित भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के बारे में कहा, हम इस बारे में समझौता करेंगे। यह पहले किए गए समझौतों से बिल्कुल अलग होगा।

इस दौरान पहली बार अमेरिकी राष्ट्रपति ने स्वीकार किया कि रूसी तेल के कारण भारत पर लगाए गए प्रतिबंधों की बाबत वह वहां बेहद अलोकप्रिय हो गए हैं और भारतीय उन्हें 'संशकित' नजरों से देखते हैं। उन्होंने कहा, इस समय वे मुझे पंसद नहीं करते पर वे जल्द हमें दोबारा पंसद करने लगेंगे। हम एक 'निष्पक्ष समझौतें' की ओर बढ़ रहे हैं जो उचित व्यापार समझौता होगा। पहले हमारे समझौते काफी अनुचित होते थे। अमेरिकी राष्ट्रपति ने भारतीय लोगों की यह कहते हुए तारीफ भी की कि वे बेहद अच्छे 'वातार्कार' हैं। उन्होंने कहा, हम जल्द ही ऐसा व्यापार समझौता करने वाले हैं जो दोनों देशो के हित में होगा। इस बीच ट्रंप के खासमखास समझे जाने वाले गोर को व्हाईट हाउस में आयाजित एक समारोह में भारत के राजदूत के तौर पर शपथ दिलाई गई। उन्हें बधाई देते हुए भी ट्रंप भारत की प्रशंसा करने से नहीं चूके। उन्होंने भारत को दुनिया के प्राचीनतम सभ्यताओं में से एक और दुनिया का बड़ा देश कहा। ट्रंप ने भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भी भूरि भूरि प्रशंसा की और कहा कि मोदी के साथ उनके बेहद अच्छे संबध हैं। उन्होंने आशा जताई की भारत में नए अमेरिकी राजदूत का ध्यान इन संबधों को रणनीतिक, आर्थिक और सुरक्षा पैमानों पर और आगे ले जाने पर ही होगा। उन्होंने संकेत दिया कि गोर पहले ही भारतीय प्रधानमंत्री के साथ दोस्ताना संबध बना चुके हैं। ट्रंप ने कहा, मै जानता हूं कि आप वहां काफी सफल होंगे। यह बहुत ही महत्वपूर्ण संबध है। भारत में मध्यमवर्ग तेजी से बढ़ रहा है। यह हिन्द-प्रशांत क्षेत्र में एक बेहद खास अर्थव्यवस्था और महत्वपूर्ण रणनीतिक साझीदार है। यह एक अदभुत देश है। गोर को उनकी भूमिका के बारे में 'इशारा' करते हुए उन्होंने कहा एक राजदूत के तौर पर गोर हमारें सबंधो को पुख्ता करने के साथ प्रमुख अमेरिकी उद्योगों और तकनीकी क्षेत्रों में निवेश बढ़ाने और अमेरीकी ऊर्जा निर्यात के साथ सुरक्षा सहयोग का विस्तार करने का प्रयास करेंगे। हालांकि उन्होंने कहा कि कुछ लोग गोर को पसंद नहीं करते हैं। उन्होंने कहा, जिन्हें वे पंसद नहीं हैं उन्हें वे पंसद नहीं ही हैं और जिन्हें वे पंसद हैं उन्हें वे बेहद पंसद आते हैं। गोर एक राजनीतक रणनीतिकार और राजनयिक हैं जिनके पास सार्वजनिक सेवा में दशकों का अनुभव है। वह ट्रंप के अभियानों से भी जुड़े रहे हैं। शपथ ग्रहण करने बाद गोर ने ट्रंप को धन्यवाद देते हुए कहा, मै दोनों राष्ट्रों के बीच संबधों को बढ़ाने के लिए उत्सुक हूं। समारोह में उप राष्ट्रपति जे डी वेंस, विदेश मंत्री मार्को रूबियों, वित्त मंत्री स्काट बेसेंट, अमेरीकी अटार्नी जनरल टाम बोंडी, कोलंबिया जिले के अमेरीकी अटार्नी जिनिन पिरों, सीनेटर लिंडसे ग्राहम और दिवंगत धुर दक्षिणपंथी नेता चार्ली किर्क की पत्नी एरिका किर्क को भी आमंत्रित किया गया था।

## एक नजर

### नेपाल ने चीन से की कोरला नाका खोलने पर वार्ता

**काठमांडू।** नेपाल ने चीन से कोरला नाका मार्ग खोलने के संबंध में वार्ता की है। अगर चीन राजी हो जाता है तो कैलाश मानसरोवर की यात्रा करना और आसान हो सकता है। नेपाल के मुस्तांग जिले के कोरला से यात्रा मार्ग शुरू होने से धार्मिक और पर्यटन क्षेत्र को काफी लाभ हो सकता है। लोकमान्थांग और लोघेकर दामोदरकुण्ड के स्थानीय जनप्रतिनिधियों का एक दल इस प्रस्ताव को लेकर शुक्रवार को चीन के ढोंगवासेन पहुंचा। लोकमान्थांग गांवपालिका अध्यक्ष टी. गुरूंग ने बताया कि गृह मंत्रालय और आव्रजन विभाग के समन्वय में दोनों स्थानीय इकाइयों के 13 जनप्रतिनिधियों ने तिब्बती जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ वार्ता की। गुरूंग ने कहा कि कोरला नाका खुल जाने से कैलाश मानसरोवर और ल्हासा (तिब्बत) की यात्रा करना आसान हो जाएगा। चीन के बौद्ध धर्मावलंबी भी इसी मार्ग से लुम्बिनी की यात्रा कर सकेंगे। कोरला नाका से कैलाश मानसरोवर की दूरी लगभग 300 किलोमीटर और ल्हासा की दूरी लगभग 1000 किलोमिटर है। म्याग्दी उद्योग वाणिज्य संघ के अध्यक्ष सुविन श्रेष्ठ के अनुसार, कोरला नाका से होकर कैलाश मानसरोवर की यात्रा बहुत ही छोटी, सस्ती और सुविधाजनक होगी। वर्तमान में भारतीय और नेपाली तीर्थयात्री हुम्ला मार्ग से कैलाश मानसरोवर दर्शन के लिए जाते हैं। मौजूदा भारतीय मार्ग से यात्रा करने पर प्रति व्यक्ति दो लाख रुपये से अधिक खर्च करना पड़ता है। कोरला मार्ग से आवागमन शुरू होने पर यह यात्रा बहुत कम लागत में संभव हो सकेगी। कोरला नाका नवंबर 2023 से मुस्तांग वासियों से व्यापार के लिए खोला गया था। पिछले वर्ष आव्रजन कार्यालय भी स्थापित किया गया। इस वर्ष तातोपानी और रसुवा नाका बंद होने के बाद चीन और नेपाल के बीच वस्तु विनिमय अब कोरला नाका के माध्यम से हो रहा है। पोखरा और काठमांडू से हवाई तथा सड़क मार्ग से कोरला नाका तक पहुंचना आसान है।

### लेबनान ने गद्दाफी के बेटे को एक दशक की हिरासत के बाद रिहा किया

**बेरूत।** लेबनान ने लीबिया के पूर्व तानाशाह मुअम्मर गद्दाफी के सबसे छोटे बेटे हन्नीबल गद्दाफी को लगभग 10 वर्षो की हिरासत के बाद सोमवार को रिहा कर दिया। मीडिया खबरों के मुताबिक यह रिहाई 9 लाख डॉलर (लगभग 7.6 करोड़ रुपये) के जमानत भुगतान के बाद हुई, जो मूल रूप से निर्धारित 110 लाख डॉलर से काफी कम थी। 49 वर्षीय हन्नीबल गद्दाफी को दिसंबर 2015 में लेबनान पहुंचने पर गिरफ्तार कर लिया गया था। उन पर आरोप था कि उन्होंने 1978 में लेबनानी इमाम मुस्तफा अल-हज्जार के अपहरण और हत्या के बारे में जानकारी छिपाई, जो उनके पिता के शासनकाल के दौरान हुई थी। यह घटना लेबनानी आंदोलन 'अमल मिलिशिया' से जुड़ी थी, जिसे उनके पिता का समर्थन था। इस बीच लेबनानी न्यायिक स्रोतों के अनुसार, हन्नीबल की कानूनी टीम ने पिछले महीने अदालत के उस फैसले के खिलाफ अपील की थी, जिसमें उसकी रिहाई के लिए 110 लाख डॉलर की जमानत तय की गई थी। हालांकि बाद में अदालत ने जमानत राशि घटाकर नौ लाख डॉलर कर दी। इसके बाद ही हन्नीबल की रिहाई की प्रक्रिया पूरी की गई। हन्नीबल के वकील इब्राहिम बयान ने यहां मीडिया को बताया, ह्लमेरा मुवक्किल निर्दोष है और अब वह स्वतंत्र है। हम न्यायिक प्रक्रिया के अंतिम चरण में हैं। हन्नीबल गद्दाफी का परिवार लीबिया में 2011 की क्रांति के दौरान उथल-पुथल का शिकार हुआ था, जिसमें उनके पिता मुअम्मर गद्दाफी की हत्या कर दी गई थी। उनके बड़े भाई सईफ अल-इस्लाम गद्दाफी पर भी युद्ध अपराधों के आरोप हैं और वह लीबिया में हिरासत में हैं। इस बीच लेबनानी अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि हन्नीबल को देश छोड़ने की अनुमति नहीं दी गई है और उनके खिलाफ मुकदमे की सुनवाई जारी रहेगी। लीबियाई अधिकारियों से इस बाबत अभी तक कोई टिप्पणी नहीं मिली है। मुअम्मर गद्दाफी ने 1969 से 2011 तक लीबिया पर एकछत्र राज किया था।

### नेपाल में ऊर्जा और सिंचाई क्षेत्र के 16 प्रोजेक्ट 'राष्ट्रीय गौरव परियोजनाओं की सूची में शामिल

**काठमांडू।** नेपाल सरकार ने ऊर्जा और सिंचाई क्षेत्र की 16 प्रमुख परियोजनाओं को 'राष्ट्रीय गौरव परियोजना' के रूप में सूचीबद्ध किया है। ऊर्जा, जलस्रोत तथा सिंचाई मंत्रालय ने यह सूची उन परियोजनाओं की बनाई है, जो सरकार और निजी क्षेत्र के सहयोग से ऊर्जा विकास, जलविद्युत उत्पादन, प्रसारण और वितरण के क्षेत्र में कार्यान्वित होंगी। सरकार ने लंबे समय से विवादित रही कालीगण्डकी-तिनाउ बहुउद्देश्यीय परियोजना को भी इस सूची में शामिल किया है। साथ ही पहले से ही 'राष्ट्रीय गौरव के परियोजनाओं" में शामिल कुछ योजनाएं भी इस सूची में रखी गई हैं। इनमें बबई सिंचाई परियोजना, भेरीझबबई डाइवर्सन, सुनकोशीझमरिन डाइवर्सन, सिक्टा सिंचाई, और महाकाली सिंचाई परियोजना हैं। इसके अलावा रानी जमरा कुलरिया सिंचाई, नौमुरे बहुउद्देश्यीय परियोजना, कालीगण्डकीझतिनाउ बहुउद्देश्यीय परियोजना, बागमती सिंचाई, नवीनतम यांत्रिक सिंचाई परियोजना, प्रगन्न और बड्कापथ सिंचाई परियोजना को भी इस सूची में शामिल किया गया है। इसी तरह सुनसरी-मोरङ सिंचाई परियोजना, सिंचाई एवं जलस्रोत प्रबंधन परियोजना, विस्तृत दांग सिंचाई परियोजना, जलस्रोत संरक्षण परियोजना (रुपाताल और धाप बांध) तथा कणार्ली, पश्चिम राप्ती और नारायणी नदी प्रबंधन परियोजनाएं भी राष्ट्रीय गौरव परियोजना की सूची में जोड़ी गई हैं। सूची में शामिल परियोजनाओं के लिए बजट की सुनिश्चितता की जाएगी और उनके कार्यान्वयन में सरकारी सहयोग और प्राथमिकता प्रदान की जाएगी। इनमें बहुउद्देश्यीय योजनाएं, नदी मोड़ (डाइवर्सन) परियोजनाएं और सिंचाई तंत्र के आधुनिकीकरण से जुड़ी योजनाएं शामिल हैं। साथ ही इस सूची में जलस्रोत प्रबंधन, जलविद्युत उत्पादन, प्रसारण और वितरण जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों को भी समेटा गया है। ऊर्जा, जलस्रोत तथा सिंचाई मंत्रालय की सचिव सरिता दवाडी ने कहा कि यह सूची देश के विकास को नई दिशा प्रदान करेगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि सूची में शामिल परियोजनाएं ग्रामीण कृषि विकास, ऊर्जा सुरक्षा, और रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण योगदान देंगी।

### हंगेरियाई मूल के ब्रितानी लेखक डेविड स्जेले को मिला 'बुकर पुरस्कार'

**लंदन।** साहित्य जगत का विश्व प्रसिद्ध 'बुकर पुरस्कार' इस बार हंगेरियाई मूल के ब्रितानी लेखक डेविड स्जेले को उनकी पुस्तक 'फ्लेशङ्क के लिए प्रदान किया गया है। यह पुस्तक हंगरी के मजदूर वर्ग से जुड़े एक व्यक्ति की ब्रिटेन के उच्च वर्ग में शामिल होने के संघर्ष की कहानी है। 51 वर्षीय स्जेले ने ब्रिटेन के एंड्रयू मिलर और भारतीय लेखिका किरण देसाई सहित पाँच अन्य 'फाइनलिस्टों' को हराकर यह प्रतिष्ठित साहित्यिक पुरस्कार जीता। पुरस्कार विजेता को 50,000 पाउंड (66,000 डालर) की राशि मिलती है और इससे पुस्तक की बिक्री और लोकप्रियता में भी भारी वृद्धि होती है। आयरलैंड के लेखक रॉडी डॉयल और ङ्कसेक्स एंड द सिटीङ्क स्टार सारा जेसिका पार्कर सहित निर्णायक मंडल के सभी सदस्यों ने 153 उपन्यासों में से उनकी कृति को चुना डॉयल ने कहा कि फ्लेश-जीवन और जीवन की विचित्रता के बारे मेंङ्क एक ऐसी पुस्तक है जिसे पाँच घंटे की बैठक के बाद निर्णायकों की सर्वसम्मति से विजेता चुना गया। स्जेले की किताब में शांत स्वभाव वाले इस्तवान के जीवन का संक्षिप्त और अलंकृत शैली में वर्णन किया गया है, जिसमें किशोरावस्था में एक बड़ी उम्र की महिला के साथ उसके रिश्ते से लेकर ब्रिटेन में एक संघर्षशील अप्रवासी के रूप में उसके सफर का वर्णन शामिल है। स्जेलेका जन्म कनाडा में मांट्रियल में हुआ था। उनके पिता हंगरी से थे जबकि माता कनाडा से थी। वह लंदन में पले बढ़े जबकि वर्तमान समय में वह विएना में रह रहे हैं।

### नेपाल-भारत सीमा सुरक्षा बैठक में शामिल होने नेपाली प्रतिनिधिमंडल दिल्ली रवाना

**काठमांडू।** नेपाल सशस्त्र प्रहरी बल के महानिरीक्षक राजु अर्याल मंगलवार को भारत के लिए रवाना हुए, जहां वे नेपाल-भारत सीमा सुरक्षा बलों के बीच होने वाली नौवीं समन्वय बैठक में हिस्सा लेंगे। सशस्त्र प्रहरी बल के प्रवक्ता शैलेन्द्र थापा के अनुसार 12झ13 नवम्बर को यह बैठक राजधानी नई दिल्ली में सशस्त्र प्रहरी बल, नेपाल और भारत की समकक्ष संस्था सशस्त्र सीमा बल के बीच होगी। महानिरीक्षक अर्याल के साथ इस दौरे में सीमा सुरक्षा विभाग प्रमुख एपीएफ के एआईजी गणेश बहादुर ठाडा मगर, डीआईजी दिपक रेग्मी, इंटेलिजेंस विभाग के निर्देशक राम प्रसाद दास, सशस्त्र प्रहरी के एसएसपी किरण बस्नेत, गृह मन्त्रालय के उपसचिव रविन्द्र आचार्य, विदेश मन्त्रालय के उपसचिव विजयराज तन्डुकार, तथा सशस्त्र प्रहरी डीएसपी सुरज पौडेल भी रवाना हुए हैं। थापा के अनुसार इस बैठक में सीमा अपराध नियंत्रण, मादक पदार्थों की तस्करी के रोकथाम, अवैध व्यापार नियंत्रण, सूचना आदान-प्रदान तथा सीमा सुरक्षा को और अधिक मजबूत बनाने के लिए आपसी समन्वय और सहयोग जैसे विषयों पर गहन चर्चा होगी। नेपालझभारत के बीच नियमित रूप से होने वाली ये समन्वय बैठकें दोनों देशों की सीमा क्षेत्र में शांति, सुरक्षा सुदृढ़ीकरण, पारस्परिक समझ और सहयोग को मजबूत बनाने में सहायक मानी जाती हैं।

स्वत्वाधिकारी यशवंत धोटे के लिए प्रकाशक, मुद्रक मधुकर सिंह, मां तपेश्वरी मीडिया एंड पब्लिकेशन प्रा0 लिमिटेड, सिंहमोड़ कल्याणपुर हटिया, अपोजिट एडमिनिस्ट्रेटिव बिल्डिंग, द्वारा रांची से प्रकाशित कर, तपो प्रिंटर, गुटूआ मौजा, प्लॉट न.-1124/1125, कटहल मोड़, थाना-नगड़ी, दयाल पेट्रोल पंप के बगल में, रांची (झारखंड) से मुद्रित, (न्याय क्षेत्र रांची) संपादक-सचिन कुमार सिंह* (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार*) , फोन नं-0651-2910972, ईमेल - navpradeshranchi@gmail.com (RNI No. JHAHIN/2016/68458)